(ii) लेखापरीक्षा ने (सितम्बर 2021) 1,058 करदाताओं (124 वा0क0का0) में से 116 वा0क0का0 के 915 करदाताओं (जिन्होंने सारणी 5(सी) के अन्तर्गत ट्रांजिशनल क्रेडिट का दावा किया था) के अभिलेखों की नमूना जाँच की और पाया कि खण्ड 20 वा0क0 कानपुर के एक करदाता मे0 ओमेगा इन्टरनेशनल (09AEMPA0823R1Z7) ने जैसा कि अन्तिम विरासतीय विवरणी में आई0टी0सी0 अग्रेनीत दिखाया था, के अनुसार ₹ 24.37 लाख की क्रेडिट का लाभ ट्रान–1 की सारणी 5(सी) के अन्तर्गत लिया था। अग्रेतर लेखापरीक्षा ने पाया कि करदाता ने वार्षिक विवरणी में अग्रेनीत आई0टी0सी0 शून्य प्रदर्शित किया था। कर निर्धारण आदेश के अनुसार करदाता ₹ 23.19 लाख आई0टी0सी0 के लिये पात्र था, जिसमें से धनराशि ₹ 20.89 लाख करदाता को वापस कर दी गयी थी तथा शेष ₹ 2.30 लाख वैट अवधि में करदाता द्वारा देय कर के विरुद्ध समायोजित कर दी गयी थी। अतः वैट अवधि में करदाता के पास अग्रेषित करने के लिये कोई आई0टी0सी0 नहीं थी। तदनुसार ट्रान–1 के माध्यम से ₹ 24.37 लाख का लाभ लिया जाना अनियमित और वसूलनीय था। इस प्रकार क0नि0प्रा0 ने उचित तरीके से तथ्यों का परीक्षण नहीं किया जिसके परिणामस्वरूप ₹ 24.37 लाख की अधिक आई0टी0सी0 का दावा हुआ।

लेखापरीक्षा ने मामले को विभाग को प्रतिवेदित किया (अप्रैल 2022)। उत्तर में विभाग ने बताया कि कार्यवाही चल रही है (जुलाई 2022)।

2-1-8-3 ylfcr ?kks"k.kk i=ks ij vfu;fer vf/kd buiqV VsDl ØsfMV dk ykHk fy;k tkuk

लेखापरीक्षा ने (जुलाई 2021 एवं दिसम्बर 2021 के मध्य) 1,058 करदाताओं (124 वा0क0का0) में से 116 वा0क0का0 के 915 करदाताओं (जिन्होंने सारणी 5(सी) के अन्तर्गत ट्रांजिशनल क्रेडिट का दावा किया था) के ट्रान–1, अन्तिम विरासतीय विवरणियों, वार्षिक विवरणी एवं कर निर्धारण आदेश की नमूना जाँच की और पाया कि छः वा0क0का0[18] के छः करदाताओं ने सारणी 5(सी) के माध्यम से ट्रान–1 में ₹ 1.18 करोड़ की आई0टी0सी0 का लाभ प्राप्त किया। लेखापरीक्षा ने पाया कि करदाताओं ने ₹ 38.00 करोड़ के टर्नओवर को आच्छादित करने वाले फॉर्म 'सी' एवं 'एफ', जिसमें ₹ 3.94 करोड़ कर सन्निहित था, कर निर्धारण प्राधिकारी के समक्ष अन्तिम कर निर्धारण के समय तक प्रस्तुत नहीं किया था। यह कर करदाताओं के पास उपलब्ध आई0टी0सी0 से घटाया जाना था। करदाताओं ने त्रुटिपूर्ण ढ़ंग से ट्रान–1 की सारणी 5(सी) में ₹ 1.18 करोड़ में से ₹ 64.28 लाख की आई0टी0सी0 जिसके फॉर्म 'सी' एवं 'एफ' लंबित थे अग्रेनीत किया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 64.28 लाख की आई0टी0सी0 (ट्रान–1 में दावे की सीमा तक) का अधिक दावा हुआ जो कि वसूलनीय था **¼ifjf'k"V&IV½**।

लेखापरीक्षा ने मामले को विभाग को प्रतिवेदित किया (अप्रैल 2022)। धनराशि ₹ 48.68 लाख के दो मामलों[19] में, विभाग का उत्तर और समापन गोष्ठी में कथन (जुलाई 2022) स्वीकार्य नहीं है जैसा कि प्रस्तर 2.1.8.1 में उल्लेख किया गया है। दो मामलों में विभाग ने लेखापरीक्षा प्रेक्षण स्वीकार नहीं किया। इन दो मामलों में विभाग के उत्तर का विश्लेषण **lkj.kh&2-3** में सूचीबद्ध है।

---

[18] खण्ड 3 एवं 5 वा0क0 गाजियाबाद, खण्ड 12, 15 एवं 17 वा0क0 कानपुर एवं खण्ड 10 वा0क0 नोएडा।

[19] खण्ड 5 वा0क0 गाजियाबाद (09ACEPG2119G1ZZ) एवं खण्ड 10 वा0क0 नोएडा (09AABCN7151P1ZX)।

lkj.kh&2-3

Ø0 l0	ys[kkijhf{kr bdkbZ@ Á{k.k l{ki e	foHkkx dk mRrj l{ki e	[k.Mu
1	**[k.M 12 ok0d0 dkuiqj** ₹ 4,91,73,009 के लंबित घोषणा पत्रों फॉर्म सी के विरुद्ध करदाता द्वारा ₹ 7,67,644 की अनियमित अधिक आई0टी0सी0 का लाभ लिया गया।	विभाग ने कहा कि दिनांक 30.03.2022 को धारा 28(2)(i) सपठित धारा 32 के अन्तर्गत अन्तिम कर निर्धारण आदेश पारित कर दिया गया है जिसमें ₹ 4.88 करोड़ के चार नग लंबित फॉर्म सी प्रस्तुत किया गया है अतः 2 प्रतिशत की दर से कर आरोपित किया गया है।	उत्तर स्वीकार योग्य नहीं है, क्योंकि वार्षिक विवरणी और एकपक्षीय कर निर्धारण आदेश में ₹ 8,33,596 की आई0टी0 सी0 शेष थी परन्तु फॉर्म सी लंबित होने के बावजूद करदाता ने ट्रान–1 में ₹ 7,67,644 की आई0टी0सी0 का लाभ लिया। इस प्रकार करदाता ने ट्रान–1 में आई0 टी0सी0 का दावा करते समय ₹ 7,67,644 की आई0टी0 सी0 का अनियमित लाभ लिया।
2	**[k.M 15 ok0d0 dkuiqj** ₹ 95,69,842 के लंबित घोषणा पत्रों फॉर्म सी के विरुद्ध करदाता द्वारा ₹ 2,87,095 की अनियमित अधिक आई0टी0सी0 का लाभ लिया गया।	विभाग ने अवगत कराया कि प्रेक्षण एकपक्षीय कर निर्धारण आदेश पर आधारित है। दिनांक 23.04.2022 को धारा 28(2)(i) सपठित धारा 32 के अन्तर्गत अन्तिम कर निर्धारण आदेश पारित कर दिया गया है जिसमें ₹ 11.83 लाख की आई0टी0सी0 अग्रेनीत की गयी है।	उत्तर स्वीकार योग्य नहीं है, क्योंकि यद्यपि कर निर्धारण एक पक्षीय था परन्तु कर निर्धारण आदेश में यह उल्लिखित था कि ₹ 95,69,842 के फॉर्म लंबित थे और ₹ 11,83,178 की आई0टी0सी0 अग्रेनीत की गयी थी जिसमें ₹ 2,87,095 की आई0टी0सी0 अनियमित थी इस प्रकार करदाता ने ट्रान–1 में आई0टी0सी0 का दावा करते समय ₹ 2,87,095 की आई0टी0सी0 का अनियमित लाभ लिया।

शेष धनराशि ₹ 5.05 लाख के दो मामलों में विभाग ने उत्तर दिया कि कार्यवाही चल रही है (जुलाई 2022)।

2-1-8-4 o"kZ 2016&17 ls 2017&18 esa vf/kd vkbZ0Vh0lh0 ys tkus dk dkj.k Vªku&1 dh lkj.kh 5¼lh½ esa vf/kd buiqV ØsfMV dk ykHk fy;k tkuk

(i) लेखापरीक्षा ने (जुलाई 2021 एवं दिसम्बर 2021 के मध्य) 1,058 करदाताओं (124 वा0क0का0) में से 116 वा0क0का0 के 915 करदाताओं (जिन्होंने सारणी 5(सी) के अन्तर्गत ट्रांजिशनल क्रेडिट का दावा किया था), के ट्रान–1, अन्तिम विरासतीय विवरणियों, वार्षिक विवरणी एवं कर निर्धारण आदेश की नमूना जाँच की और पाया कि तीन वा0क0का0[20] के तीन करदाताओं ने ट्रान–1 दाखिल किया और ट्रान–1 की सारणी 5(सी) में ₹ 66.93 लाख की आई0टी0सी0 अग्रेनीत किया। वर्ष 2016–17 और 2017–18 की विरासतीय विवरणियों तथा कर निर्धारण आदेश की जाँच में प्रकट हुआ कि इन करदाताओं के पास वर्ष 2016–17 में ₹ 38.56 लाख की आई0टी0सी0 उपलब्ध थी जबकि करदाता ने त्रुटिपूर्ण ढ़ंग से वर्ष 2017–18 में ₹ 51.32 लाख की आई0टी0सी0 अग्रेनीत

[20] खण्ड वा0क0 कानपुर देहात, खण्ड 12 एवं 13 वा0क0 लखनऊ।

की। इस प्रकार, करदाता वर्ष 2017–18 में ₹ 12.76 लाख की अधिक आई0टी0सी0 अग्रेनीत करके ले गये जिसमें से करदाताओं ने ट्रान–1 में त्रुटिपूर्ण ढ़ंग से ₹ 9.60 लाख की आई0टी0सी0 का दावा किया जो कि वसूलनीय था **¼ifjf'k"V&v½**।

धनराशि ₹ 1.79 लाख के एक मामले[21] में विभाग का उत्तर स्वीकार योग्य नहीं है जैसा कि प्रस्तर 2.1.8.1 में उल्लिखित है (जुलाई 2022)। धनराशि ₹ 7.80 लाख के शेष दो मामलों में विभाग ने उत्तर दिया कि कार्यवाही चल रही है।

(ii) लेखापरीक्षा ने 1,058 करदाताओं (124 वा0क0का0) में से 116 वा0क0का0 के 915 करदाताओं (जिन्होंने सारणी 5(सी) के अन्तर्गत ट्रांजिशनल क्रेडिट का दावा किया था) के अभिलेखों की नमूना जाँच की (अगस्त 2021) और पाया कि खण्ड 1 वा0क0 जी0बी0 नगर के एक करदाता मे0 भारत प्रिन्ट्स (09AALPW0556A1ZN) ने ट्रान–1 की सारणी 5(सी) में ₹ 12.23 लाख की आई0टी0सी0 अग्रेनीत किया। अग्रेतर, लेखापरीक्षा ने पाया कि वर्ष 2016–17 और 2017–18 की विरासतीय विवरणी तथा कर निर्धारण आदेश के अनुसार करदाता द्वारा रंग, डाइज एवं रसायनों की खरीद पर वर्ष 2016–17 में ₹ 10.71 लाख की आई0टी0सी0 अर्जित किया गया था जिसे क0नि0प्रा0 द्वारा उत्क्रमित कर दिया गया क्योंकि कपड़ों की छपाई में रंग, डाइज एवं रसायनों के प्रयोग पर करदाता द्वारा करदेयता स्वीकार नहीं की गयी थी। जबकि करदाता द्वारा वर्ष 2016–17 से अपने जून 2017 की विवरणी में ₹ 10.71 लाख की आई0टी0सी0 अग्रेनीत की गयी थी। वर्ष 2017–18 में भी करदाता ने खरीद पर ₹ 1.52 लाख की आई0टी0सी0 का दावा किया। चूँकि करदाता ने कपड़ों की छपाई में रंग, डाइज एवं रसायनों के प्रयोग पर कोई करदेयता स्वीकार नहीं की थी, करदाता को कोई आई0टी0सी0 अनुमन्य नहीं की जानी चाहिये थी। अतः करदाता द्वारा ट्रान–1 में ₹ 12.23 लाख की आई0टी0सी0 दावा अनियमित था तथा उत्क्रमित किये जाने की आवश्यकता थी।

लेखापरीक्षा ने मामले को विभाग को प्रतिवेदित किया (अप्रैल 2022)। विभाग ने उत्तर में बताया कि कार्यवाही चल रही है (जुलाई 2022)।

2-1-8-5 V\u&1 dh lkj.kh 5¼lh½ e§ VhMh,l dk buiqV VSDl ØsfMV d§ :Ik e§ vuqeU; vfu;fer nkok

उ0प्र0मा0से0क0 अधिनियम, 2017 की धारा 140 के अनुसार करदाता के अन्तिम विरासतीय विवरणियों में उपलब्ध आई0टी0सी0, पूंजीगत माल का लाभ नहीं लिया गया, क्रेडिट नियत तिथि से 30 दिनों के अन्दर लेखों में शामिल की गयी पारगमन में छूट प्राप्त मालों की आई0टी0सी0 करमुक्त मालों के भण्डार पर आई0टी0सी0 और मालों जिन पर राज्य में उनके विक्रय के प्रथम बिन्दु पर कर लगाया गया है लेकिन उनके पश्चातवर्ती विक्रय विद्यमान कानूनों में कर के अधीन नहीं हैं लेकिन अब मा0से0क0 कानून में करयोग्य है की आई0टी0सी0 का दावा ट्रान–1 में अनुमन्य है।

लेखापरीक्षा ने (नवम्बर 2021) 1,058 करदाताओं (124 वा0क0का0) में से 116 वा0क0का0 के 915 करदाताओं (जिन्होंने सारणी 5(सी) के अन्तर्गत ट्रांजिशनल क्रेडिट का दावा किया था) के ट्रान–1, अन्तिम विरासतीय विवरणियों, वार्षिक विवरणी एवं कर निर्धारण आदेश की नमूना जाँच की और पाया कि खण्ड 13 वा0क0 नोएडा के एक

[21] खण्ड वा0क0 कानपुर देहात (09AGJPA9427E1ZF)।

करदाता मे0 ओएसएस कान्सट्रक्शन प्रा0लि0 नोएडा (09AACCO0915H1ZM) ने ट्रान–1 की सारणी 5(सी) में ₹ 23.78 लाख की आई0टी0सी0 का लाभ लिया जो कि क0नि0प्रा0 द्वारा भी उसके कर निर्धारण आदेश में अनुमन्य की गयी थी। यद्यपि, लेखापरीक्षा ने देखा कि करदाता द्वारा ट्रान–1 में स्रोत पर कर से सम्बन्धित धनराशि ₹ 23.78 लाख का दावा किया गया था जो कि मा0से0क0 अधिनियम के उपरोक्त प्रावधानों के अनुकूल नहीं था। इस प्रकार, क0नि0प्रा0 जब कर निर्धारण आदेश पारित कर रहे थे, तथ्यों का उचित तरीके से परीक्षण नहीं किया जिसके परिणामस्वरूप ट्रान–1 में ₹ 23.78 लाख का अधिक दावा किया गया जो कि करदाता से वसूल किये जाने योग्य था।

लेखापरीक्षा ने मामले को विभाग को प्रतिवेदित किया (अप्रैल 2022)। उत्तर में और समापन गोष्ठी (जुलाई 2022) में विभाग ने बताया कि कार्यवाही चल रही है।

2-1-8-6 V'ku&1 e =fVi.k nkok dh x;h vkb0Vh0lh0 dh olyh u gkuk

लेखापरीक्षा ने 1,058 करदाताओं (124 वा0क0का0) में से 116 वा0क0का0 के 915 करदाताओं (जिन्होंने सारणी 5(सी) के अन्तर्गत ट्रांजिशनल क्रेडिट का दावा किया था) के ट्रान–1, अन्तिम विरासतीय विवरणियों, वार्षिक विवरणी एवं कर निर्धारण आदेश की नमूना जाँच की (नवम्बर 2021) और पाया कि खण्ड 14 वा0क0 लखनऊ के एक करदाता मे0 शालीमार केएसएमबी प्रोजेक्ट्स लखनऊ (09ACFFS5832H1ZV) जो फ्लैटों का निर्माण करते हैं, ने अपने अन्तिम विरासतीय विवरणी के अनुसार ट्रान–1 की सारणी 5(सी) में ₹ 1.45 करोड़ की आई0टी0सी0 का दावा किया। क0नि0प्रा0 जब वर्ष 2016–17 का कर निर्धारण कर रहे थे तो जिसके लिये संभावित खरीददारों के साथ अनुबन्ध निष्पादित किया गया था की निर्माण सामग्री की खरीद पर अर्जित की गयी कुल ₹ 2.12 करोड़ की आई0टी0सी0 में से फ्लैटों के निर्माण के निष्पादन में की गयी आपूर्ति 48.53 प्रतिशत की सीमा तक ₹ 1.04 करोड़ की आई0टी0सी0 अनुमन्य किया। शेष आई0टी0सी0 ₹ 1.08 करोड़ जब्त कर ली गयी थी तथा अगले वर्ष के लिये कोई आई0टी0सी अग्रेनीत नहीं की गयी थी। इसी प्रकार क0नि0प्रा0 द्वारा वर्ष 2017–18 में कुल आई0टी0सी ₹ 69.36 लाख में से ₹ 33.95 लाख (बिक्री की सीमा 48.95 प्रतिशत तक) की आई0टी0सी0 को अनुमन्य किया गया था तथा शेष ₹ 35.41 लाख की आई0टी0सी0 को जब्त कर लिया गया था। इस प्रकार अगले कर अवधि के लिये कोई आई0टी0सी0 अग्रेनीत नहीं की गयी थी।

इस प्रकार ट्रान–1 में ₹ 1.45 करोड़ की आई0टी0सी0 का दावा अनियमित था तथा ठेकेदार से वसूल किये जाने योग्य था। क0नि0प्रा0 ₹ 1.45 करोड़ के आई0टी0सी0 के अधिक दावे को वसूल करने में असफल रहे।

लेखापरीक्षा ने मामले को विभाग को प्रतिवेदित किया (अप्रैल 2022)। उत्तर में और समापन गोष्ठी (जुलाई 2022) में विभाग ने बताया कि कार्यवाही चल रही है।

2-1-9 lkj.kh 6¼ch½ d ek/;e l vf/kd ØfMV dk ykHk fy;k tkuk

उ0प्र0मा0से0क0 अधिनियम, 2017 की धारा 140(2) यह निर्धारित करती है कि धारा 10 के अधीन संदेय कर का विकल्प देने वाले व्यक्ति से भिन्न कोई पंजीकृत व्यक्ति अपने ई0क्रे0ले0 में, पूँजीगत माल के सम्बन्ध में उपभोग न की गयी आई0टी0सी0 की जमा, जो उसके द्वारा विद्यमान विधि के अधीन नियत दिन के तत्काल पूर्ववर्ती दिन को समाप्त अवधि के लिये दाखिल विवरणी में अग्रेनीत नहीं की गयी है, ऐसी अवधि में एवं ऐसी रीति से जो विहित की जाये, लेने का हकदार होगा:

परन्तु पंजीकृत व्यक्ति को तब तक क्रेडिट लेने की अनुमति नहीं होगी, जब तक कि उक्त क्रेडिट विद्यमान विधि के अधीन आई0टी0सी0 के रूप में अनुमन्य नहीं थी और इस अधिनियम के अधीन भी आई0टी0सी0 के रूप में अनुमन्य न हो।

स्पष्टीकरण–इस उप–धारा के प्रयोजन के लिये ''उपभोग न की गयी आई0टी0सी0'' पद से वह रकम अभिप्रेत है जो कि आई0टी0सी0 की रकम के घटाने के पश्चात् शेष रहती है जिसका उक्त व्यक्ति ने आई0टी0सी0 की सकल रकम से विद्यमान विधि के अधीन कराधेय व्यक्ति द्वारा पूंजीगत माल के सम्बन्ध में इनपुट टैक्स की रकम प्राप्त कर ली है जो विद्यमान विधि के अधीन उक्त पूँजीगत माल के सम्बन्ध में हकदार था।

उ0प्र0मा0से0क0 नियमावली, 2017 का नियम 117(1) यह निर्धारित करता है कि धारा 140 के अधीन इनपुट टैक्स की क्रेडिट को लेने का अधिकारी प्रत्येक पंजीकृत व्यक्ति नियत दिन के नब्बे दिन के भीतर प्रारूप मा0से0क0 ट्रॉन–1 में सम्यक् रूप से हस्ताक्षर कर समान पोर्टल पर जिसमें पृथक रूप से इनपुट टैक्स क्रेडिट की रकम जिसका वह उक्त धारा के उपबंधों के अधीन हकदार है पृथक रूप से विनिर्दिष्ट करते हुये इलेक्ट्रॉनिक रूप से घोषणा प्रस्तुत करेगाः

अग्रेतर, उ0प्र0मा0से0क0 नियमावली, 2017 का नियम 117(2) यह निर्धारित करता है कि उपनियम (1) के अधीन प्रत्येक घोषणा में–

(क) धारा 140 की उपधारा (2) के अधीन दावे की स्थिति में नियत दिन पर पूँजीगत माल के प्रत्येक मद के सम्बन्ध में निम्नलिखित विशिष्टियां पृथक रूप से विनिर्दिष्ट की जायेंगी–

(i) नियत दिन तक प्रत्येक विद्यमान विधि के अधीन इनपुट टैक्स क्रेडिट के माध्यम से उपलब्ध या प्रयुक्त कर या शुल्क की रकम; और

(ii) नियत दिन तक प्रत्येक विद्यमान विधि के अधीन इनपुट टैक्स क्रेडिट के माध्यम से अभी तक उपलब्ध या प्रयुक्त किये जाने वाले कर या शुल्क की रकम।

2-1-9-1 Vku&1 ,oa dj fu/kkj.k vkn'k e vUrj d dkj.k Vku&1 dh lkj.kh 6¼ch½ e vf/kd bui V VDl ØfMV dk ykHk fy;k tkuk

लेखापरीक्षा ने (जुलाई 2021 एवं दिसम्बर 2021 के मध्य) 1,058 करदाताओं (124 वा0क0का0) में से 65 वा0क0का0 के 226[22] करदाताओं (जिन्होंने सारणी 6(बी) के अन्तर्गत ट्रांजिशनल क्रेडिट का दावा किया था), के ट्रान–1, अन्तिम विरासतीय विवरणियों, वार्षिक विवरणी एवं कर निर्धारण आदेश की नमूना जाँच की और पाया कि आठ वा0क0का0[23] के आठ करदाताओं ने ट्रान–1 दाखिल किया और ट्रान–1 की सारणी 6(बी) में वैट अवधि से सम्बन्धित पूंजीगत माल की ₹ 97.48 लाख की आई0टी0सी0 का दावा किया। यद्यपि, लेखापरीक्षा ने पाया कि जैसा कि कर निर्धारण आदेश में निर्धारित था कि वे पूंजीगत माल के कुल केवल ₹ 55.08 लाख की अनुप्रयुक्त आई0टी0सी0 के लिये पात्र थे। करदाता ने पूंजीगत माल के कुल अनुप्रयुक्त अर्ह ₹ 55.08 लाख की आई0टी0सी0 के बजाय त्रुटिपूर्वक ₹ 97.48 लाख की आई0टी0सी0 का दावा किया। इसके परिणामस्वरूप वैट अवधि के पूंजीगत माल की उपभोग न की गयी आई0टी0सी0 ₹ 42.40 लाख का अधिक दावा ट्रांजिशनल क्रेडिट के रूप में हुआ और वह वसूलनीय था ¼ifjf'k"V&VI½।

---

[22] 1,058 मामलों में से सारणी 6(बी) के अन्तर्गत ट्रांजिशनल क्रेडिट दावों के जाँच किये गये कुल मामले।

[23] खण्ड 15 वा0क0 आगरा, खण्ड 9 एवं 17 वा0क0 गाजियाबाद, खण्ड 14 वा0क0 कानपुर, खण्ड 22 वा0क0 लखनऊ एवं खण्ड 2, 4 एवं 13 वा0क0 नोएडा।

लेखापरीक्षा ने मामले को विभाग को प्रतिवेदित किया (अप्रैल 2022)। उत्तर में विभाग ने धनराशि ₹ 13.02 लाख के एक मामले में प्रेक्षण को स्वीकार किया (जुलाई 2022) और उतनी ही (₹ 13.02 लाख) वसूली सूचित की। धनराशि ₹ 0.12 लाख के एक मामले[24] में, विभाग का उत्तर स्वीकार्य नहीं है जैसा कि प्रस्तर 2.1.8.1 में उल्लेख किया गया है। एक मामले में विभाग ने लेखापरीक्षा प्रेक्षण स्वीकार नहीं किया। इस मामले में विभाग के उत्तर का विश्लेषण **lkj.kh&2-4** में सूचीबद्ध है।

lkj.kh&2-4

Ø0 l0	y[kkijhf{kr bdkb@ Á{k.k l{ki e	foHkkx dk mRrj l{ki e	[k.Mu
1	**[k.M 9 ok0d0 xkft;kckn** ट्रान–1 की सारणी 6(बी) में करदाता द्वारा पूंजीगत माल की ₹ 3,84,886 आई0टी0सी0 का लाभ प्राप्त किया गया।	विभाग ने उत्तर दिया कि त्रुटिवश वार्षिक विवरणी एवं वर्ष 2017–18 के कर निर्धारण आदेश में ₹ 9,99,343 की आई0टी0सी0 दर्शायी नहीं जा सकी। अब उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 31 के अन्तर्गत इस त्रुटि को संशोधित कर दिया गया है।	उत्तर स्वीकार योग्य नहीं है क्योंकि ₹ 9,99,343 की आई0टी0सी0 का यह संशोधन पूंजीगत माल की आई0टी0सी0 के दावे को प्रभावित नहीं करता है। यह ट्रान–1 की सारणी 5(सी) में दावा की गयी आई0टी0सी0 से सम्बन्धित है। अतः पूंजीगत माल की आई0टी0सी0 ₹ 3,84,886 करदाता से वसूली योग्य थी।

शेष पांच मामलों धनराशि ₹ 25.41 लाख में विभाग ने उत्तर दिया कि कार्यवाही चल रही है (जुलाई 2022)।

2-1-9-2 Vku&1 ,o okf"kd fooj.kh e vUrj d dkj.k Vku&1 dh lkj.kh 6¼ch½ e iathxr eky dk vf/kd buiV VDl ØfMV dk ykHk fy;k tkuk

लेखापरीक्षा ने (सितम्बर 2021 एवं दिसम्बर 2021 के मध्य) 1,058 करदाताओं (124 वा0क0का0) में से 65 वा0क0का0 के 226 करदाताओं (जिन्होंने सारणी 6(बी) के अन्तर्गत ट्रांजिशनल क्रेडिट का दावा किया था), के ट्रान–1, अन्तिम विरासतीय विवरणियों, वार्षिक विवरणी एवं कर निर्धारण आदेश की नमूना जाँच की और पाया कि तीन वा0क0का0[25] के तीन करदाताओं ने ट्रान–1 दाखिल किया और ट्रान–1 की सारणी 6(बी) में वैट अवधि से सम्बन्धित पूंजीगत माल की ₹ 2.35 करोड़ की आई0टी0सी0 का दावा किया। जबकि, वार्षिक विवरणी में उन्होंने पूंजीगत माल की ₹ 32.87 लाख की अनुप्रयुक्त आई0टी0सी0 अग्रेनीत किया था। इस प्रकार करदाताओं ने पूंजीगत माल की ₹ 2.02 करोड़ की आई0टी0सी0 का त्रुटिपूर्ण दावा किया जो कि उ0प्र0मा0से0क0 अधिनियम, 2017 के आलोक में वसूली योग्य था **¼ifjf'k"V&VII½**।

लेखापरीक्षा ने मामले को विभाग को प्रतिवेदित किया (अप्रैल 2022)। उत्तर में एवं समापन गोष्ठी (जुलाई 2022) में विभाग ने बताया कि कार्यवाही चल रही है।

---

[24] खण्ड 4 वा0क0 नोएडा (09AACFJ5445Q1ZR)।

[25] ज्वा0कमि0 (का0स0) II वा0क0 गाजियाबाद एवं ज्वा0कमि0 (का0स0) II तथा खण्ड 27 वा0क0 कानपुर।

2-1-9-3 Vku&1 esa fooj.k ÁLrqr ugh fd;s tkus ds dkj.k djnkrkvksa }kjk iathxr eky dh vlR;kfir buiqV VDl ØfMV dk ykHk fy;k tkuk

लेखापरीक्षा ने (जुलाई 2021 एवं दिसम्बर 2021 के मध्य) 1,058 करदाताओं (124 वा0क0का0) में से 65 वा0क0का0 के 226 करदाताओं (जिन्होंने सारणी 6(बी) के अन्तर्गत ट्रांजिशनल क्रेडिट का दावा किया था) के ट्रान–1, अन्तिम विरासतीय विवरणियों, वार्षिक विवरणी एवं कर निर्धारण आदेश की नमूना जाँच की और पाया कि सात वा0क0का0[26] के 12 करदाताओं ने ट्रान–1 दाखिल किया और ट्रान–1 की सारणी 6(बी) में वैट अवधि से सम्बन्धित पूंजीगत माल की ₹ 5.09 करोड़ की अनुप्रयुक्त आई0टी0सी0 का दावा किया। जबकि यह पाया गया कि ट्रान–1 में पूंजीगत माल के क्रय से सम्बन्धित बीजकों के विवरण उपलब्ध नहीं थे। अग्रेतर, चूँकि विभाग ने कोई वार्षिक विवरणियां, कर निर्धारण आदेश प्रस्तुत नहीं किया था, लेखापरीक्षा इन करदाताओं के द्वारा दावा एवं लाभ ली गयी धनराशि की शुद्धता सत्यापित करने की स्थिति में नहीं था ¼**ifjf'k"V&VIII**½।

लेखापरीक्षा ने मामले को विभाग को प्रतिवेदित किया (अप्रैल 2022)। धनराशि ₹ 4.85 करोड़ के 10 मामलों[27] में, विभाग का उत्तर एवं समापन गोष्ठी (जुलाई 2022) में कथन स्वीकार्य नहीं है जैसा कि प्रस्तर 2.1.8.1 में उल्लेख किया गया है। शेष धनराशि ₹ 24.54 लाख के दो मामलों में विभाग ने उत्तर दिया कि कार्यवाही चल रही है।

2-1-10 lkj.kh 7¼ch½ ds ek/;e ls vf/kd ØfMV dk ykHk fy;k tkuk

उ0प्र0मा0से0क0 अधिनियम, 2017 की धारा 140(5) यह निर्धारित करती है कि कोई पंजीकृत व्यक्ति नियत दिन को या उसके पश्चात प्राप्त इनपुटों के सम्बन्ध में अपने इ0क्रे0ले0 में मूल्य सवंर्धित कर और प्रवेश कर, यदि कोई हो, की जमा को लेने का हकदार होगा, किन्तु जिसके सम्बन्ध में कर का संदाय विद्यमान विधि के अन्तर्गत आपूर्तिकर्ता द्वारा किया गया है, इस शर्त के अधीन रहते हुए कि उसके बीजक या किसी अन्य कर संदाय सम्बन्धी दस्तावेज को, नियत दिन से तीस दिन की अवधि के भीतर ऐसे व्यक्ति की लेखा बहियों में लेखबद्ध किया गया था।

परन्तु तीस दिन की अवधि पर्याप्त कारण प्रदर्शित करने पर आयुक्त द्वारा विस्तारित होगी जो तीस दिन की अवधि से अधिक न हो।

परन्तु यह और कि उक्त पंजीकृत व्यक्ति इस उपधारा के अधीन जमा जो कि लिया गया है, के सम्बन्ध में ऐसी रीति में, जो विहित की जाये, विवरणी प्रस्तुत करेगा।

---

[26] ज्वा0कमि0 (का0स0) I, II, खण्ड 4, 7 वा0क0 गाजियाबाद, खण्ड 11 वा0क0 लखनऊ एवं खण्ड 10 तथा 14 वा0क0 नोएडा।

[27] ज्वा0कमि0 (का0स0–I) वा0क0 गाजियाबाद (09AAACS0229G1ZN, 09AAACR 1435K1ZD), ज्वा0कमि0 (का0स0 II) वा0क0 गाजियाबाद (09AAACA9942Q1ZY, 09AAACB1247M1ZN, 09AAACS0189B1ZM), खण्ड 7 वा0क0 गाजियाबाद (09AAA CS1110J1ZQ), खण्ड 10 वा0क0 नोएडा (09AABCL5987H1Z0, 09AACCO2600H1ZS) एवं खण्ड 14 वा0क0 नोएडा (09AACCG4124A1Z7, 09AAACP9581G1ZY)।

उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 2(एफ) यह निर्धारित करती है कि संकर्म संविदा के निष्पादन में प्रयुक्त पूंजीगत माल, उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 13 के अनुसार आई0टी0सी0 के दावे के उद्देश्य के लिये, पूंजीगत माल की परिभाषा में सम्मिलित नहीं किया गया था। उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 6(2) के अनुसार समाधान योजना के अन्तर्गत कर के भुगतान का विकल्प चुनने वाले व्यापारियों को आई0टी0सी0 अनुमन्य नहीं थी। उ0प्र0मा0से0क0 अधिनियम, 2017 की धारा 140(2) यह निर्दिष्ट करती है कि पंजीकृत व्यक्ति को क्रेडिट लेने की अनुमति तब तक नहीं दी जायेगी जब तक कि उक्त क्रेडिट विद्यमान कानून के अन्तर्गत आई0टी0सी0 के रूप में अनुमन्य नहीं थी और इस अधिनियम के अन्तर्गत भी आई0टी0सी0 के रूप में अनुमन्य न हो।

2-1-10-1 Vªku&1 dh lkj.kh 7¼ch½ esa vfu;fer buiqV VSDl ØsfMV dk ykHk fy;k tkuk

(i) लेखापरीक्षा ने (जुलाई 2021 एवं दिसम्बर 2021 के मध्य) 1,058 करदाताओं (124 वा0क0का0) में से 60 वा0क0का0 के 148[28] करदाताओं (जिन्होंने सारणी 7(बी) के अन्तर्गत ट्रांजिशनल क्रेडिट का दावा किया था), के ट्रान–1, अन्तिम विरासतीय विवरणियों, वार्षिक विवरणी एवं कर निर्धारण आदेश की नमूना जाँच की और पाया कि नौ वा0क0का0[29] के नौ करदाताओं ने ट्रान–1 दाखिल किया और ट्रान–1 की सारणी 7(बी) में ₹ 2.81 करोड़ की क्रेडिट का लाभ लिया। यद्यपि, अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार बीजकों के विवरण, वस्तुओं के विवरण, मात्रा, मूल्य, कर और लेखों में प्रविष्टि का दिनांक ट्रान–1 की सारणी 7(बी) में नहीं अंकित किया गया था। इस प्रकार, उपरोक्त विवरणों के बिना करदाताओं को ₹ 2.81 करोड़ की आई0टी0सी0 अनुमन्य नहीं थी जो वसूल की जानी चाहिये थी। क0नि0प्रा0, कर निर्धारण आदेश पारित करने के दौरान तथ्यों की जाँच करने में असफल रहे जिसके परिणामस्वरूप ट्रान–1 में ₹ 2.81 करोड़ की आई0टी0सी0 का अधिक दावा हुआ **¼ifjf'k"V&IX½**।

लेखापरीक्षा ने मामले को विभाग को प्रतिवेदित किया (अप्रैल 2022)। उत्तर में विभाग नें धनराशि ₹ 0.88 लाख के एक मामाले के लेखापरीक्षा प्रेक्षण को स्वीकार किया (जुलाई 2022)। धनराशि ₹ 2.53 करोड़ के तीन मामलों[30] में, विभाग का उत्तर एवं समापन गोष्ठी में कथन स्वीकार्य नहीं है जैसा कि प्रस्तर 2.1.8.1 में उल्लेख किया गया है। एक मामले में विभाग ने लेखापरीक्षा प्रेक्षण स्वीकार नहीं किया। इस मामले में विभाग के उत्तर का विश्लेषण **lkj.kh&2-5** में सूचीबद्ध है।

[28] 1,058 में से सारणी 7(बी) के अन्तर्गत ट्रांजिशनल क्रेडिट के जाँच किये गये कुल दावों की संख्या।

[29] खण्ड 1, 3 वा0क0 जी0बी0 नगर, ज्वा0कमि0 (का0स0) II, खण्ड 5 वा0क0 गाजियाबाद, ज्वा0कमि0 (का0स0) II, खण्ड 29 एवं 30 वा0क0 कानपुर, खण्ड 8 वा0क0 लखनऊ तथा खण्ड 13 वा0क0 नोएडा।

[30] खण्ड 1 वा0क0 जी0बी0 नगर (09AAACI8344L1Z6), ज्वा0कमि0 (का0स0) II वा0क0 गाजियाबाद (09AAACA9942Q1ZY) एवं खण्ड 5 वा0क0 गाजियाबाद (09AABCF8078M1ZZ)।

lkj.kh&2-5

Ø0 l0	y[kkijhf{kr bdkbZ@ Å{k.k lf{kf e	foHkkx dk mRrj lf{kf e	[k.Mu
1	[k.M 8 ok0d0 y[kuÅ ट्रान–1 की सारणी 7(बी) में करदाता द्वारा ₹ 1,10,503 की अनियमित आई0टी0सी0 का लाभ प्राप्त किया गया।	विभाग ने कहा कि वार्षिक विवरणी, बैलेन्स शीट, खरीद एवं बिक्री के विवरण से लाभ एवं हानि खाता तथा कर निर्धारण आदेश से जाँच के पश्चात करदाता को एक नोटिस जारी की गयी थी। करदाता ने उत्तर दिया कि लाभ एवं हानि खाते में ₹ 2.38 लाख की धनराशि कमीशन एवं इन्सेन्टिव शीर्ष से सम्बन्धित है तथा कर का कोई भी घटक इसमें सम्मिलित नहीं है। यह धनराशि विक्रय का भाग भी नहीं है।	विभाग ने अपने उत्तर में सारणी 7(बी) में दावा की गयी आई0टी0सी0 के मुद्दे को सम्बोधित नहीं किया।

शेष चार मामलों में धनराशि ₹ 26.00 लाख में विभाग ने उत्तर दिया कि कार्यवाही की जा रही है (जुलाई 2022)।

(ii) लेखापरीक्षा ने 1,058 करदाताओं (124 वा0क0का0) में से 60 वा0क0का0 के 148 करदाताओं (जिन्होंने सारणी 7(बी) के अन्तर्गत ट्रांजिशनल क्रेडिट का दावा किया था), के ट्रान–1, अन्तिम विरासतीय विवरणियों, वार्षिक विवरणी एवं कर निर्धारण आदेश की नमूना जाँच की (नवम्बर 2021) और पाया कि खण्ड 21 वा0क0 लखनऊ के 12 करदाताओं में से एक करदाता मे0 एच0डी0पी0एल0 इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0 लखनऊ (09AABCH1939H1ZK) ने भण्डार में रखे माल पर ट्रान–1 की सारणी 7(बी) में ₹ 26.79 लाख की आई0टी0सी0 का दावा किया। लेखापरीक्षा ने पाया कि करदाता संकर्म संविदा में लगा हुआ था। यद्यपि, उसने पूंजीगत माल के बीजकों पर ₹ 1.94 लाख की आई0टी0सी0 का दावा किया था। इस प्रकार करदाता द्वारा दावा की गयी ₹ 1.94 लाख की आई0टी0सी0 अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप नहीं थी तथा जिसे अस्वीकृत किये जाने की आवश्यकता थी। क0नि0अ0 ने उचित तरीके से तथ्यों का परीक्षण नहीं किया जिसके परिणामस्वरूप ट्रान–1 की सारणी 7(बी) के माध्यम से ₹ 1.94 लाख की अनियमित आई0टी0सी0 का दावा हुआ जो वसूली योग्य था।

लेखापरीक्षा ने मामले को विभाग को प्रतिवेदित किया (अप्रैल 2022)। विभाग ने उत्तर में बताया कि कार्यवाही चल रही है (जुलाई 2022)।

2-1-11 V™ku&1 dh lkj.kh 7¼ch½ esa iwathxr eky ij bui¨V VsDl ØsfMV dh vfu;fer vuqeU;rk

उ0प्र0मा0से0क0 अधिनियम, 2017 की धारा 140(2) यह निर्धारित करती है कि धारा 10 के अधीन संदेय कर का विकल्प देने वाले व्यक्ति से भिन्न कोई पंजीकृत व्यक्ति पूँजीगत माल के सम्बन्ध में अनुप्रयुक्त आई0टी0सी0 की जमा जो विवरणी में अग्रेनीत नहीं की गयी है, उसके द्वारा विद्यमान विधि के अन्तर्गत ऐसी विहित रीति में नियत दिन के तत्काल पूर्ववर्ती दिन को समाप्ति अवधि के लिये अपने इ0क्रे0ले0 में लेने का, हकदार होगा। परन्तु पंजीकृत व्यक्ति को तब तक क्रेडिट लेने की अनुमति नहीं होगी

जब तक कि उक्त क्रेडिट विद्यमान कानून के अन्तर्गत आई0टी0सी0 के रूप में अनुमन्य नहीं थी और इस अधिनियम के अन्तर्गत भी आई0टी0सी0 के रूप में अनुमन्य न हो।

उ0प्र0मू0सं0क0 नियमावली, 2008 का नियम 21(1)(एन) यह निर्धारित करता है कि ऐसी वस्तुओं के सम्बन्ध में जो पूंजीगत माल हो एवं ऐसा पूंजीगत माल जो किसी व्यापारी द्वारा करमुक्त माल के निर्माण में प्रयोग या उपभोग के लिये खरीदा गया हो के सम्बन्ध में इनपुट टैक्स के क्रेडिट की कोई धनराशि अनुमन्य नहीं की जायेगी।

लेखापरीक्षा ने 1,058 करदाताओं (124 वा0क0का0) में से 55 वा0क0का0 के 91[31] करदाताओं (जिन्होंने सारणी 7(सी) के अन्तर्गत ट्रांजिशनल क्रेडिट का दावा किया था) के ट्रान–1, अन्तिम विरासतीय विवरणियों, वार्षिक विवरण एवं कर निर्धारण आदेश की नमूना जाँच की (दिसम्बर 2021) और पाया कि ज्वा0कमि0 (का0स0) वा0क0 आयल सेक्टर, लखनऊ के कार्यालय में दो करदाताओं में से एक करदाता मे0 इण्डियन आयल कारपोरेशन लि0 (09AAACI1681G1ZN) जो वैट अवधि के दौरान कर मुक्त माल (एलपीजी) के निर्माण एवं बिक्री में लगे हुये थे, ने ट्रान–1 की सारणी 7(सी) में सिलिण्डर एवं एलपीजी डीपीआर (प्रेशर रेगुलेटर) (पूंजीगत माल) जो घरेलू एलपीजी के निर्माण एवं वितरण में प्रयुक्त हुआ था, पर ₹ 4.73 करोड़ की आई0टी0सी0 का दावा किया। चूँकि करदाता कर मुक्त माल के निर्माण एवं विक्रय में लगा हुआ था उन्हें उपरोक्त नियमों के प्रावधानों के अनुसार पूंजीगत माल पर इनपुट टैक्स की क्रेडिट अनुमन्य नहीं थी। क0नि0प्रा0 करदाता का कर निर्धारण करते समय, ट्रान–1 की सारणी 7(सी) में दावा की गयी आई0टी0सी0 ₹ 4.73 करोड़ का परीक्षण करने में असफल रहे जो कि उपर्युक्त अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप नहीं थी और जिसे अनुमन्य न किये जाने की आवश्यकता थी।

लेखापरीक्षा ने मामले को विभाग को प्रतिवेदित किया (अप्रैल 2022)। उत्तर में एवं समापन गोष्ठी में विभाग ने धनराशि ₹ 4.73 करोड़ के प्रेक्षण को स्वीकार किया जिसमें से ₹ 4.73 करोड़ की वसूली सूचित की गयी (जुलाई 2022)।

2-1-12 Vªku&1 dh lkj.kh 11 esa buiqV VSDl ØsfMV nkoksa dk vlR;kiu

उ0प्र0मा0से0क0 अधिनियम, 2017 की धारा 142(11)(सी) यह निर्धारित करती है कि जहां उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम, 2008 और वित्त अधिनियम 1994 (1994 का 32) के अध्याय 5 के अन्तर्गत दोनों में से किसी आपूर्ति पर कर देय था, इस अधिनियम के अधीन ऐसा कर उद्ग्रहीत किया जायेगा तथा करदाता नियत दिन के पश्चात की गई आपूर्तियों की सीमा तक विद्यमान विधि के अधीन अदा किये गये मू0सं0क0 या सेवा कर की क्रेडिट को लेने के लिये हकदार होगा तथा ऐसी क्रेडिट की उस रीति में जैसी विहित की जाये गणना की जायेगी। अग्रेतर, उ0प्र0मा0से0क0 नियमावली, 2017 के नियम 118 के अन्तर्गत प्रत्येक करदाता, आपूर्ति का अनुपात, जिसको नियत दिन से पूर्व मूल्य संवर्धित कर या सेवा कर संदत्त किया जा चुका है, लेकिन आपूर्ति नियत दिन के बाद की गई है और उस पर आई0टी0सी0 अनुज्ञेय है, की घोषणा प्रस्तुत करेगा।

[31] कुल 1,058 मामलों में से ट्रान–1 की सारणी 7(सी) के अन्तर्गत दावा किये गये मामले की जाँच की गई है।

लेखापरीक्षा ने 1,058 करदाताओं (124 वा0क0का0) में से 15 वा0क0का0 के 31[32] करदाताओं (जिन्होंने सारणी 11 के अन्तर्गत ट्रांजिशनल क्रेडिट का दावा किया था) के ट्रान–1, अन्तिम विरासतीय विवरणियों, वार्षिक विवरणी एवं कर निर्धारण आदेश की नमूना जाँच की (सितम्बर 2021) और पाया कि खण्ड 16 वा0क0 गाजियाबाद के 25 करदाताओं में से 16 करदाताओं ने ट्रान–1 दाखिल किया एवं ट्रान–1 की सारणी 11 में ₹ 51.97 करोड़ की आई0टी0सी0 का दावा किया। अग्रेतर, इन करदाताओं ने जैसा कि ट्रान–1 की सारणी 11 में आवश्यक था, वस्तुओं की खरीद के बीजकों के विवरण, संदत्त कर एवं संदत्त वैट जिसे रा0मा0से0क0 के रूप में लिया गया था दाखिल किया था। यद्यपि, नियत दिनांक के पूर्व एवं पश्चात की गयी आपूर्तियों के विवरण एवं द्विभाजन जैसा अधिनियम एवं नियमों में विहित किया गया है उपलब्ध नहीं था। इन आवश्यक विवरणों के अभाव में करदाताओं द्वारा ₹ 51.97 करोड़ की आई0टी0सी0 का दावा अभिनिश्चित नहीं किया गया **¼ifjf'k"V&X½**।

लेखापरीक्षा ने मामले को विभाग को प्रतिवेदित किया (अप्रैल 2022)। उत्तर में विभाग ने एक मामले में धनराशि ₹ 61.55 लाख के प्रेक्षण को स्वीकार किया जिसमें से ₹ 61.55 लाख की वसूली सूचित की गयी (जुलाई 2022)। धनराशि ₹ 47.63 करोड़ के छः मामलों[33] में विभाग का उत्तर एवं समापन गोष्ठी में कथन स्वीकार्य नहीं है जैसा कि प्रस्तर 2.1.8.1 में उल्लेख किया गया है। शेष धनराशि ₹ 3.73 करोड़ के चार मामलों में विभाग ने उत्तर दिया कि कार्यवाही चल रही है।

2-1-13 Vªku&1 e vf/kd buiqV VSDl ØsfMV d ykHk ij C;kt dh olwyh u gksuk

उ0प्र0मा0से0क0 अधिनियम, 2017 की धारा 73(1) यह निर्धारित करती है कि जहां समुचित अधिकारी को यह प्रतीत होता है कि किसी कर का संदाय नहीं किया गया है या कम संदाय किया गया है या त्रुटिवश वापसी की गयी है या जहाँ आई0टी0सी0 का लाभ करापवंचना के करने से या जानबूझकर मिथ्या कथन या तथ्यों को छिपाने के अतिरिक्त किसी भी कारण से गलत ढंग से लिया गया या उसका उपयोग किया गया है, वह उस व्यक्ति पर प्रभार्य कर के साथ नोटिस की तामील करेगा जो इस प्रकार संदाय नहीं किया गया या कम संदाय किया गया है या जिसकी वापसी त्रुटिपूर्ण ढंग से कम की गयी हो या जिसने गलत ढंग से आई0टी0सी0 लिया या उपयोग किया हो, उनसे यह कारण बताने की उपेक्षा की जाती है कि उन्हें नोटिस में विनिर्दिष्ट धनराशि का भुगतान 18 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज सहित क्यो नहीं करना चाहिए।

लेखापरीक्षा ने 124 वा0क0का0 के 1,058 करदाताओं के ट्रान–1, अन्तिम विरासतीय विवरणियों, वार्षिक विवरणी एवं कर निर्धारण आदेश की (जुलाई 2021 एवं दिसम्बर 2021 के मध्य) नमूना जाँच की और पाया कि तीन वा0क0का0[34] के तीन करदाताओं ने ट्रान–1 दाखिल किया और ट्रान–1 के माध्यम से ₹ 11.78 लाख की आई0टी0सी0 का दावा किया। जबकि, उनके इ0क्रे0ले0 में ₹ 67.85 लाख की आई0टी0सी0 क्रेडिट हुई थी। इस प्रकार व्यापारियों ने अनुमन्य आई0टी0सी0 ₹ 40.66 लाख के बजाय त्रुटिपूर्वक ₹ 67.85 लाख की आई0टी0सी0 का लाभ लिया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 27.19 लाख की अधिक आई0टी0सी0 का दावा किया गया जो कि उस पर देय ब्याज सहित

[32] कुल 1,058 मामलों में से ट्रान–1 की सारणी 11 के अन्तर्गत दावा किये गये मामले की जाँच की गई।

[33] खण्ड 16 वा0क0 गाजियाबाद (09AACCI9503M107, 09AAACM6572A1ZN, 09AADCG 9947J1ZY, 09AADCN2095A1ZP, 09AAACX0984F1Z6 एवं 09AADCG9948H1Z2)।

[34] खण्ड 1 वा0क0 जी0बी0 नगर, खण्ड 2 वा0क0 गाजियाबाद एवं खण्ड 2 वा0क0 कानपुर।

वसूलनीय था। जबकि यह पाया गया कि करदाताओं ने बिना ₹ 11.78 लाख देय ब्याज दिये हुये अधिक आई0टी0सी0 ₹ 27.19 लाख जमा कर दिया था। ब्याज की धनराशि को न तो करदाताओं ने जमा किया था और न ही विभाग द्वारा मांग की गयी थी **¼ifjf'k"V&XI½**।

लेखापरीक्षा ने मामले को विभाग को प्रतिवेदित किया (अप्रैल 2022)। उत्तर में विभाग ने एक मामले में धनराशि ₹ 0.49 लाख के प्रेक्षण को स्वीकार किया जिसमें से ₹ 0.49 लाख की वसूली सूचित की गयी (जुलाई 2022)। शेष दो मामलों में धनराशि ₹ 11.28 लाख में विभाग ने समापन गोष्ठी में उत्तर दिया कि कार्यवाही चल रही है।

2.1.14 fu"d"k ,o lLrfr

लेखापरीक्षा जाँच ने विभाग द्वारा परिकल्पित एवं अपनाए गये सत्यापन तंत्र में कमियों को दर्शाया। नई कर व्यवस्था को लागू हुये चार वर्ष से अधिक समय व्यतीत हो जाने के पश्चात भी सत्यापन की प्रक्रिया अभी पूर्ण होनी थी। 86 करदाताओं (40 वा0क0का0) ने ट्रान–1 की तालिका 5(सी) में ₹ 35.46 करोड़ की आई0टी0सी0 का लाभ लिया और इन मामलों में एक पक्षीय कर निर्धारण आदेश शून्य आई0टी0सी0 के साथ पारित किये गये जिसके परिणामस्वरूप इन 86 मामलों में आई0टी0सी0 का दावा सुनिश्चित नहीं किया गया था। लेखापरीक्षा ने लेखापरीक्षित 1,058[35] मामलों (124 वा0क0का0 में) में से 165 दावों (68 खण्डों में) में ₹ 99.56 करोड़ धनराशि का अनुपालन विचलन पाया।

lLrfr

ljdkj Vkft'kuy ØfMV nkok d lR;kiu d fy, ,d le; lhek r; dju ij fopkj dj ldrh g vkj lEcfU/kr vf/kdkfj;k dk fu/kkfjr le; lhek d Hkhrj lefpr lgk;d nLrkotk d lkFk Vkft'kuy ØfMV d nkok dh tkp d fy, funf'k n ldrh gA y[kk ijh{kk }kjk bfxr fd; x; Vkft'kuy ØfMV d vf/kd ykHk d ekey dk Hkh iquleY;kdu fd;k tk ldrk gA

2.2 þeky ,o lok dj d vrxr çfrnk; nkok d ilLdj.k ij vuikyu y[kk ijh{kkß

2.2.1 dj ç'kklu

उत्तर प्रदेश माल एवं सेवा कर (मा0से0क0) अधिनियम और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों को अपर मुख्य सचिव (वाणिज्य कर और मनोरंजन कर), उत्तर प्रदेश शासित करते हैं। कमिश्नर, वाणिज्य कर (वा0क0), उत्तर प्रदेश वाणिज्य कर विभाग के प्रमुख हैं। उनकी सहायता के लिए 100 एडीशनल कमिश्नर, 157 ज्वाइंट कमिश्नर (ज्वा0कमि0), 494 डिप्टी कमिश्नर (डि0कमि0), 964 असिस्टेन्ट कमिश्नर (असि0कमि0)

---

[35] 1,058 करदाताओं (124 खण्डों) में से– 915 करदाता (116 खण्ड) सारणी 5सी से सम्बन्ध रखते हैं, 226 करदाता (65 खण्ड) सारणी 6बी से सम्बन्ध रखते हैं, 148 करदाता (60 खण्ड) सारणी 7बी से सम्बन्ध रखते हैं, 91 करदाता (55 खण्ड) सारणी 7सी से सम्बन्ध रखते हैं, 106 करदाता (64 खण्ड) सारणी 7डी से सम्बन्ध रखते हैं, 20 करदाता (17 खण्ड) सारणी 10ए से सम्बन्ध रखते हैं, 18 करदाता (12 खण्ड) सारणी 10बी से सम्बन्ध रखते हैं तथा 31 करदाता (15 खण्ड) सारणी 11 से सम्बन्ध रखते हैं।

और 1,275 वाणिज्य कर अधिकारी (वा0क0अ0) होते हैं। 1 जुलाई, 2017 से विभाग राज्य में मौजूदा कानून के अन्तर्गत माल और सेवा कर (मा0से0क0) का प्रशासन भी देख रहा है।

माल एवं सेवा कर (मा0से0क0)[36] राज्य के अन्दर माल अथवा सेवाओं (मानव उपभोग के लिए मदिरा एवं पाँच विशिष्टीकृत पेट्रोलियम उत्पादों[37] को छोड़कर) की आपूर्ति पर पृथक–पृथक एवं समवर्ती रूप से संघ (के0मा0से0क0) एवं राज्यों (रा0मा0से0के0)/संघ शासित प्रदेश (स0शा0प्र0मा0से0क0) के द्वारा आरोपित की जाती है। अग्रेतर, नये कर विधान के प्रावधानों के अंतर्गत माल अथवा सेवाओं के अंतर्राज्यीय आपूर्ति (आयात सहित) पर एकीकृत मा0से0क0 (ए0मा0से0क0) आरोपित किया जाता है।

2.2.2 ifjp;

मा0से0क0 प्रतिदाय कर प्रशासन से करदाता को देय किसी भी राशि को संदर्भित करता है; मा0से0क0 कानूनों में निहित प्रतिदाय से संबंधित प्रावधानों का उद्देश्य मा0से0क0 व्यवस्था में प्रतिदाय प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित और आदर्श के अनुरूप बनाना है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवा कर (उ0प्र0मा0से0क0) अधिनियम, 2017 की धारा 54 और नियमावली 2017 के नियम 89(1) और 89 (2) में दिए गए सुसंगत प्रावधान विभिन्न स्थितियों का एक विहंगावलोकन देते हैं जो प्रतिदाय दावे को आवश्यक बना सकते हैं। सामान्य पोर्टल पर इलेक्ट्रॉनिक प्रतिदाय मॉड्यूल की अनुपलब्धता के कारण, एक अस्थायी तंत्र तैयार और कार्यान्वित किया गया था। **ifji= l[;k 17@17@2017& ek0l0d0 fnukd 15-11-2017 vkj ifji= l[;k 24@24@2017&ek0l0d0 fnukd 21-12-2017** को विस्तृत प्रक्रियाओं को बताते हुए जारी किया गया था। इस इलेक्ट्रॉनिक–सह–मैनुअल प्रक्रिया में, आवेदकों को सामान्य पोर्टल पर प्रतिदाय आवेदन पत्र मा0से0क0 आरएफडी–01ए में दाखिल करने की आवश्यकता थी, उसका एक प्रिंट आउट लेकर सभी समर्थित दस्तावेजों के साथ इसे अधिकार क्षेत्र वाले कर कार्यालय में भौतिक रूप से जमा करना था। मास्टर सर्कुलर सं0 125/44/2019– मा0से0क0 दिनांक 18 नवंबर 2019 इलेक्ट्रॉनिक सबमिशन और प्रतिदाय दावों के प्रसंस्करण के लिए दिशानिर्देशों का उल्लेख करता है। यद्यापि, 26 सितंबर 2019 से पहले कॉमन पोर्टल पर दाखिल किए गए सभी प्रतिदाय आवेदनों के लिए पहले के परिपत्रों के प्रावधानों को लागू करना जारी रखा गया और आवेदन को मानवीय रूप से संसाधित करना जारी रखा गया जैसा कि नई प्रणाली लागू होने के पूर्व किया गया था।

2.2.3 y[kkijh{kk dk mís';

मा0से0क0 व्यवस्था के अंतर्गत प्रतिदाय मामलों की लेखापरीक्षा यह निर्धारित करने के लिए आयोजित की गयी थीः

(i) प्रतिदाय की स्वीकृति के संबंध में जारी अधिनियम, नियमों, अधिसूचनाओं, परिपत्रों आदि की पर्याप्तता;

(ii) कर प्राधिकारियों द्वारा वर्तमान प्रावधानों के अनुपालन और करदाता द्वारा अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए स्थापित प्रणालियों की प्रभावशीलता;

(iii) क्या प्रतिदाय आवेदनों के निस्तारण में विभागीय अधिकारियों के प्रदर्शन की जाँच करने के लिए प्रभावी आंतरिक नियंत्रण तंत्र मौजूद है;

---

[36] केन्द्रीय मा0से0क0: के0मा0से0क0 एवं राज्य/संघ शासित प्रदेशः मा0से0करः रा0मा0से0क0/ /स0शा0प्र0मा0से0क0।

[37] पेट्रोलियम उत्पाद क्रूड, हाई स्पीड डीजल, पेट्रोल, एविएशन टरबाइन ईंधन और प्राकृतिक गैस।

2.2.4 y[kkijh{kk ekun.M

निम्नलिखित लेखापरीक्षा मानदण्ड में शामिल थे:

(i) उत्तर प्रदेश माल एवं सेवा कर अधिनियम, 2017

(ii) उत्तर प्रदेश माल एवं सेवा कर नियमावली, 2017

(iii) एकीकृत माल एवं सेवा कर अधिनियम, 2017

(iv) सरकार/विभाग द्वारा समय–समय पर जारी अधिसूचना/परिपत्र

2.2.5 y[kkijh{kk dk dk;{k= vkj y[kkijh{kk i)fr

लेखापरीक्षा पद्धति में विभाग द्वारा पंजीकृत व्यक्तियों के स्वीकृत प्रतिदाय दावों की सत्यता का सत्यापन करना शामिल है। इसमें प्रतिदाय मामलों के संबंध में विभाग के पास उपलब्ध अभिलेखों की जांच भी शामिल है। फील्ड ऑडिट के दौरान, वा0क0वि0 के कार्यालयों में चयनित मामलों में जुलाई 2017 से जुलाई 2020 के मध्य संसाधित किए गए प्रतिदाय मामलों की जांच की गई। कमिश्नर, वाणिज्य कर के साथ दिनांक 25 मार्च 2021 को एक परिचयात्मक गोष्ठी आयोजित की गयी। फील्ड ऑडिट फरवरी 2021 से नवंबर 2021 के बीच आयोजित किया गया। शासन एवं विभाग को 28 अप्रैल 2022 को मसौदा जारी किया गया था। विभाग का उत्तर 6 जुलाई 2022 को प्राप्त हुआ।

2.2.6 ueuk p;u

जीएसटीएन ने जुलाई 2017 से जुलाई 2020 तक अखिल भारतीय प्रतिदाय आँकड़े प्रदान किये है। यह देखते हुए कि 26 सितम्बर 2019 के दोनो तरफ उपलब्ध प्रतिदाय डाटा में काफी भिन्नता है, इन दो चरणों के लिए प्रतिदाय जोखिम के मापदण्ड भी अलग हैं। 26 सितंबर 2019 से पहले की अवधि के लिए चूंकि कोई अन्य प्रासंगिक जोखिम मापदण्ड उपलब्ध नहीं हैं, इसलिए प्रत्येक श्रेणी के अंतर्गत प्रतिदाय आवेदनों को करदाताओं द्वारा दावा की गई प्रतिदाय राशि के अवरोही क्रम में क्रमबद्ध किया गया था। इसके पश्चात, क्रमबद्ध किए गए प्रतिदाय आवेदनों को चर्तुथकों में विभाजित किया गया और नमूना तैयार किया गया। 26 सितंबर 2019 के बाद दाखिल किए गए प्रतिदाय आवेदनों का चयन करने के लिए, दावा किए गए प्रतिदाय राशि (60 प्रतिशत महत्व वाले प्रतिदाय), प्रतिदाय की स्वीकृति में देरी (15 प्रतिशत), प्रतिदाय स्वीकृत/प्रतिदाय दावा अनुपात (10 प्रतिशत) जैसे जोखिम मापदण्डो का उपयोग करके एक समग्र जोखिम स्कोर तैयार किया गया था एवं कमीपूरक ज्ञापन जारी किया गया था (15 प्रतिशत)। 26 सितंबर 2019 के बाद की अवधि के लिए प्रतिदाय आवेदनों का चयन उपरोक्त प्राप्त जोखिम स्कोर के आधार पर किया गया था।

लेखापरीक्षा द्वारा जाँच के लिए वाणिज्य कर विभाग के 152 खण्डों के 1,442 (751 पूर्व स्वचालन और 691 पश्च स्वचालन) चयनित प्रतिदाय मामलों का नमूना चयन किया गया था, जिनमें से 12[38] प्रतिदाय प्रकरणों के अभिलेख प्रस्तुत न करने के कारण जांच नहीं की जा सकी। इसलिए लेखापरीक्षा द्वारा 1,442 मामलों के नमूने में से 1,430 मामलों का सत्यापन किया जा सका। चयनित मामलों का विवरण इस प्रकार है:

[38] डि0कमि0 खण्ड–15 गाज़ियाबाद के आठ प्रतिदाय मामले और डि0कमि0 खण्ड–16 गाज़ियाबाद के चार मामले के लेखापरीक्षा के लिए नहीं भेजे गये जिन्हे आग में नष्ट हुआ बताया गया है।

lkj.kh-2-6

Ø- l-	izfrnk; Js.kh	la[;k	/kujkf'k ¼₹ djksM+ esa½	lSDVl@ ok0d0dk0 dh la[;k
1.	कर के भुगतान के बिना निर्यात के कारण अप्रयुक्त इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) की वापसी	823	504.74	80
2.	कर के भुगतान के साथ वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात पर भुगतान किए गए कर की वापसी	5	5.67	4
3.	कर के भुगतान के बिना एस0ई0जेड इकाई/एस0ई0जेड0 डेवलपर को की गई आपूर्ति के कारण अप्रयुक्त आईटीसी की वापसी	17	27.14	3
4.	एस0ई0जेड0/इकाई/एस0इ0जेड0 डेवलपर को की गई आपूर्ति पर कर के भुगतान के साथ भुगतान किए गए कर की वापसी	4	3.81	2
5.	प्रतिलोमित कर संरचना के कारण जमा की गयी अप्रयुक्त आईटीसी की वापसी	375	940.91	87
6.	डीम्ड निर्यात आपूर्ति पर भुगतान किए गए कर के आपूर्तिकर्ता को वापसी	5	1.04	2
7.	डीम्ड निर्यात आपूर्ति पर भुगतान किए गए कर के प्राप्तकर्ता को वापसी	2	0.99	1
8.	इलेक्ट्रॉनिक कैश लेजर में अतिरिक्त शेष की वापसी	145	31.71	77
9.	कर के अधिक भुगतान की वापसी	11	1.67	10
10.	राज्य के भीतर आपूर्ति पर भुगतान किए गए कर की वापसी जिसे बाद में अंतर–राज्य आपूर्ति माना जाता है और इसके उलट	1	0.58	1
11.	मूल्यांकन/अनंतिम मूल्यांकन/अपील/किसी अन्य आदेश के कारण प्रतिदाय	18	1.43	6
12.	किसी अन्य आधार या कारण से प्रतिदाय	36	6.28	30
	;kx	**1,442**	**1,525.97**	

y[kkijh{kk dk ifj.kke

1,430 प्रतिदाय दावों की विस्तृत जाँच के दौरान लेखापरीक्षा ने प्रतिदाय दावों की स्वीकृति में विलम्ब, प्रतिदाय के अधिक/अनियमित भुगतान और प्रतिदाय दावों को संसाधित करते समय अन्य विभिन्न कमियों को देखा जिनका विवरण निम्नवत हैं।

lkj.kh-2-7

Ø- l-	y[kkijh{kk i{k.kksa dh izd`fr	;kx				y[kk ijh{kk uewus ls dfe;ksa dh izfr'krrk ¼la-d- vuqlkj½
		y[kk ijh{kk uewuk		dfe;ka		
		la-	/kujkf'k ¼₹ djksM+ esa½	la-	dj izHkko ¼₹ djksM+ esa½	
1	पावती का समयान्तर्गत जारी न किया जाना	1,430	1,523.50	76	लागू नहीं	5.31

2	प्रतिदाय आदेशों का समय पर स्वीकृत न किया जाना	1,430	1,523.50	122	0.14	8.53
3	अधिक / अनियमित प्रतिदाय / कर दिया जाना	1,430	1,523.50	31	5.51	2.17
4	प्रतिदाय दावों के प्रसंस्करण में विविध कमियाँ	1,430	1,523.50	15	लागू नहीं	1.05

लेखापरीक्षा परिणामों पर अनुवर्ती पैराग्राफों में चर्चा की गई है।

2.2.7 ikorh le;kUrxZr fuxZr u fd;k tkuk

उ0प्र0मा0से0क0 अधिनियम, 2017 की धारा 54 (7), सपठित उ0प्र0मा0से0क0 नियमावली, 2017 के नियम 90 (1) और (2) यह प्रावधानित करता है कि जहां आवेदन इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर (इ0क्रे0ले0) से प्रतिदाय के दावे से संबंधित है, वहां आवेदक को सामान्य पोर्टल के माध्यम से एक पावती फॉर्म मा0से0क0 आरएफडी–02 में इलेक्ट्रॉनिक रूप से उपलब्ध कराया जाएगा, जिसमें स्पष्ट रूप से प्रतिदाय के लिए दावा करने की तारीख और समय अवधि यानी प्रतिदाय आवेदन के प्रसंस्करण के लिए निर्दिष्ट 60 दिन का उल्लेख होगा। इ0क्रे0ले0 के अलावा अन्य प्रतिदाय से संबंधित आवेदन को सम्पूर्ण रूप से जाँच करके उक्त आवेदन दाखिल करने के 15 दिनों की अवधि के भीतर उचित अधिकारी को अग्रेषित किया जाएगा। आवेदक को सामान्य पोर्टल के माध्यम से 15 दिनों के भीतर फॉर्म मा0से0क0 आरएफडी–02 में एक पावती उपलब्ध कराई जाएगी।

लेखापरीक्षा ने 152 वा0क0का0 (फरवरी से नवंबर 2021 के मध्य) के 739 पूर्व स्वचालन और 691 पश्च स्वचालन चयनित मामलों की नमूना जांच की और 36 वा0क0का0 के 30 पूर्व स्वचालन और 46 पश्च स्वचालन के प्रतिदाय[39] मामलों में यह पाया गया कि ₹ 65.85 करोड़ के प्रतिदाय की प्रक्रिया में पावती निर्गत करने में एक प्रकरण में छः माह, तीन प्रकरणों में तीन माह से छः माह तथा 72 प्रकरणों में तीन माह से कम का विलम्ब हुआ। इसके परिणामस्वरूप उ0प्र0मा0से0क0 नियमावली, 2017 के नियम 90 के प्रावधानों का पालन नहीं किया गया है। विवरण **ifjf'k"V&XII** में दिया गया है।

लेखापरीक्षा ने प्रकरण को विभाग को (अप्रैल 2022) प्रतिवेदित किया। उत्तर में (जुलाई 2022) विभाग ने लेखापरीक्षा आपत्तियों को स्वीकार किया और समय के भीतर पावती जारी न करने के विभिन्न कारण बताए जैसे कि सिस्टम की कमियाँ, कोविड महामारी के दौरान देशव्यापी लॉकडाउन और नई मा0से0क0 प्रणाली से परिचित न होने के कारण पूर्व स्वचालन अवधि से संबंधित मामलों में डीलरों ने प्रतिदाय आवेदन हार्ड कॉपी में समर्थित दस्तावेजों के साथ समय पर जमा नहीं किया और जोर देकर कहा कि इसमें कोई राजस्व हानि नहीं हुई।

समय पर पावती जारी न होने के कारण के सम्बन्ध में विभाग का उत्तर स्वतः स्पष्ट है।

[39] खण्ड–04 आगरा, खण्ड–10 आगरा, खण्ड–11 आगरा, खण्ड–12 आगरा, खण्ड–13 आगरा, खण्ड–16 आगरा, खण्ड–01 अलीगढ़, खण्ड–11 अलीगढ़, जेसी–सीसी–I गाज़ियाबाद, जेसी–सीसी–II गाज़ियाबाद, खण्ड–04 गाज़ियाबाद, खण्ड–06 गाज़ियाबाद, खण्ड–13 गाज़ियाबाद, खण्ड–15 गाज़ियाबाद, खण्ड–17 गाज़ियाबाद, खण्ड–02 जी0सी0 नगर, जेसी–सीसी–I कानपुर, खण्ड–01 कानपुर, खण्ड–05 कानपुर, खण्ड–06 कानपुर, खण्ड–11 कानपुर, खण्ड–13 कानपुर, खण्ड–21 कानपुर, खण्ड–22 कानपुर, खण्ड–24 कानपुर, खण्ड–26 कानपुर, खण्ड–27 कानपुर, खण्ड–28 कानपुर, खण्ड–04 लखनऊ, खण्ड–07 लखनऊ, खण्ड–01 मुरादाबाद, खण्ड–04 मुरादाबाद, खण्ड–05 मुरादाबाद, खण्ड–06 मुरादाबाद, खण्ड–09 मुरादाबाद, खण्ड–10 नोएडा।

2.2.8 çfrnk; vkn'k le;kUrxZr Loh—r u fd;k tkuk

उत्तर प्रदेश माल एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 54(7) सपठित उत्तर प्रदेश माल एवं सेवा कर (उ0प्र0मा0से0क0) नियमावली, 2017 के नियम 92 के अनुसार प्रतिदाय आवेदन जमा करने पर अधिकारी परीक्षण की प्रक्रिया को पूरा करेगा। वह जांच करेगा कि क्या प्रतिदाय दावा राशि देय है और आवेदक को देय है और फिर फॉर्म मा0से0क0 आरएफडी–06 में एक आदेश देगा, जिसमें आवेदन प्राप्त होने के 60 दिनों के भीतर आवेदक की प्रतिदाय की राशि की स्वीकृति दी जाएगी। सक्षम अधिकारी को शून्य दर आपूर्ति के मामले में अनंतिम आधार पर उसे वापस की गई राशि, यदि कोई हो, का भी उल्लेख करना चाहिए। उ0प्र0मा0से0क0 अधिनियम, 2017 की धारा 56 के अनुसार, यदि आवेदक को देय कोई प्रतिदाय आवेदन प्राप्त होने की तारीख से 60 दिनों के भीतर नहीं किया जाता है, तो 6/9 प्रतिशत की दर से ब्याज का भुगतान किया जाएगा।

लेखापरीक्षा ने 152 वा0क0का0 (फरवरी से नवंबर 2021 के मध्य) के 739 पूर्व स्वचालन और 691 पश्च स्वचालन चयनित मामलों की नमूना जाँच की और 25[40] वा0क0का0 के 110 पूर्व स्वचालन और 12 पश्च स्वचालन प्रतिदाय मामलों की स्वीकृति में यह पाया गया कि 19 प्रकरणों में छः माह, 35 प्रकरणों में तीन से छः माह तथा 68 प्रकरणों में तीन माह से कम का विलम्ब हुआ। परिणामस्वरूप, विभाग ने ₹ 8.77 करोड़ के प्रतिदाय को विलम्ब से स्वीकृत करने पर दावेदारों को उ0प्र0मा0से0क0 अधिनियम, 2017 की धारा 54 (7) के अंतर्गत ₹ 13.99 लाख के ब्याज का भुगतान नहीं किया गया। विवरण **ifjf'k"V&XIII** में दिया गया है।

लेखापरीक्षा ने मामले को विभाग को प्रतिवेदित किया (अप्रैल 2022)। विभाग ने उत्तर में (जुलाई 2022), लेखापरीक्षा आपत्तियों को स्वीकार किया और समय पर प्रतिदाय आदेशों को स्वीकृत न करने के विभिन्न कारणों को बताया जैसे कि सिस्टम की कमियाँ, कोविड महामारी के दौरान देशव्यापी लॉकडाउन और नई मा0से0क0 प्रणाली से परिचित न होने के कारण पूर्व स्वचालन अवधि से संबंधित मामलों में डीलरों ने प्रतिदाय आवेदन हार्ड कॉपी में समर्थित दस्तावेजों के साथ समय पर जमा नहीं किया और जोर देकर कहा कि इसमें कोई राजस्व हानि नहीं हुई।

समय पर प्रतिदाय आदेशों के जारी न होने के कारण के सम्बन्ध में विभाग का उत्तर स्वतः स्पष्ट है।

2.2.9 vufre çfrnk; le;kUrxZr Loh—r u fd;k tkuk

उ0प्र0मा0से0क0 अधिनियम, 2017 की धारा 54 (6) उ0प्र0मा0से0क0 नियमावली, 2017 के नियम 91 में प्रावधान है कि शून्य दर आपूर्ति के कारण अनंतिम प्रतिदाय इस शर्त के अधीन दिया जाएगा कि प्रतिदाय का दावा करने वाले व्यक्ति पर संबंधित कर अवधि से ठीक पहले के पांच वर्षों के किसी अवधि में, अधिनियम के अंतर्गत या विद्यमान कानून के अंतर्गत किसी भी अपराध के लिए मुकदमा नहीं चलाया गया हो, जहां करापवंचन की राशि ₹ 2.5 करोड़ से अधिक है। सक्षम अधिकारी इसके बाद आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन और साक्ष्यों की जांच करेगा। प्रथम दृष्टया संतुष्ट होने पर, वह पावती की तारीख से सात दिनों से अनधिक अवधि के भीतर अनंतिम आधार पर उक्त आवेदक को देय प्रतिदाय की राशि को स्वीकृत करते हुए फॉर्म मा0से0क0 आरएफडी–04 में एक अनंतिम प्रतिदाय आदेश देगा।

---

[40] जेसी–सीसी आगरा, खण्ड–9,10,15, आगरा, जेसी–सीसी, गोरखपुर, जेसी (सीसी–II) कानपुर, खण्ड–06,09,13,15,16,20,21,26 एवं 28 कानपुर, खण्ड–09 लखनऊ, खण्ड–01,05,06,07,09,10, मुरादाबाद, खण्ड–03 एवं 04 नोएडा, खण्ड–01 प्रयागराज।

लेखापरीक्षा ने (फरवरी से नवंबर 2021 के मध्य) 152 वा0क0का0 के 1,430 नमूना मामलों में से 85 वा0क0का0 के शून्य दर आपूर्ति से संबंधित 856 मामलों की नमूना जाँच की और पाया कि सात[41] वा0क0का0 के 10 पूर्व स्वचालन और एक पश्च स्वचालन प्रतिदाय मामलों में अंनतिम प्रतिदाय की स्वीकृति में दो से लेकर 52 दिनों तक का विलम्ब हुआ। इसके परिणामस्वरूप उपरोक्त प्रावधानों का पालन नहीं हुआ। विवरण **ifjf'k"V&XIV** में दिया गया है।

लेखापरीक्षा ने प्रकरण को विभाग को (अप्रैल 2022) प्रतिवेदित किया। उत्तर में (जुलाई 2022) विभाग ने पाँच प्रकरणों में लेखापरीक्षा आपत्तियों को स्वीकार किया। शेष छः प्रकरणों में विभाग ने लेखापरीक्षा आपत्तियों को स्वीकार नहीं किया। लेखापरीक्षा आपत्तियों को स्वीकार न करने के प्रकरणों में विभागीय उत्तरों का विश्लेषण **lkj.kh&2-8** में सूचीबद्ध है।

lkj.kh&2-8

Ø- l-	**y[kkijh{kk bdkbZ@ i{k.k lk{; e**	**foHkkxh; mRrj lk{; e**	**[kaMu**
1	**[k.M&1 vkxjk%** अनंतिम प्रतिदाय की स्वीकृति में 37 दिन का विलम्ब हुआ।	विभाग ने बताया कि 12.07.2019 को कमी का ज्ञापन जारी करने के बाद 09.08.2019 को एक नया आवेदन किया गया और 13.08.2019 को अंतिम प्रतिदाय समय से स्वीकृत हुआ।	उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि दिनांक 01.07. 2019 को आवेदक को पावती जारी करने के बाद दिनांक 12.07.2019 को कमी का ज्ञापन का जारी करने का कोई औचित्य नहीं था।
2	अ. **tslh ¼lhlh½&II dkuiqj%** अनंतिम प्रतिदाय की स्वीकृति में 13 दिन का विलम्ब हुआ।	विभाग ने बताया कि ₹ 15.66 लाख की राशि को अस्वीकृत करते हुए दिनांक 05.07.2019 को आरएफडी–04 जारी किया गया।	विभाग ने अपने उत्तर में आरएफडी–04 की स्वीकृति में विलम्ब का कोई कारण नहीं बताया।
	ब. अनंतिम प्रतिदाय की स्वीकृति में 33 दिन का विलम्ब हुआ।	विभाग ने बताया कि ₹ 11.99 लाख की राशि को अस्वीकृत करते हुए दिनांक 22.10.2019 को आरएफडी–04 जारी किया गया।	
	स. अनंतिम प्रतिदाय की स्वीकृति में 17 दिन का विलम्ब हुआ।	विभाग ने बताया कि ₹ 1.86 लाख की राशि को अस्वीकृत करते हुए दिनांक 05.07.2019 को आरएफडी–04 जारी किया गया।	
3	अ. **[k.M&12 uks,Mk%** अनंतिम प्रतिदाय की स्वीकृति में 17 दिन का विलम्ब हुआ।	विभाग ने कहा कि रिफण्ड आवेदन के साथ समर्थित दस्तावेज अधिक मात्रा में थे और पठनीय नहीं थे।	विभाग ने दस्तावेजों की अधिक मात्रा और दस्तावेजों की अपठनीयता के कारण विलम्ब को स्वीकार किया।
	ब. अनंतिम प्रतिदाय की स्वीकृति में 48 दिन का विलम्ब हुआ।		

[41] खण्ड–01,09,12,15, आगरा, जेसी (सीसी)–II कानपुर, खण्ड–06 मुरादाबाद एवं खण्ड–12 नोएडा।

2.2.10 vufre çfrnk; dh vfu;fer Loh—fr

उ0प्र0मा0से0क0 अधिनियम, 2017 की धारा 54 (6), के अनुसार पंजीकृत व्यक्तियों द्वारा किए गए माल या सेवाओं या दोनों की शून्य दर आपूर्ति के कारण प्रतिदाय के लिए किसी भी दावे के मामले में, दावा किए गए प्रतिदाय की कुल राशि का 90 प्रतिशत अनंतिम आधार पर स्वीकृत किया जा सकता है और उसके बाद सक्षम अधिकारी, आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के उचित सत्यापन के बाद प्रतिदाय के दावे के अंतिम भुगतान के लिए उप धारा (5) के अंतर्गत एक आदेश जारी करेगा। इस प्रकार, वस्तुओं और/या सेवाओं की शून्य दर आपूर्ति के कारण अनंतिम प्रतिदाय की स्वीकृति दी जाती है न कि अन्य श्रेणियों में।

लेखापरीक्षा ने 152 वा0क0का0 के 1,430 नमूना मामलों (फरवरी से नवंबर 2021 के मध्य) में से 134 वा0क0का0 में वस्तुओं और सेवाओं की शून्य दर आपूर्ति के अतिरिक्त अन्य से संबंधित 586 मामले की नमूना जाँच की और दो[42] वा0क0का0 के तीन प्रतिदाय मामलों में पाया गया कि पंजीकृत व्यक्तियों ने प्रतिदाय श्रेणियों में ₹ 1.05 करोड़ के प्रतिदाय का दावा किया था यथा कर का अधिक भुगतान, प्रतिलोमित कर संरचना और किसी अन्य श्रेणियों। विभाग ने पंजीकृत व्यक्तियों को ₹ 94.59 लाख का अनंतिम प्रतिदाय स्वीकृत किया, जबकि अनंतिम प्रतिदाय केवल माल और/अथवा सेवाओं की शून्य दर आपूर्ति के कारण ही स्वीकृत किया जाता है। विभाग ने प्रतिदाय को अंतिम रूप देते समय माल एवं सेवाओं की आपूर्ति के विवरण की उचित जाँच नहीं की जिसके परिणामस्वरूप ₹ 94.59 लाख का अनियमित प्रतिदाय हुआ। विवरण **ifjf'k"V& XV** में दिया गया है।

लेखापरीक्षा ने मामले को विभाग को (अप्रैल 2022) प्रतिवेदित किया। उत्तर में (जुलाई 2022) विभाग ने दो मामलों में लेखापरीक्षा आपत्तियों को स्वीकार किया। एक मामले में विभाग ने लेखापरीक्षा आपत्ति को स्वीकार नहीं किया। इस मामले में विभाग के उत्तर का विश्लेषण **lkj.kh&2-9** में सूचीबद्ध है।

lkj.kh&2-9

Ø- l-	y[kkijh{kk bdkbZ@i{k.k l{ki esa	foHkkxh; mRrj l{ki esa	[kaMu
1	**[kaM&5] ok0d0 dkuiqj** अनन्तिम प्रतिदाय कर के अधिक भुगतान श्रेणी में किया गया जबकि धारा 54(6) के अंतर्गत अनन्तिम प्रतिदाय केवल शून्य दर श्रेणी में ही अनुमन्य है।	विभाग ने कहा कि उ0प्र0मा0से0क0 अधिनियम, 2017 की धारा 54(6) के अंतर्गत वस्तुओं और सेवाओं अथवा दोनों के शून्य दर आपूर्ति के साथ अन्य श्रेणियों में भी अनन्तिम प्रतिदाय को देने पर प्रतिबंध नहीं है।	उत्तर स्वीकार्य नहीं है, क्योंकि उ0प्र0मा0 से0क0 अधिनियम, 2017 की धारा 54(6) के अनुसार केवल शून्य दर आपूर्ति के मामलों में ही अनन्तिम प्रतिदाय अनुमन्य है।

2.2.11 lsok vkSj iwathxr oLrqvksa ij vçtr vkÃVhlh dk çfrnk; esa 'kkfey dj fy;k tkuk

उ0प्र0मा0से0क0 अधिनियम, 2017 की धारा 54 (3) के अनुसार किसी पंजीकृत व्यक्ति द्वारा अप्रयुक्त आईटीसी के प्रतिदाय का दावा किसी भी कर अवधि के अंत में किया जा सकता है। उ0प्र0मा0से0क0 नियमावली, 2017 के नियम 89(4) में वस्तुओं या सेवाओं

[42] खण्ड–03 नोएडा एवं खण्ड–05 कानपुर।

की शून्य दर आपूर्ति के मामले में प्रतिदाय देने का सूत्र[43] निर्धारित किया गया है। वस्तुओं और सेवाओं की शून्य दर आपूर्ति के मामले में, "शुद्ध आईटीसी" का अर्थ संगत अवधि के दौरान इनपुट और इनपुट सेवाओं पर प्राप्त आईटीसी है और प्रतिलोमित कर संरचना के मामले में, आईटीसी केवल इनपुट पर अर्जित होता है। के0मा0 से0क0/रा0मा0से0क0 अधिनियम, 2017 की धारा 73 में प्रावधान है कि त्रुटिपूर्ण प्रतिदाय की राशि करदाता से धारा 50 के अंतर्गत लागू ब्याज के साथ वसूल की जाएगी।

लेखापरीक्षा ने 152 वा0क0का0 के 1,430 नमूना मामलों (फरवरी से नवंबर 2021 के मध्य) में से 136 वा0क0का0 के वस्तुओं और सेवाओं की शून्य दर आपूर्ति एवं प्रतिलोमित कर संरचना से सम्बन्धित 1,231 नमूना मामलों की जाँच की और सात[44] वा0क0का0 के तीन पूर्व स्वचालन और छः पश्च स्वचालन मामलों में यह पाया कि पंजीकृत व्यक्ति ने ₹ 4.17 करोड़ के प्रतिदाय का दावा किया जिसे विभाग द्वारा स्वीकृत किया गया। पंजीकृत व्यक्तियों ने प्रतिदाय दावों की गणना करते समय शुद्ध आईटीसी में सेवाओं और पूंजीगत वस्तुओं पर प्राप्त ₹ 18.48 लाख के आईटीसी को शामिल किया था। विभाग की ओर से विवरणियों की जांच करने में चूक के परिणामस्वरूप ₹ 17.28 लाख के अधिक प्रतिदाय की स्वीकृति हुई जो ₹ 4.07 लाख के ब्याज सहित वसूलनीय थी। विवरण **ifjf'k"V& XVI** में दिया गया है।

लेखापरीक्षा ने मामले को विभाग (अप्रैल 2022) को प्रतिवेदित किया। उत्तर में (जुलाई 2022) विभाग ने ₹ 4.07 लाख के ब्याज के साथ ₹ 17.29 लाख की राशि के नौ मामलों में लेखापरीक्षा टिप्पणियों को स्वीकार किया, जिसमें से तीन मामलों में ₹ 0.33 लाख के ब्याज के साथ ₹ 2.31 लाख की वसूली और ₹ 0.20 लाख शास्ति विभाग द्वारा प्रतिवेदित किया गया। छः मामलों में विभाग ने बताया कि वसूली की कार्यवाही चल रही है।

2.2.12 ifrykfer dj lajpuk esa vfèkd çfrnk; vuqeU; fd;k tkuk

उ0प्र0मा0से0क0 अधिनियम, 2017 की धारा 54 (3) के अनुसार, एक पंजीकृत व्यक्ति किसी भी कर अवधि के अंत में किसी भी अप्रयुक्त आईटीसी की वापसी का दावा कर सकता है, जहां कर की दर से अधिक इनपुट पर कर की दर के कारण उत्पादन आपूर्ति पर क्रेडिट जमा हुआ है (अर्थात, प्रतिलोमित कर संरचना)। इसके अतिरिक्त, उ0प्र0मा0से0क0 नियमावली, 2017 के नियम 89(5) में प्रतिलोमित कर संरचना के कारण अप्रयुक्त आईटीसी के अधिकतम प्रतिदाय का सूत्र[45] निर्धारित किया गया है। नियम के अनुसार, प्रतिदाय की गणना के उद्देश्य से शुद्ध आईटीसी में सुसंगत अवधि के दौरान इनपुट की खरीद पर प्राप्त आईटीसी शामिल है, लेकिन इनपुट सेवाओं और पूंजीगत वस्तुओं पर लिया गया क्रेडिट शामिल नहीं है।

लेखापरीक्षा ने नमूना जांच की (फरवरी से नवंबर 2021 के मध्य) और 152 वा0क0का0 के 1,430 नमूना मामलों में से 80 वा0क0का0 के प्रतिलोमित शुल्क संरचना से संबंधित 375 मामलों पर यह देखा गया कि जेसी–सीसी रेंज–बी, सीटी नोएडा, के एक पूर्व स्वचालन मामले में, पंजीकृत व्यक्ति ने माल और सेवाओं की श्रेणी की प्रतिलोमित दर

---

[43] शून्य–दर वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति के मामले में प्रतिदाय राशि = (शून्य–दर वस्तुओं की आपूर्ति का टर्नओवर + शून्य–दर सेवाओं की आपूर्ति का टर्नओवर) x शुद्ध आईटीसी ÷ समायोजित कुल टर्नओवर और वस्तु एवं प्रतिलोमित दर सेवाओं की आपूर्ति मामले की प्रतिदाय राशि = (प्रतिलोमित दर माल की आपूर्ति का टर्नओवर + प्रतिलोमित दर सेवाओं की आपूर्ति का टर्नओवर) x शुद्ध आईटीसी/समायोजित किया गया सकल टर्नओवर – इस तरह की प्रतिलोमित दर वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति पर देय कर।

[44] खण्ड–06 एवं 08 गाज़ियाबाद, खण्ड–03 जी0बी0 नगर, जे0सी0–सी0सी0–ख0, जी0बी0 नगर खण्ड–09,10 एवं खण्ड–14 नोएडा।

[45] प्रतिदाय राशि = (प्रतिलोमित दर माल की आपूर्ति का टर्नओवर + प्रतिलोमित दर सेवाओं की आपूर्ति का टर्नओवर) x शुद्ध आईटीसी/समायोजित किया गया सकल टर्नओवर – इस तरह की प्रतिलोमित दर वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति पर देय कर।

आपूर्ति के कारण ₹ 1.23 करोड़ की वापसी का दावा किया था जिसे क0नि0प्रा0 द्वारा स्वीकृत किया गया था। पंजीकृत व्यक्ति ने संबंधित अवधि के दौरान सकल आईटीसी से ₹ 1.88 करोड़ की सेवाओं से संबंधित ₹ 12.16 लाख के आईटीसी की कटौती के बाद ₹ 1.76 करोड़ के शुद्ध आईटीसी का दावा किया था। लेखापरीक्षा गणना के अनुसार सेवाओं से संबंधित आईटीसी ₹ 17.96 लाख थी। इस प्रकार, सेवाओं से संबंधित ₹ 5.80 लाख की आईटीसी अतिरिक्त रूप से सकल आईटीसी से कटौती योग्य थी। विभाग ने प्रतिदाय को अंतिम रूप देते समय इस तथ्य की उचित जांच नहीं की जिसके परिणामस्वरूप ₹ 5.26 लाख का अधिक प्रतिदाय हुआ जो ₹ 1.08 लाख के ब्याज सहित वसूली योग्य था। विवरण **परिशिष्ट-XVII** में दिया गया है।

लेखापरीक्षा ने मामले को विभाग को (अप्रैल 2022) प्रतिवेदित किया। उत्तर में (जुलाई 2022) विभाग ने लेखापरीक्षा आपत्ति को स्वीकार किया तथा ₹ 2.07 लाख के ब्याज सहित ₹ 5.67 लाख के कर की वसूली प्रतिवेदित की गई।

2.2.13 दो वर्ष की सुसंगत अवधि के बाद कर प्राधिकारी द्वारा प्रतिदाय स्वीकृत किया जाना

उ0प्र0मा0से0क0 अधिनियम, 2017 की धारा 54 की उप–धारा (1) और (3) के अनुसार, कोई भी व्यक्ति किसी कर के प्रतिदाय और ब्याज का दावा करता है, यदि कोई हो, तो ऐसे कर पर किये गये भुगतान अथवा उसके द्वारा भुगतान की गई कोई अन्य राशि हो तो, वह उपयुक्त तिथि[46] से दो वर्ष की समाप्ति से पहले निर्धारित रीति और रूप में आवेदन कर सकता है। उ0प्र0मा0से0क0 नियमावली, 2017 के नियम 61 के अनुसार प्रत्येक माह या उसके किसी भाग के लिए विवरणी ऐसे माह के अगले माह के बीसवें दिन या उससे पहले जमा किया जा सकता है।

लेखापरीक्षा ने (फरवरी से नवंबर 2021 के बीच) 152 वा0क0का0 के 1,430 नमूना मामलों में से इलेक्ट्रॉनिक कैश लेजर में अतिरिक्त शेष की वापसी को छोड़कर 135 वा0 क0का0 के 1,297 मामले की नमूना जाँच की और यह पाया कि डि0कमि0खण्ड–4, वा0क0, आगरा के प्रतिलोमित कर सरंचना के एक पश्च स्वचालन प्रतिदाय मामले में, पंजीकृत व्यक्ति ने जुलाई 2017 से सितंबर 2017 की अवधि से संबंधित 22 जनवरी 2020 को ₹ 11.11 लाख की वापसी का दावा किया था। नियमों के अनुसार, सितंबर 2017 के महीने के लिए विवरणी दाखिल करने की तारीख 20 अक्टूबर 2017 थी। उपर्युक्त अवधि के प्रतिदाय के दावे की अधिकतम समय सीमा 20 सितंबर 2019 तक थी, जबकि प्रतिदाय का दावा 22 जनवरी 2020 को किया गया था, जो दो साल की अधिकतम अवधि से अधिक था। विभाग ने प्रतिदाय को अन्तिम रूप देते समय उपयुक्त तिथि के पक्ष पर विचार नहीं किया तथा अनियमित रूप से प्रतिदाय स्वीकृत किया। विवरण **परिशिष्ट-XVIII** में दिया गया है।

लेखापरीक्षा ने मामले को विभाग को प्रतिवेदित किया (अप्रैल 2022)। उत्तर में (जुलाई 2022) विभाग ने लेखापरीक्षा आपत्ति को स्वीकार किया तथा ₹ 1.11 लाख का अर्थदण्ड एवं लागू ब्याज सहित ₹ 11.11 लाख का कर आरोपित किया।

2.2.14 अभिलेखीय साक्ष्यों पर विचार नहीं किये जाने के कारण प्रतिदाय की अधिक/अनियमित स्वीकृति

उ0प्र0मा0से0क0 अधिनियम, 2017 की धारा 54 (4) के अनुसार प्रतिदाय के लिए आवेदन के साथ दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ यह स्थापित करना होगा कि आवेदक को

[46] उपयुक्त तिथि का तात्पर्य अप्रयुक्त इनपुट कर क्रेडिट के प्रतिदाय के मामले में, धारा 39 के अधीन प्रतिफल प्रस्तुत करने की नियत तिथि जिसमें प्रतिदाय के लिए ऐसा दावा किया जाता है।

प्रतिदाय देय है। उ0प्र0मा0से0क0 नियमावली, 2017 के नियम 89 (2) (ज) में परिकल्पना की गई है कि प्रतिलोमित कर संरचना के कारण प्रतिदाय के प्रकरण में आवेदन के साथ (i) कर अवधि के दौरान प्राप्त बीजकों की संख्या और तिथि का विवरण (ii) कर अवधि के दौरान जारी किए गए बीजकों की संख्या और तिथि का विवरण होगा। अग्रेतर, उ0प्र0मा0से0क0 नियमावली 2017 का नियम 89 (5) प्रतिलोमित शुल्क संरचना के कारण अप्रयुक्त आईटीसी की अधिकतम वापसी के लिए सूत्र निर्धारित करता है। नियम के अनुसार, शुद्ध आईटीसी में केवल उपयुक्त अवधि के दौरान इनपुट पर प्राप्त आईटीसी शामिल है और इनपुट सेवाओं पर प्राप्त क्रेडिट शामिल नहीं है।

लेखापरीक्षा ने 152 वा0क0का0 (फरवरी से नवंबर 2021 के मध्य) के 739 पूर्व स्वचालन और 691 पश्च स्वचालन मामलों की नमूना जांच की और यह पाया गया कि तीन[47] वा0क0का0 के दो पूर्व स्वचालन और एक पश्च स्वचालन मामलों में पंजीकृत व्यक्तियों ने ₹ 83.83 लाख के प्रतिदाय का दावा किया, जिसे विभाग द्वारा स्वीकृत किया गया था। विभाग ने दस्तावेजी साक्ष्यों (विवरण–1ए और अनुलग्नक 'बी') में दर्शाए गए ₹ 2.60 करोड़ के शुद्ध आईटीसी के स्थान पर पंजीकृत व्यक्ति द्वारा दावा किए गए ₹ 3.91 करोड़ के शुद्ध आईटीसी पर विचार किया। विभाग ने प्रकरणों को अन्तिम रूप देते समय तथ्यों की जाँच नहीं की जिसके परिणामस्वरूप ₹ 72.80 लाख का अधिक/अनियमित प्रतिदाय हुआ। विवरण **ifjf'k"V& XIX** में दिया गया है।

लेखापरीक्षा ने मामले को विभाग को (अप्रैल 2022) प्रतिवेदित किया। उत्तर में (जुलाई 2022) विभाग ने लेखापरीक्षा आपत्ति को आंशिक रूप से स्वीकार किया तथा ब्याज सहित कर की वसूली की। ₹ 36.37 लाख के एक अन्य मामले में कार्यवाही चल रही है। विभाग ने एक मामले में लेखापरीक्षा आपत्ति को स्वीकार नहीं किया। इस मामले में विभाग के उत्तर का विश्लेषण **lkj.kh 2-10** में सूचीबद्ध है।

lkj.kh–2-10

Ø-l	ys[kkijh{kk bdkbZ@i{k.k lf{kIr e	foHkkxh; mRrj lf{kIr e	[kaMu
1.	**tlh ¼lhlh&I½ xkft;kckn** कर निर्धारण प्राधिकारी ने विवरण 1ए में दर्शाये गए शुद्ध आई. टी. सी. ₹ 124.12 लाख के स्थान पर ₹ 190.36 लाख शुद्ध आई. टी.सी. को स्वीकार किया जिसके परिणामस्वरूप प्रतिदाय की गणना में ₹ 35.68 लाख का अनियमित प्रतिदाय हुआ।	विवरण 1ए क्रय पर आई. टी.सी प्रदर्शित करता है। जून 2019 की समाप्ति पर ई. सी. एल. (इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर) का शेष ₹ 192.44 लाख था।	विभागीय उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि पंजीकृत व्यक्ति के द्वारा प्रतिदाय आवेदन के साथ जमा किए विवरण 1ए में शुद्ध आई. टी.सी ₹ 124.12 लाख थी जो प्रतिदाय की गणना के लिए अनुमन्य थी।

2.2.15 ,e0lh0d0 Hkqxrku dk vfèkd çfrnk; Loh—r fd;k tkuk

ए0मा0से0क0 अधिनियम, 2017 की धारा 16(3) में प्रावधान है कि एक पंजीकृत व्यक्ति के0मा0से0क0 अधिनियम की धारा 54 या उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के प्रावधानों के अनुसार एकीकृत कर के भुगतान एवं माल एवं सेवाओं अथवा दोनों की आपूर्ति पर भुगतान किए गए ऐसे कर के प्रतिदाय का दावा कुछ शर्तों सुरक्षा उपायों और प्रक्रिया के अधीन जैसा कि निर्धारित किया गया हो, कर सकता है।

[47] खण्ड–05, जेसी–सीसी–I, गाज़ियाबाद एवं खण्ड–06 गाज़ियाबाद।

लेखापरीक्षा ने (फरवरी से नवंबर 2021 के मध्य) 152 वा0क0का0 के 1,430 नमूना मामलों में से माल और सेवाओं की शून्य दर आपूर्ति (कर के भुगतान के साथ) से संबंधित 8 वा0क0का0 के 9 मामलों की जाँच की और यह देखा कि जेसी (सीसी–I), वा0क0 लखनऊ के एक प्रतिदाय के मामले में (कर के भुगतान के साथ) पंजीकृत व्यक्ति ने माह सितंबर 2018 के लिए माल के निर्यात पर भुगतान किए गए आईजीएसटी के ₹ 1.35 करोड़ के लिए प्रतिदाय का दावा किया था। सितंबर 2018 के विवरणी 3बी के अनुसार पंजीकृत व्यक्ति ने ₹ 1.62 करोड़ के शून्य दर माल का निर्यात किया था और ₹ 67.33 लाख के आईजीएसटी का भुगतान किया था। अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पंजीकृत व्यक्ति शून्य दर माल के निर्यात पर भुगतान किए गए आईजीएसटी की सीमा तक मात्र ₹ 67.33 लाख के प्रतिदाय के लिए पात्र था। विभाग, विवरणियों की उचित जाँच करने में विफल रहा जिसके परिणामस्वरूप ₹ 67.22 लाख का अधिक प्रतिदाय हुआ जो ₹ 35.40 लाख के ब्याज सहित वसूलनीय था। विवरण **ifjf'k"V& XX** में दिया गया है।

लेखापरीक्षा ने मामले को विभाग को (अप्रैल 2022) प्रतिवेदित किया। उत्तर में (जुलाई 2022) विभाग ने कहा कि प्रतिदाय 2018–19 और नवंबर एवं दिसंबर 2017 की अवधि से संबंधित था।

विभाग का उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि दावा की गई अवधि (सितम्बर 2018) प्रतिदाय आवेदन आरएफडी–01 में स्पष्ट रूप से उल्लिखित थी जो कि प्रतिदाय के लिए स्वीकार्य थी। नवंबर और दिसंबर 2017 की अवधि, जिसका उल्लेख प्रतिदाय आवेदन में नहीं किया गया था, स्वीकार्य नहीं थी।

2.2.16 'kq) vkÃ0Vh0lh0 dh nkok—r èkujkf'k ij fopkj u fd;s tkus dk dkj.k vfèkd çfrnk; dh vuqeU;rk

उ0प्र0मा0से0क0 अधिनियम, 2017 की धारा 54 (4) के अनुसार प्रतिदाय के लिए आवेदन निर्धारित किए गए दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ होना चाहिए। उ0प्र0मा0से0क0 नियमावली, 2017 के नियम 89 (2) (ब) में परिकल्पना की गई है कि माल के निर्यात के लिए प्रतिदाय आवेदन के साथ (i) शिपिंग बिल/निर्यात के बिल की संख्या और तिथि का विवरण (ii) प्रासंगिक निर्यात बीजकों की संख्या एवं तिथि का विवरण होगा। इसके अलावा, उ0प्र0मा0से0क0 नियमावली, 2017 का नियम 89 (4) बांड/एलयूटी के अंतर्गत निर्यात के मामले में आईटीसी की वापसी की गणना के लिए सूत्र[48] निर्धारित करता है।

लेखापरीक्षा ने (फरवरी से नवंबर 2021 के मध्य) 152 वा0क0का0 के 1,430 नमूना मामलों में से 136 वा0क0का0 के शून्य दर माल और सेवाओं की आपूर्ति और प्रतिलोमित शुल्क संरचना से संबंधित 1,231 मामलों की नमूना जाँच की और देखा कि डि0कमि0 खण्ड–14 नोएडा के एक पूर्व स्वचालन मामले में, पंजीकृत व्यक्तियों ने ₹ 51.51 लाख के प्रतिदाय का दावा किया जिसे विभाग द्वारा स्वीकृत किया गया। पंजीकृत व्यक्तियों ने फरवरी 2019 के लिए आईटीसी के समर्थन में प्रस्तुत विवरण के अनुसार ₹ 36.21 लाख के स्थान पर आरएफडी–01ए[49] में शुद्ध आईटीसी ₹ 51.51 लाख दर्शाया। जबकि वस्तुओं की शून्य दर आपूर्ति के कारण अप्रयुक्त आईटीसी की अधिकतम प्रतिदाय के लिए निर्धारित सूत्र के अनुसार और सेवाओं के लिए स्वीकार्य प्रतिदाय की अधिकतम राशि ₹ 36.21 लाख थी। विभाग ने आईटीसी के समर्थन में प्रस्तुत विवरण की उचित जाँच नहीं की जिसके परिणामस्वरूप ₹ 15.29 लाख का

[48] प्रतिदाय राशि = (शून्य–दर माल की आपूर्ति का टर्नओवर + शून्य–दर सेवाओं की आपूर्ति का टर्नओवर) x शुद्ध आईटीसी/समायोजित किया गया सकल टर्नओवर।

[49] प्रतिदाय आवेदन

अधिक प्रतिदाय हुआ जो ₹ 6.54 लाख के ब्याज सहित वसूलनीय था। विवरण **ifjf'k"V&XXI** में दिया गया है।

लेखापरीक्षा ने मामले को विभाग को (अप्रैल 2022) प्रतिवेदित किया। उत्तर में (जुलाई 2022), विभाग ने लेखापरीक्षा प्रेक्षण को स्वीकार नहीं किया और कहा कि धारा 54 (3) के अनुसार पंजीकृत व्यक्ति अप्रयुक्त आईटीसी के प्रतिदाय का दावा किसी भी कर अवधि के अंत में कर सकता है। उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि पंजीकृत व्यक्ति को संबंधित अवधि की वापसी के लिए अनुमति दी गई थी जैसा कि प्रतिदाय आवेदन आरएफडी–01 (फरवरी 2019) में दावा किया गया था। नवंबर 2018 के लिए प्रतिदाय स्वीकार्य नहीं था क्योंकि यह उपयुक्त अवधि से संबंधित नहीं था।

2.2.17 f'kçix fcy e fu;kr eY; ij fopkj u fd; tku d dkj.k vfèkd çfrnk; vuqeU; fd;k tkuk

उ0प्र0मा0से0क0 अधिनियम, 2017 की धारा 54 (4) में कहा गया है कि प्रतिदाय के लिए आवेदन दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ होना चाहिए जो निर्धारित किया गया हो। उ0प्र0मा0से0क0 नियम, 2017 के नियम 89 (2) (ब) में परिकल्पना की गई है कि माल के निर्यात के कारण प्रतिदाय के लिए शिपिंग बिल/निर्यात बिलों की संख्या और तिथि और सुसंगत निर्यात चालान की संख्या और तारीख वाले एक विवरण की आवश्यकता होती है। नियम 89 के उप–नियम 4 में बांड या एलयूटी के अंतर्गत कर के भुगतान के बिना माल की शून्य दर आपूर्ति के मामलों में प्रतिदाय की स्वीकृति के लिए सूत्र[50] प्रदान किया गया है। के0मा0से0क0 अधिनियम, 2017 की धारा 73 के प्रावधान के अनुसार गलत प्रतिदाय की राशि करदाता से धारा 50 के अंतर्गत लागू ब्याज के साथ वसूल की जाएगी।

लेखापरीक्षा ने (फरवरी से नवंबर 2021 के मध्य) 152 वा0क0का0 के 1,430 नमूना मामलों में से शून्य दर आपूर्ति से संबंधित 87 वा0क0का0 के 828 मामले की नमूना जांच की और देखा कि डि0कमि0 खण्ड–14 वा0क0 नोएडा के एक पश्च स्वचालन प्रतिदाय मामले में, पंजीकृत व्यक्ति ने ₹ 45.88 लाख के प्रतिदाय का दावा किया और ₹ 6.10 करोड़ के शिपिंग बिल राशि पर निर्यात टर्नओवर के स्थान पर आरएफडी–01 में ₹ 7.22 करोड़ का निर्यात बताया था, जिसके विरुद्ध विभाग द्वारा ₹ 45.60 लाख का प्रतिदाय स्वीकृत किया। जबकि, शिपिंग बिल की वास्तविक निर्यात राशि पर विचार करते हुए, स्वीकार्य प्रतिदाय की राशि ₹ 43.42 लाख थी। विभाग ने प्रतिदाय के दावे को अंतिम रूप देते समय निर्यात के लिए शिपिंग बिल राशि पर विचार नहीं किया जिसके परिणामस्वरूप ₹ 2.18 लाख का अधिक प्रतिदाय हुआ जो ₹ 65,879 के ब्याज के साथ वसूलनीय था। विवरण **ifjf'k"V&XXII** में दिया गया है।

लेखापरीक्षा ने मामले को विभाग को (अप्रैल 2022) प्रतिवेदित किया। उत्तर में (जुलाई 2022) विभाग ने कहा कि 1.20 करोड़ रुपये के कुछ निर्यात बिल अपलोड करने रह गए थे जिन्हें बाद में जीएसटीआर–1 में अपलोड किया गया था। विभाग का उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि पंजीकृत व्यक्तियों को प्रतिदाय आवेदन के समय समर्थित शिपिंग बिलों का विवरण प्रस्तुत करना था।

[50] प्रतिदाय राशि = (शून्य–दर माल की आपूर्ति का टर्नओवर + शून्य–दर सेवाओं की आपूर्ति का टर्नओवर) x शुद्ध आईटीसी/समायोजित किया गया सकल टर्नओवर।

2.2.18 lDy Vuvkoj dk xyr lek;kftr djus ij çfrnk; dk vfèkd vuqeksn; fd;k tkuk

धारा 54 (3), उप–धारा (10) के प्रावधानों के अधीन, एक पंजीकृत व्यक्ति किसी भी कर अवधि के अंत में किसी भी अप्रयुक्त आईटीसी के प्रतिदाय का दावा कर सकता है। उ0प्र0मा0से0क0 नियमावली, 2017 के नियम 89 (4) (ङ) के अनुसार, "समायोजित सकल टर्नओवर" का तात्पर्य राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में टर्नओवर से है, जैसा कि धारा 2 के खंड (112) के अंतर्गत परिभाषित किया गया है, सुसंगत अवधि[51] के दौरान शून्य दर आपूर्ति के अतिरिक्त अन्य करमुक्त आपूर्ति के मूल्य को छोड़कर। उ0प्र0मा0से0क0 अधिनियम, 2017 की धारा 73 में प्रावधान है कि गलत प्रतिदाय की राशि धारा 50 के अंतर्गत लागू ब्याज के साथ पंजीकृत व्यक्ति से वसूल की जानी है।

लेखापरीक्षा ने (फरवरी से नवंबर 2021 के मध्य) 152 वा0क0का0 के 1,430 नमूना मामलों में से 123 वा0क0का0 के 1,215 माल और सेवाओं की शून्य दर आपूर्ति और प्रतिलोमित शुल्क संरचना श्रेणी से संबंधित मामले की नमूना जाँच की और देखा कि एक पूर्व स्वचालन प्रतिदाय मामले में डि0कमि0 खण्ड–13, वा0क0 नोएडा के पंजीकृत व्यक्ति ने अगस्त और सितंबर 2017 के महीने के लिए ₹ 25.31 लाख के प्रतिदाय का दावा किया जिसे विभाग द्वारा स्वीकृत किया गया था। कर योग्य व्यक्ति ने दावा की जाने वाली अधिकतम प्रतिदाय राशि की गणना करते समय आरएफडी–01 में समायोजित सकल टर्नओवर ₹ 2.49 करोड़, माल और सेवाओं की शून्य दर आपूर्ति का टर्नओवर ₹ 2.49 करोड़ और आरएफडी–01[52] में शुद्ध आईटीसी ₹ 25.31 लाख दर्शाया गया था। जबकि सितंबर 2017 के जी0एस0टी0आर–1 में कर योग्य आपूर्ति ₹ 30.84 लाख और निर्यात आपूर्ति ₹ 2.49 करोड़ थी। अगस्त 2017 के महीने में कोई आपूर्ति नहीं की गई थी। इस प्रकार, ₹ 2.80 करोड़ के संशोधित समायोजित सकल टर्नओवर को सूत्र[53] में लागू करते हुए, स्वीकार्य कुल प्रतिदाय राशि ₹ 22.52 लाख ही है। विभाग ने प्रतिदाय दावे को अंतिम रूप देते समय सूत्र में सकल टर्नओवर की जाँच नहीं की जिसके परिणामस्वरूप ₹ 2.79 लाख का अधिक प्रतिदाय हुआ जो ₹ 1.39 लाख के ब्याज सहित वसूली योग्य था। विवरण **ifjf'k"V& XXIII** में दिया गया है।

लेखापरीक्षा ने मामले को विभाग को (अप्रैल 2022) प्रतिवेदित किया। उत्तर में (जुलाई 2022) विभाग ने लेखापरीक्षा आपत्ति को स्वीकार किया और कहा कि वसूली की कार्यवाही प्रक्रियाधीन थी।

2.2.19 vuqi;qDr vofèk ds f'kçix fcy dk lR;kfir djrs gq, vfèkd çfrnk; vuqeksn; fd;k tkuk

उ0प्र0मा0से0क0 अधिनियम, 2017 की धारा 54(4) यह निर्धारित करती है कि प्रतिदाय के लिए आवेदन निर्धारित दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ होना चाहिए। उ0प्र0मा0से0क0 नियमावली, 2017 के नियम 89(2) (ब) के अनुसार वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात के

---

51 "उपयुक्त अवधि" जिसका तात्पर्य है कि जिस अवधि के लिए दावा दाखिल किया गया है। धारा 2 खंड (112) "राज्य में टर्नओवर या संघ राज्यक्षेत्र में टर्नओवर" से सभी कर योग्य आपूर्तियों का कुल मूल्य अभिप्रेत है (आवक आपूर्ति को छोड़कर, जिस पर कर किसी व्यक्ति द्वारा प्रतिवर्ती प्रभार आधार पर संदेय है) एवं माल या सेवाओं या दोनों के निर्यात द्वारा किसी राज्य या संघ राज्यक्षेत्र के अन्दर की जाने वाली आपूर्तियों को कर योग्य व्यक्ति द्वारा छूट, उक्त कराधेय व्यक्ति द्वारा राज्य या संघ राज्यक्षेत्र से बनाए गए माल या सेवाओं या दोनों के अंतर्राज्यीय आपूर्ति किन्तु केंद्रीय कर, राज्य कर, संघ राज्यक्षेत्र कर एकीकृत कर और उपकर से बाहर हैं।

52 प्रतिदाय हेतु आवेदन

53 प्रतिदाय राशि = (शून्य–दर माल की आपूर्ति का टर्नओवर + शून्य–दर सेवाओं की आपूर्ति का टर्नओवर) x शुद्ध आईटीसी/समायोजित किया गया सकल टर्नओवर।

आधार पर प्रतिदाय आवेदन के साथ एक विवरण जिसमें संख्या और शिपिंग बिल का दिनांक/निर्यात संगत चालान की संख्या एवं दिनांक होगा। अग्रेतर उ0प्र0मा0से0क0 नियमावली 2017 के नियम 89 (4) (स) के अनुसार, माल के शून्य दर आपूर्ति के टर्नओवर को सुसंगत अवधि के दौरान की गई आपूर्ति के विरुद्ध माना जाएगा, जिसके लिए प्रतिदाय का दावा किया गया है।

लेखापरीक्षा ने (फरवरी से नवंबर 2021 के बीच) 152 वा0क0का0 के 1,430 नमूना मामलों में से 82 वा0क0का0 के माल एवं सेवाओं की शून्य दर आपूर्ति से संबंधित 823 मामले नमूना जांच की और देखा कि चार[54] वा0क0का0 के माल और सेवाओं की शून्य दर आपूर्ति के कारण तीन पूर्व स्वचालन और दो पश्च स्वचालन के मामलों में पंजीकृत व्यक्तियों ने ₹ 4.82 करोड़ के प्रतिदाय का दावा किया जिसे विभाग द्वारा स्वीकृत किया गया। पंजीकृत व्यक्तियों ने ₹ 87.07 करोड़ के माल की शून्य दर आपूर्ति और सकल समायोजित टर्नओवर ₹ 133.78 करोड़ दर्शाया था। माल के शून्य दर आपूर्ति के टर्नओवर की गणना करते समय कर योग्य व्यक्तियों ने ₹ 21.71 करोड़ का निर्यात टर्नओवर शामिल किया था जो कि शिपिंग बिलों में वर्णित उपयुक्त अवधि से संबंधित नहीं था। शिपिंग बिल के अनुसार संबंधित अवधि के दौरान किए गए निर्यात का टर्नओवर मात्र ₹ 65.36 करोड़ है और लेखापरीक्षा के अनुसार ₹ 4.09 करोड़ के प्रतिदाय की गणना होती है। विभाग ने माल की शून्य दर आपूर्ति की सही राशि पर विचार किए बिना प्रतिदाय की स्वीकृति दे दी, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 72.12[55] लाख का अधिक प्रतिदाय हुआ जो कि लेखापरीक्षा की तिथि तक ₹ 29.08 लाख के ब्याज के साथ वसूलनीय था। विवरण **ifjf'k"V&XXIV** में दिया गया है।

लेखापरीक्षा ने मामले को विभाग को (अप्रैल 2022) प्रतिवेदित किया। उत्तर में (जुलाई 2022) विभाग ने ₹ 18.61 लाख के ब्याज के साथ ₹ 37.53 लाख की राशि के चार प्रकरणों में लेखापरीक्षा आपत्तियों को स्वीकार किया और कहा कि वसूली की कार्यवाही की प्रक्रिया चल रही थी। एक प्रकरण में विभाग ने लेखापरीक्षा आपत्ति को स्वीकार नहीं किया। इस मामले में विभाग के उत्तर का विश्लेषण **lkj.kh 2-11** में सूचीबद्ध है।

lkj.kh&2-11

Ø- l-	y[kkijhf{kr bdkÃ@ ç{k.k l{ki e	foHkkxh; mRrj l{ki e	[k.Mu
1	**tlh lhlh thch uxj** क0नि0प्रा0 ने माल की शून्य दर आपूर्ति की धनराशि पर विचार किए बिना प्रतिदाय अनुमन्य किया जिसके परिणामस्वरूप ₹ 34.58 लाख का अधिक प्रतिदाय हुआ जो ब्याज सहित वसूलनीय था।	₹ 6.43 करोड़ के शिपिंग बिल अक्टूबर 2019 का जी0एस0 टी0 आर0–1 दाखिल करने के पूर्व प्राप्त किये गए इसलिए इसे अक्टूबर 2019 के जी0एस0 टी0आर0–1 और 3बी में घोषित नहीं किया गया और इसे माह अक्टूबर 2019 के प्रतिदाय की गणना में लिया गया।	विभागीय उत्तर स्वीकार्य नही है क्योंकि प्रतिदाय उपयुक्त अवधि (नवम्बर 2019) के लिए ही अनुमन्य किया जाना था। अक्टूबर 2019 के लिए दावा किया गया प्रतिदाय उपयुक्त अवधि से सम्बन्धित न होने के कारण स्वीकार्य नहीं था।

[54] जेसी सीसी रेन्ज ए–नोएडा, खण्ड–01 नोयडा, खण्ड–08 नोएडा एवं खण्ड–09 नोएडा।

[55] (₹ 4.82 करोड़ – ₹ 4.09 करोड़)।

2.2.20 vo:) ØfMV ij vf/kd ifrnk; vuqeU; fd;k tkuk

उ0प्र0मा0से0क0 अधिनियम, 2017 की धारा 17 (5) यह निर्धारित करती है कि जहाँ पंजीकृत व्यक्ति द्वारा माल या सेवाओं या दोनों का उपयोग आंशिक रूप से किसी व्यवसाय के उद्देश्य के लिए और आंशिक रूप से अन्य उद्देश्यों के लिए किया जाता है, वहां क्रेडिट की राशि उस हिस्से तक सीमित होगी जो इनपुट टैक्स के रूप में उसके व्यवसाय के उद्देश्यों के लिए जिम्मेदार है। धारा 16 की उप–धारा (1) और धारा 18 की उप–धारा (1) में कुछ भी शामिल होने के बावजूद, अवरुद्ध क्रेडिट[56] के संबंध में आईटीसी उपलब्ध नहीं होगा।

लेखापरीक्षा ने (फरवरी से नवंबर 2021 के मध्य) 152 वा0क0का0 के 1,430 नमूना मामलों में से 136 वा0क0का0 के माल और सेवाओं की शून्य दर आपूर्ति और प्रतिलोमित शुल्क संरचना से संबंधित 1,231 मामलों की नमूना जांच की और यह देखा कि दो[57] वा0क0का0 के एक पूर्व स्वचालन और एक पश्च स्वचालन प्रतिदाय प्रकरणों में पंजीकृत व्यक्तियों ने ₹ 47.78 लाख के प्रतिदाय का दावा किया था जिसके विरूद्ध विभाग द्वारा ₹ 47.49 लाख स्वीकृत किये गये। पंजीकृत व्यक्तियों ने संबंधित अवधि के दौरान ₹ 60.13 लाख का आईटीसी अर्जित किया था, जिसमें ₹ 2.24 लाख मोटर वाहनों की सेवाओं से संबंधित था जिसके लिए प्रतिदाय की अनुमति नहीं थी। अतः पंजीकृत व्यक्ति को ₹ 57.89 लाख का शुद्ध आईटीसी अनुमन्य थी। सूत्र[58] में सही शुद्ध आईटीसी लागू करने पर प्रतिदाय की अधिकतम राशि ₹ 45.68 लाख आती है। प्रतिदाय की प्रक्रिया करते समय क0नि0प्रा0 द्वारा इस पहलू पर ध्यान नहीं दिया गया जिसके परिणामस्वरूप ₹ 1.81 लाख का अधिक प्रतिदाय हुआ जो ₹ 68,321 के ब्याज सहित वसूली योग्य है। विवरण **ifjf'k"V&XXV** में दिया गया है।

लेखापरीक्षा ने मामले को विभाग को प्रतिवेदित किया (अप्रैल 2022)। उत्तर में (जुलाई 2022) विभाग ने दोनों मामलों में ₹ 1.81 लाख की राशि के ₹ 68,321 के ब्याज सहित लेखापरीक्षा आपत्तियों को स्वीकार किया तथा ₹ 68,321 के ब्याज सहित ₹ 1.81 लाख की वसूली प्रतिवेदित की।

2.2.21 lokvk ij xyr nj dk dkj.k çfrnk; vf/kd vuqeU; fd;k tkuk

उ0प्र0मा0से0क0 नियमावली, 2017 के नियम 89(4) के अनुसार सेवाओं की शून्य दर आपूर्ति इस प्रकार वर्णित है ''सेवाओं के शून्य दर आपूर्ति, सेवाओ के शून्य दर आपूर्ति के लिए सुसंगत अवधि के दौरान प्राप्त भुगतानों का सकल योग है और सेवाओं के शून्य दर आपूर्ति जहाँ आपूर्ति पूर्ण हो गयी जिसके लिए सुसंगत अवधि से पूर्व के किसी अवधि में अग्रिम के तौर पर भुगतान प्राप्त हुआ था जिसे सेवाओं के शून्य दर आपूर्ति के लिए प्राप्त अग्रिमों द्वारा घटाया गया है जिसके लिए सुसंगत अवधि के दौरान सेवाओं की आपूर्ति पूर्ण नहीं हुई थी।''

लेखापरीक्षा ने (फरवरी से नवंबर 2021 के मध्य) 152 वा0क0का0 के 1,430 नमूना मामलों में से 123 वा0क0का0 के माल एवं सेवाओं की शून्य दर आपूर्ति और प्रतिलोमित शुल्क संरचना से संबंधित 1,219 मामले की जाँच की और देखा कि दो[59] वा0क0का0 के दो प्रतिदाय के मामलों में सेवाओं की शून्य दर आपूर्ति के कारण पंजीकृत व्यक्तियों

---

[56] मोटर वाहनो, भोजन एवं पेय पदार्थो की सेवा।

[57] खण्ड–02 नोएडा एवं खण्ड–13 नोएडा।

[58] प्रतिलोमित दर वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति का टर्नओवर x शुद्ध आई0टी0सी0/समायोजित किया गया सकल टर्नओवर–आईएनवीआईटीसी के मामले में प्रतिलोमित दर वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति पर देय कर तथा वस्तुओं/सेवाओं के निर्यात के मामले में शून्य दर वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति का टर्नओवर x सकल इनपुट कर क्रेडिट/समायोजित सकल टर्नओवर।

[59] खण्ड–08 नोएडा एवं खण्ड–09 नोएडा।

ने विभाग द्वारा स्वीकृत ₹ 2.93 करोड़ के अप्रयुक्त आईटीसी के प्रतिदाय का दावा किया। पंजीकृत व्यक्तियों ने सेवाओं की शून्य दर आपूर्ति का आवर्त ₹ 15.06 करोड़ के स्थान पर ₹ 21.79 करोड़ दर्शाया। विभाग ने निर्धारित सूत्र[60] के अनुसार ₹ 21.79 करोड़ की सेवाओं की शून्य दर आपूर्ति को ध्यान में रखते हुए ₹ 2.34 करोड़ के स्थान पर ₹ 2.93 करोड़ की त्रुटिपूर्ण गणना की, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 58.57 लाख का अधिक प्रतिदाय हुआ, यह ₹ 26.56 लाख के ब्याज सहित वसूलनीय है। विवरण **ifjf'k"V&XXVI** में दिया गया है।

लेखापरीक्षा ने मामले को विभाग को (अप्रैल 2022) प्रतिवेदित किया। उत्तर में (जुलाई 2022) विभाग ने दोनों लेखापरीक्षा आपत्तियों को स्वीकार किया और कहा कि वसूली की कार्यवाही की प्रक्रिया चल रही थी।

2.2.22 mlh cht d ij nks ckj vkÃ-Vh-lh- vuqeU; fd;s tkus ds dkj.k vfu;fer çfrnk; vuqeU; fd;k tkuk

उ0प्र0मा0से0क0 अधिनियम, 2017 की धारा 54 की उप–धारा (1) के अनुसार, कोई भी व्यक्ति किसी कर के प्रतिदाय और ब्याज का दावा करता है, यदि कोई हो, तो ऐसे कर पर किये गये भुगतान अथवा उसके द्वारा भुगतान की गई कोई अन्य राशि हो तो, वह सुसंगत तिथि से दो वर्ष की समाप्ति से पहले निर्धारित रीति और रूप में आवेदन कर सकता है। अग्रेतर धारा 54 (3) में प्रावधान है कि एक पंजीकृत व्यक्ति कर के भुगतान के बिना शून्य दर आपूर्ति के लिए किसी भी कर अवधि के अंत में किसी भी अप्रयुक्त आईटीसी के प्रतिदाय का दावा कर सकता है।

लेखापरीक्षा ने (फरवरी से नवंबर 2021 के मध्य) 152 वा0क0का0 के 1,430 नमूना मामलों में से 136 वा0क0का0 के 1,231 मामले माल और सेवाओं की शून्य दर आपूर्ति और प्रतिलोमित शुल्क संरचना से संबंधित की जाँच की और यह देखा गया कि डि0कमि0 खण्ड–1 जी0बी0 नगर में माल की शून्य दर आपूर्ति के एक पूर्व–स्वचालन प्रकरण में, एक पंजीकृत व्यक्ति ने माह जून 2018 के लिए एसईजेड इकाई/एसईजेड डेवलपर (कर के भुगतान के बिना) को की गई आपूर्ति के कारण ₹ 2.56 करोड़ के प्रतिदाय का दावा किया, जिसे विभाग द्वारा स्वीकृत किया गया था।

आईटीसी दावे के समर्थन में संलग्न अनुलग्नक का सत्यापन करते समय, यह पाया गया कि पंजीकृत व्यक्ति ने यह कहते हुए ₹ 12.62 लाख के आईटीसी का दावा किया था कि "मा0से0क0 को अब चालानों में शामिल नहीं किया गया है" (चालानों का विवरण उल्लेखित नहीं किया गया था) जबकि पंजीकृत व्यक्ति ने उसी अनुलग्नक में पिछले महीनों से संबंधित बीजकों को पहले से ही शामिल किया हुआ था। इसके परिणामस्वरूप समान बीजकों पर ₹ 12.62 लाख के आईटीसी का अधिक दावा हुआ। अग्रेतर, लिपिकीय त्रुटि के कारण जून 2018 में ₹ 11.52 लाख की आवक आपूर्ति पर ₹ 9.45 लाख के अतिरिक्त आईटीसी का दावा किया गया था। इस प्रकार, पंजीकृत व्यक्ति द्वारा ₹ 22.07 लाख के कुल अतिरिक्त आईटीसी का अनियमित रूप से दावा किया गया था। कुल अर्जित आईटीसी ₹ 3.51 करोड़ में से ₹ 22.07 लाख के इस अस्वीकार्य आईटीसी की कटौती के बाद, जून 2018 के महीने के लिए कुल स्वीकार्य आईटीसी ₹ 3.29 करोड़ है। जून 2018 के महीने के लिए जावक आपूर्ति पर देय ₹ 92.18 लाख के कर का समायोजन स्वीकार्य आई0टी0सी0 से करने पर, प्रतिदाय के लिए अधिकतम अप्रयुक्त आईटीसी ₹ 2.37 करोड़ आता है। यद्यपि, विभाग ने पंजीकृत

[60] शून्य दर वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति का टर्नओवर x सकल इनपुट कर क्रेडिट/ समायोजित सकल टर्नओवर।

व्यक्ति को ₹ 2.56 करोड़ वापस कर दिए। इसके परिणामस्वरूप अप्रयुक्त आईटीसी ₹ 19.13 लाख का अधिक प्रतिदाय हुआ जो ₹ 5.84 लाख के ब्याज सहित वसूलनीय था। विवरण **ifjf'k"V&XXVII** में दिया गया है।

लेखापरीक्षा ने मामले को विभाग को (अप्रैल 2022) प्रतिवेदित किया। उत्तर में (जुलाई 2022) विभाग ने लेखापरीक्षा आपत्ति को स्वीकार किया और कहा कि वसूली की कार्यवाही चल रही थी।

2.2.23 th0,l0Vh0,u0 ikVy ij deh ifjyf{kr gkuk

सरकार द्वारा मा0से0क0 से संबंधित सभी कार्यों को सुविधाजनक बनाने के लिए अखिल भारतीय ऑनलाइन प्लेटफॉर्म प्रदान करने के लिए 22 जून 2017 को कॉमन मा0से0क0 पोर्टल अधिसूचित किया गया। पोर्टल ने करदाताओं और अन्य हितधारकों के लिए सुविधा प्रदान की। इस पोर्टल के मुख्य रूप से दो सिरे हैं, फ्रंट और बैक एंड। इस पोर्टल का फ्रंट एंड करदाताओं के लिए और बैक एंड कर प्राधिकारियों के लिए है।

प्रतिदाय पर लेखापरीक्षा के दौरान, लेखापरीक्षा ने देखा कि एक प्रकरण[61] में सर्वर एआरएन सर्च से संबंधित सही सूचना प्रदान नहीं कर रहा था क्योंकि पोर्टल एक ही एआरएन पर दो अलग–अलग पंजीकृत व्यक्तियों से संबंधित सूचना प्रदान कर रहा था। लेखापरीक्षा ने यह भी देखा कि एक अन्य प्रकरण[62] में 17 फरवरी 2020 को आरएफडी–06 में प्रतिदाय स्वीकृत किया गया जबकि 29 फरवरी 2020 को आरएफडी–02 में पावती निर्गत की गयी। मा0से0क0 प्रतिदाय के दोहरे भुगतान के एक प्रकरण[63] में भी देखा गया कि मा0से0क0 प्रतिदाय दो बार किया गया था, यद्यपि इसे पंजीकृत व्यक्ति द्वारा स्वतः संज्ञान लेते हुए जमा किया गया। एक पश्च स्वचालन प्रकरण[64] में पंजीकृत व्यक्ति द्वारा संगत अवधि के दो साल बाद प्रतिदाय के लिए आवेदन किया गया, जिसे विभाग द्वारा स्वीकृत किया गया, जिसके परिणामस्वरूप के0मा0से0क0/रा0मा0से0क0 अधिनियम 2017 की धारा 54 के प्रावधानों का पालन नहीं किया गया था। इससे पता चलता है कि पोर्टल में उपयुक्त तिथि से दो वर्ष की समाप्ति के संबंध में कोई जाँच नहीं है। यह जीएसटीएन पोर्टल में तकनीकी कमियों की ओर इशारा करता है। विवरण **ifjf'k"V&XXVIII** में दिया गया है।

लेखापरीक्षा ने मामले को विभाग को प्रतिवेदित किया (अप्रैल 2022)। उत्तर में (जुलाई 2022) विभाग ने ₹ 81,630.00 की राशि के एक मामले में लेखापरीक्षा आपत्ति को स्वीकार किया और कहा कि वसूली की कार्यवाही चल रही थी। विभाग ने एक प्रकरण में उत्तर नहीं दिया तथा अन्य दो प्रकरणों में लेखापरीक्षा आपत्तियों को स्वीकार नहीं किया, इन प्रकरणों में विभाग के उत्तरों का विश्लेषण **lkj.kh&2-12** में सूचीबद्ध है।

---

[61] खण्ड–19 लखनऊ।
[62] खण्ड–7 आगरा।
[63] खण्ड–13 नोएडा।
[64] खण्ड–4 आगरा।

lkj.kh&2-12

Ø- l-	y[kkijhf{kr bdkÃ @ ç{k.k l{ki e	foHkkxh; mRrj l{ki e	[kMu
1	**lDVj&19 y[kuÅ%** एक एआरएन पर सर्वर दो अलग अलग सूचनाएँ दे रहा था।	सर्वर एक एआरएन के लिए एक प्रकरण प्रदर्शित करता है।	विभागीय उत्तर स्वीकार्य नही है क्योंकि पोर्टल एक ही एआरएन पर दो अलग अलग पंजीकृत व्यक्तियों से सम्बन्धित सूचनाएँ प्रदर्शित कर रहा था।
2	**lDVj&7] vkxjk%** 17.02. 2020 को आरएफडी–06 स्वीकृत करने के बाद 29. 02.2020 को आरएफडी–02 जारी किया गया।	पोर्टल पावती की तिथि 29.02.2020 एवं आरएफडी–06 की तिथि 17.03.2020 प्रदर्शित कर रहा है।	विभागीय उत्तर स्वीकार्य नही है क्योंकि 17.02.2020 को आरएफडी–06 स्वीकृत करने के बाद 29.02.2020 को आरएफडी–02 जारी किया गया।

2.2.24 fu"d"k ,o lLrfr

प्रावधानों, अधिनियम और नियमों का पालन न करना, विवरणी, आईटीसी दावे, शिपिंग बिल, खरीद और बिक्री विवरण, बिक्री टर्नओवर की उचित जाँच न करने के परिणामस्वरूप पावती जारी करने में विलम्ब, प्रतिदाय की विलम्ब स्वीकृति, कर योग्य व्यक्तियों को अधिक वापसी और अनियमित वापसी हुई।

lLrfr%

ljdkj fuèkkfjr le; vofèk d Hkhrj çfrnk; nkok dk Loh—r dju l igy lcfèkr leFkZr nLrkot d lkFk çfrnk; vkonu dh tkp d fy, mfpr vfèkdkfj;k dk funs'k tkjh dju ij fopkj dj ldrh gA

v/;k;&III: LVkEi ,oa fucU/ku Qhl

3-1 dj i'kklu

राज्य में स्टाम्प शुल्क तथा निबन्धन फीस का आरोपण एवं संग्रहण भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (भा0 स्टा0 अधिनियम), निबन्धन अधिनियम, 1908 तथा उनके अधीन बनाये गये नियमों जैसा कि उत्तर प्रदेश में लागू है, के अनुसार नियन्त्रित किया जाता है। विलेखों के निष्पादन पर उपरोक्त अधिनियमों के अधीन निर्धारित दरों के अनुसार स्टाम्प शुल्क एवं निबन्धन फीस आरोपित किया जाता है। इस तरह के शुल्क का भुगतान विलेखों के निष्पादकों द्वारा मुद्रित स्टाम्प पेपर अथवा ई–स्टाम्प द्वारा किया जाता है। राज्य सरकार द्वारा निबन्धन अधिनियम, 1908 और उसके अन्तर्गत बनाए गए नियमों के अधीन निबन्धन फीस के निर्धारण और संग्रहण की प्रणाली को व्यापक रूप से रेखांकित करते है। उत्तर प्रदेश स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) नियमावली, 1997 के प्रावधानों के अनुसार जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित सर्किल रेट के अनुसार सम्पत्तियों का मूल्यांकन विर्निदिष्ट किया जाता है। उप–निबन्धक या निबन्धन अधिकारी उनके सामने प्रस्तुत दस्तावेजों की जांच करता है एवं देखता है कि वे अनुमन्य समय के अन्दर प्रस्तुत किए गये हैं तथा लेखपत्र भा0 स्टा0 अधिनियम, 1899 के अनुसार उचित रूप से स्टाम्पित है।

3-2 lxBukRed <kpk

शासन स्तर पर नीति निर्धारण, अनुश्रवण एवं नियन्त्रण का कार्य प्रमुख सचिव, स्टाम्प एवं निबन्धन द्वारा किया जाता है। महानिरीक्षक, निबन्धन (म0नि0नि0) स्टाम्प एवं निबन्धन विभाग के प्रमुख होते हैं। वह निबन्धन कार्य के अधीक्षण एवं प्रशासन हेतु अधिकृत है। म0नि0 की सहायता क्रमशः मुख्यालय स्तर पर चार अपर महानिरीक्षक, मुख्यालय/मण्डल स्तर पर 23 उप महानिरीक्षक (उ0म0नि0), जिला/मुख्यालय स्तर पर 92 सहायक महानिरीक्षक (स0म0नि0) और तहसील स्तर पर 372 उप निबन्धकों (उ0नि0) द्वारा की जाती है। संगठनात्मक ढाँचे का वर्णन नीचे **pkV&3-1** में दर्शाया गया है।

pkV&3-1% lxBukRed <kpk



3-3 y[kkijh{kk dk ifj.kke

वर्ष 2021–22 के दौरान स्टाम्प एवं निबन्धन विभाग की 438 लेखापरीक्षा योग्य इकाइयों में से कार्यालय प्रमुख सचिव, स्टाम्प एवं निबन्धन विभाग एवं 60 उप निबन्धक कार्यालयों (उ0नि0का0) (14 प्रतिशत) की नमूना जाँच की गयी। 60 उप निबन्धक कार्यालयों में से 36 कार्यालयों में ”बन्धक विलेखों पर स्टाम्प व अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क के आरोपण एवं संग्रहण” पर अनुपालन लेखापरीक्षा भी की गयी। लेखापरीक्षा में 708 मामलों में ₹ 351.30 करोड़ धनराशि की कमियाँ एवं अनियमिततायें पायी गयीं, जैसा कि **lkj.kh&3-1** में वर्णित है–

lkj.kh&3-1

Øe l0	Jf.k;k	Ekkeyk dh l[;k	/kujkf'k (₹ djkM e)
1	''बन्धक विलेखों पर स्टाम्प एवं अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क का आरोपण एवं संग्रहण'' पर अनुपालन लेखापरीक्षा	208	300.58
2	विलेखों के त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण के कारण स्टाम्प एवं निबन्धन फीस का कम आरोपण	115	30.02
3	भा0 स्टा0 अधिनियम, 1899 की धारा 27 के उल्लंघन के कारण स्टाम्प शुल्क एवं निबन्धन फीस का कम आरोपण	209	15.00
4	सम्पत्तियों के अवमूल्यांकन के कारण स्टाम्प शुल्क एवं निबन्धन फीस का कम आरोपण	58	2.66
5	अन्य अनियमिततायें	118	3.04
	;kx	**708**	**351-30**

3-4 ^^cU/kd foy[kk ij LVkEi ,o vfrfjDr LVkEi 'kYd d vkjki.k ,o lxg.k^^ ij vuikyu y[kkijh{kk

3-4-1 cU/kd foy[k dk ifjp;

भा0 स्टा0 अधिनियम, 1899 की धारा 2 (17) में परिभाषित है कि ”बंधक विलेख” में प्रत्येक वह विलेख शामिल है, जिससे ऋण के रूप में दिये गये अग्रिम, या दिये जाने वाले धन, या किसी वर्तमान या भविष्य की देनदारी की अदायगी, या किसी प्रतिज्ञा को पूरा करने की जमानत के लिए कोई व्यक्ति किसी निश्चित सम्पत्ति को या उससे सम्बन्धित अधिकार को, दूसरे किसी अन्य को अन्तरित करे, या उस पर, उसका अधिकार सृजित करे। बन्धक विलेखों (बिना कब्जा) पर उक्त अधिनियम की अनुसूची–1ख के अनुच्छेद 40 के अन्तर्गत स्टाम्प शुल्क आरोपणीय है।

3-4-2 jktLo ikfIr;k d :>ku

2018–19 से 2020–21 की अवधि के दौरान मुख्य लेखा शीर्ष 0030–स्टाम्प एवं निबन्धन फीस के अन्तर्गत विभिन्न विलेखों के निबन्धन पर संग्रहीत स्टाम्प शुल्क एवं निबन्धन फीस का विवरण निम्नवत् है:

lkj.kh&3-2% jktLo izkfIr;ksa dk :>ku

/kujkf'k ¼₹ djksM+ esa½				
foRrh; o"kZ	iathd`r y[ki=ksa dh la[;k	LFkkxhr dsy 'kqYd ¼LVkEi ,oa vfrfjDr LVkEi 'kqYd½	fucU/ku Qhl	dqy jktLo
¼1½	¼2½	¼3½	¼4½	¼5½
2018–19	35,81,002	13,319.54	2,413.49	15,733.03
2019–20	34,87,816	13,514.83	2,554.97	16,069.80
2020–21	35,07,635	13,849.64	2,625.60	16,475.24

(स्रोतः ऑकड़े वित्त लेखे से लिये गये है एवं कॉलम (2) के ऑंकड़ें विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये हैं)

lkj.kh&3-3% vfrfjDr LVkEi 'kqYd dk laxg.k] dVkSrh ,oa vkoaVu

/kujkf'k ¼₹ djksM+ esa½						
foRrh; o"kZ	dqy laxghr vfrfjDr LVkEi 'kqYd	4 izfr'kr dh nj ls dVkSrh fd;k x;k vku"kfxd 0;;	4 izfr'kr dh nj ls dVkSrh fd;k laxg.k 0;;	MsMhdsVsM vcZu VkaliksVZ Q.M ds vUrxZr 25 izfr'kr dh nj ls dh x;h dVkSrh	dqy dVkSrh	vkoaVu ds fy;s Hkstk x;h dqy /kujkf'k
¼1½	¼2½	¼3½	¼4½	¼5½ ¿2&¼3$4½À x 25%	¼6½	¼7½
2018–19	2,009.55	80.38	80.38	462.20	622.96	1,386.59
2019–20	2,135.48	85.42	85.42	491.16	662.00	1,473.48
2020–21	2,214.09	88.56	88.56	509.24	686.36	1,527.73

(स्रोतः ऑकड़ें विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये है।)

lkj.kh&3-3 के कॉलम (3), (4) एवं (5) में दर्शायी गयी सभी कटौतियाँ दिनांक 13 सितम्बर 2013 के शासकीय आदेश[1] (शा0आ0) के अन्तर्गत की गयी थी। कॉलम (3) एवं (4) में दर्शायी गयी कटौतियाँ विभाग द्वारा ही रख ली गयी, जबकि कॉलम (5) में दर्शायी गयी कटौती उपरोक्त शासनादेश के प्रावधानों के तहत "डेडीकेटेड अर्बन ट्रांसपोर्ट फण्ड" को हस्तान्तरित कर दी गयी। कॉलम (7) में दर्शायी गयी धनराशि को आवंटन के लिए वित्त विभाग को प्रेषित किया गया जिसे वह राज्य सरकार के राजपत्र में अधिसूचित निर्दिष्ट सिद्धान्तों के आधार पर समय–समय पर ऐसे अनुपात में निर्धारित करेगा जिसे वह विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद एवं नगर महापालिका अथवा म्यूनिसिपल बोर्ड को आवंटित करेगा।

3-4-3 Ys[kkijh{kk ds mn~ns';

लेखापरीक्षा यह सुनिश्चित करने के लिये की गयी थी कि क्याः

(i) बन्धक विलेखों के सन्दर्भ में स्टाम्प शुल्क एवं अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क का आरोपण व संग्रहण सरकार एवं विभाग द्वारा जारी अधिनियमों, नियमों और अधिसूचनाओं/आदेशों के प्रावधानों के अनुरूप किया जा रहा है।

[1] सं0का.नि0–5–1149/11–2013–312(268)/2001 दिनांक 13 सितम्बर 2013।

(ii) विभाग में अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क के संग्रहण, लेखांकन एवं आवंटन के सम्बन्ध में प्रचलित प्रणाली पर्याप्त है।

3-4-4 y[kkijh{kk dk;l {k= vkj dk;li.kkyh

वर्ष 2020–21 के लिए जनपद–वार राजस्व एवं बन्धक विलेखों (बिना कब्जा) के सन्दर्भ में राजस्व संग्रहण के आधार पर निम्नलिखित दो चरणों को अपनाते हुये लेखापरीक्षा इकाइयों का चयन किया गया:

Pkj.k&1% वर्ष 2020–21 के लिये जनपद–वार राजस्व (स्टाम्प शुल्क एवं निबन्धन फीस) की स्थिति को अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया गया तथा 75 जनपदों में से शीर्ष 11 जनपदों[2] का चयन किया गया।

pj.k&2% 11 जनपदों में 43 उपनिबन्धक कार्यालयों को उनके बन्धक विलेखों (बिना कब्जा) के सन्दर्भ में उनके राजस्व संग्रह के अनुसार अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया गया और 36 उपनिबन्धक कार्यालयों[3] को लेखापरीक्षा के लिये चुना गया।

म0नि0 निबन्धन के साथ एक परिचयात्मक गोष्ठी का आयोजन दिनांक 20 जुलाई 2021 को किया गया जिसमें लेखापरीक्षा उददेश्यों, कार्यक्षेत्र और कार्यप्रणाली पर चर्चा की गयी। लेखापरीक्षा के दौरान, 11 जनपदों में स्थित 36 चयनित उप निबन्धक कार्यालयों के बन्धक विलेखों (बिना कब्जा), स्वत्व पत्रों के निक्षेप विलेखों और जमानतनामा विलेखों की अवधि वर्ष 2018–19 से 2020–21 तक के अभिलेखों[4] की जाँच अगस्त 2021 एवं मार्च 2022 के मध्य की गयी। शासन के साथ एक समापन गोष्ठी का आयोजन दिनांक 12 जुलाई 2022 को किया गया जिसमें लेखापरीक्षा परिणामों पर चर्चा की गयी। शासन/विभाग के विचारों को प्रतिवेदन में उपयुक्त रूप से शामिल किया गया है।

Ykk[kkijh{kk dk ifj.kke

3-4-5 cU/kd foy[kk ¼fcuk dCtk½ ij LVkEi vkj vfrfjDr LVkEi 'kYd d vkjki.k l lEcfU/kr vfu;ferrk;

राज्य सरकार की अधिसूचना[5] दिनांक 25 मई 2001 के अनुसार बन्धक विलेखों पर आरोपणीय[6] स्टाम्प शुल्क से, धनराशि की उस सीमा तक जो ₹ पांच लाख से अधिक है, को माफ कर दिया गया। अनुवर्ती अधिसूचना[7] दिनांक 10 जुलाई 2008 के द्वारा शासन ने पूर्व में निर्गत अधिसूचना में आंशिक संशोधन करते हुए स्टाम्प शुल्क आरोपण (बन्धक बिना कब्जा के किसी भी विलेख पर), ₹ पाँच लाख की सीमा का उल्लेख किये बिना, उस सीमा तक जो ऐसे विलेखों द्वारा प्रतिभूत रकम पर प्रत्येक एक हजार रूपया

---

2 आगरा, बरेली, गोरखपुर, जी0बी0नगर, गाजियाबाद, कानपुर नगर, लखनऊ, मथुरा, मेरठ, प्रयागराज और वाराणसी।

3 उ0नि0–द्वितीय एवं तृतीय आगरा, उ0नि0–द्वितीय बरेली, उ0नि0–प्रथम एवं द्वितीय गोरखपुर, उ0नि0–प्रथम, द्वितीय, ग्रेटर नोयडा एंव दादरी जी0बी0नगर, उ0नि0–प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम एवं मोदीनगर गाजियाबाद, उ0नि0–द्वितीय एवं तृतीय कानपुर नगर, उ0नि0–द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम, मोहनलालगंज एवं सरोजनीनगर लखनऊ, उ0नि0–प्रथम एवं द्वितीय मथुरा, उ0नि0–प्रथम, तृतीय एवं सरधना मेरठ, उ0नि0–प्रथम, द्वितीय, फूलपुर एवं करछना प्रयागराज और उ0नि0–प्रथम, द्वितीय, चतुर्थ एवं गंगापुर वाराणसी।

4 पंजीकृत विलेखों एवं *स्याहा*।

5 अधिसूचना सं0.का0नि0–5–3139/II-2001–500(121)/2000 टी0सी0 दिनांक 25 मई, 2001।

6 अनुसूची एक–ख के अनुच्छेद 40 के खण्ड ख और ग के अधीन।

7 अधिसूचना सं0.का0नि0–5–2758/XI-2008–500(159)–2006 लखनऊ दिनांक 10 जुलाई, 2008।

(0.5 प्रतिशत) या उसके भाग पर ₹ पाँच की दर से आगणित शुल्क की धनराशि से अधिक है, छूट प्रदान की गयी।

उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973[8] (उ0प्र0न0नि0वि0 अधिनियम, 1973) प्रावधानित करती है कि भा0 स्टा0 अधिनियम, 1899 द्वारा अचल सम्पत्ति के अन्तरण के लेख–पत्र पर आरोपित स्टाम्प शुल्क ऐसी अचल सम्पत्ति के सम्बन्ध में, जो किसी विकास क्षेत्र में स्थित हो, उस मूल्य अथवा प्रतिफल की राशि जिस पर स्टाम्प शुल्क आरोपित किया गया है को दो प्रतिशत तक बढ़ा दिया जायेगा।

उपर्युक्त प्रावधानों/अधिसूचनाओं के अनुपालन में विभाग की विफलता की चर्चा नीचे प्रस्तर संख्या 3.4.5.1, 3.4.5.2 और 3.4.5.3 में की गयी है:

3-4-5-1 lqjf{kr /kujkf'k ₹ nks ls nl djksM+ ds e/; okys c/kd foys[kks ¼fcuk dCtk½ ij vfrfjDr LVkEi 'kqYd dk de vkjksi.k

mRrj izns'k uxj fu;kstu ,oa fodkl vf/kfu;e] 1973 ds v/khu ₹ nks ls nl djksM+ ds e/; dh lqjf{kr /kujkf'k okys cU/kd foys[kks ¼fcuk dCtk½ ij ₹ 4-01 djksM+ dk vfrfjDr LVkEi 'kqYd vkjksi.k ugha fd;k x;kA

36 उपनिबन्धक कार्यालयों में से 15 की नमूना जाँच में लेखापरीक्षा ने देखा कि बन्धक (बिना कब्जा) के 51 विलेखपत्रों (कुल 1,332 विलेखपत्रों में से) जिनकी सुरक्षित धनराशि ₹ दो से दस करोड़ के मध्य थी, ऋण की अदायगी को सुनिश्चित करने/परियोजनाओं को समय से पूरा करने हेतु निष्पादित एवं निबन्धित किये गये थे। बन्धक विलेखों (बिना कब्जा) के सन्दर्भ में अधिनियमों और उसके अन्तर्गत निर्गत अधिसूचना के क्रम में, ऐसे विलेखों द्वारा सुरक्षित धनराशि पर स्टाम्प शुल्क एवं अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क की गणना क्रमशः 0.5 प्रतिशत एवं दो प्रतिशत की दर से की जानी थी। यद्यपि, इन विलेखों में स्टाम्प शुल्क एवं अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क का आरोपण पूर्व अधिसूचना दिनांक 25 मई 2001 के आलोक में ₹ पांच लाख से सीमित कर दिया गया था। उ0प्र0न0नि0वि0 अधिनियम, 1973 के प्राधिकार के अन्तर्गत आरोपणीय अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क को भा0स्टा0, अधिनियम, 1899 के प्रावधानों के अर्न्तगत माफ/कम नहीं किया जा सकता था। उप निबन्धक कार्यालय उ0प्र0न0नि0वि0 अधिनियम, 1973 के प्रावधानों का पालन करने में विफल रहे जिसके परिणामस्वरूप 51 विलेखों पर ₹ 4.01 करोड के अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क का कम आरोपण हुआ, जैसा कि **ifjf'k"V& XXIX** में दर्शाया गया है।

लेखापरीक्षा ने अग्रेतर जाँच में पाया कि 36 चयनित उप निबन्धक कार्यालयों में से 06 कार्यालयों में निबन्धनकर्ता प्राधिकारियों ने दस बन्धक विलेखों (बिना कब्जा) में शुल्क की सही दरों अर्थात 0.5 एवं 2 प्रतिशत को लागू करते हुये सम्पूर्ण सुरक्षित धनराशि पर ₹ 78.19 लाख स्टाम्प शुल्क एवं अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क को आरोपित एवं वसूल किया था। जैसा कि **ifjf'k"V& XXIX-A** में दर्शाया गया है।

उपरोक्त वर्णित प्रकरणों में लेखापरीक्षा के अवलोकन को इस आलोक में देखा जा सकता है कि कुछ निबन्धनकर्ता प्राधिकारियों ने उ0प्र0न0नि0वि0 अधिनियम के प्रावधानों व नवीनतम अधिसूचना की सही व्याख्या की जबकि, उनमें से अधिकांश ने इसे गलत रूप से लिया था।

[8] धारा 39 के खण्ड (1)।

3-4-5-2 ₹ 10 djksM+ ls vf/kd dh lqjf{kr /kujkf'k okys cU/kd foys[kksa ¼fcuk dCtk½ ij LVkEi vkSj vfrfjDr LVkEi 'kqYd dk de@vuqjksi.k

HkkO LVkO vf/kfu;e] 1899 ,oa mRrj izns'k uxj fu;kstu ,oa fodkl vf/kfu;e] 1973 ds izko/kkuksa dk vuqikyu u fd, tkus ls ₹ 10 djksM+ ls vf/kd dh lqjf{kr jkf'k okys cU/kd foys[kksa ij ₹ 225-31 djksM+ dk LVkEi ,oa vfrfjDr LVkEi 'kqYd dk de@vuqjksi.k fd;k x;kA

36 उपनिबन्धक कार्यालयों में से 13 की नमूना जाँच में लेखापरीक्षा ने देखा कि बंधक (बिना कब्जा) के 50 विलेखों (कुल 1,378 विलेखों की नमूना जाँच में से) जिनकी सुरक्षित धनराशि ₹ 10 करोड़ से अधिक थी, ऋण की अदायगी को सुरक्षित रखने हेतु विलेख के रूप में निष्पादित और निबन्धित किये गये थे। बन्धक विलेखों (बिना कब्जा) के सम्बन्ध में अधिनियमों और उसके अधीन निर्गत अधिसूचना के क्रम में, ऐसे विलेखों द्वारा सुरक्षित धनराशि पर स्टाम्प शुल्क एवं अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क की आगणन क्रमशः 0.5 प्रतिशत और दो प्रतिशत की दर से की जानी थी।

यद्यपि, इन विलेखों पर स्टाम्प शुल्क एवं अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क को पूर्व अधिसूचना दिनांक 25 मई 2001 को लागू करते हुये मात्र ₹ पांच लाख तक सीमित कर दिया गया था जो कि संशोधित अधिसूचना दिनांक 10 जुलाई 2008 की दृष्टि से सही नहीं था जो 0.5 प्रतिशत की दर से स्टाम्प शुल्क को आरोपित करने के लिये ₹ पांच लाख को किसी सीमा का उल्लेख किये बिना प्रदान किया गया। अग्रेतर, उ0प्र0न0नि0वि0 अधिनियम, 1973 के प्राधिकार के अन्तर्गत आरोपणीय अतिरिक्त स्टॉम्प शुल्क को भा0स्टा0 अधिनियम, 1899 के प्रावधानों के अर्न्तगत माफ/कम नहीं किया जा सकता था। इस प्रकार, उ0नि0का0 अधिनियमों के प्रावधानों व अधिसूचना को लागू करने में विफल रहें। जिसके परिणामस्वरूप स्टाम्प एवं अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क के रूप में ₹ 225.31 करोड़ का कम आरोपण हुआ जैसा कि **ifjf'k"V&XXX** में दर्शाया गया है।

3-4-5-3 LVkEi 'kqYd dks ₹ ikap yk[k rd lhfer fd;s tkus ds dkj.k LVkEi 'kqYd dk de vkjksi.k

cU/kd foys[k }kjk lqjf{kr jkf'k ij iR;sd ,d gtkj :Ik;s ;k mlds Hkkx ds fy;s ₹ ikap dh nj ls LVkEi 'kqYd vkjksi.kh; gSA ;|fi] mi fucU/kdksa }kjk LVkEi 'kqYd dh jkf'k dks ₹ ikap yk[k rd lhfer dj fn;s tkus ds ifj.kkeLo:Ik ₹ 32-95 djksM+ ds LVkEi 'kqYd dk de vkjksi.k gqvkA

लेखापरीक्षा द्वारा चार उप निबन्धक कार्यालयों के अभिलेखों की नमूना जाँच में देखा गया कि तीन उप निबन्धक कार्यालयों में 47 बन्धक विलेखों (बिना कब्जा) (733 विलेखों की नमूना जाँच में से) (इन विलेखों में सन्दर्भित क्षेत्रों को उ0प्र0न0नि0 वि0 अधिनियम, 1973 की धारा 3 के अन्तर्गत दो प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क के आरोपण हेतु ''विकास क्षेत्र'' घोषित नहीं किया गया) पर आरोपणीय शुल्क ₹ पाँच लाख से अधिक था जिसे कि 0.5 प्रतिशत की दर से गणना किया जाना था। उप निबन्धकों ने स्टाम्प शुल्क को पाँच लाख तक सीमित कर दिया था जो संशोधित अधिसूचना दिनांक 10 जुलाई 2008 के प्रावधानों के अनुरूप नहीं था जिसमें यह निर्धारित किया गया था कि 0.5 प्रतिशत की दर से स्टाम्प शुल्क ₹ पाँच लाख की सीमा का उल्लेख किये बिना आरोपणीय था। उप–निबन्धक कार्यालयों द्वारा संशोधित अधिसूचना के प्रावधानों को लागू करने में विफल होने के परिणामस्वरूप ₹ 32.95 करोड़ की राशि के स्टाम्प शुल्क का कम आरोपण हुआ, जैसा कि **ifjf'k"V&XXXI** में दर्शाया गया है।

दस उप निबन्धक कार्यालयों (इस अनुपालन लेखापरीक्षा के प्रयोजन हेतु 36 नमूना जाँच से भिन्न) की लेखापरीक्षा (अगस्त 2021 और मार्च 2022 के मध्य) के दौरान वैसी ही लेखापरीक्षा टिप्पणियां पायी गयीं जैसाकि प्रस्तर संख्या 3.4.5.1 से 3.4.5.3 में पायी गयी हैं। अक्टूबर 2017 से फरवरी 2022 तक की अवधि में पंजीकृत 12 बन्धक विलेखों (बिना कब्जा) (12,171 नमूना जाँच में से) में संशोधित अधिसूचना दिनांक 10 जुलाई 2008 और उ0प्र0न0नि0वि0 अधिनियम, 1973 के प्रावधानों का पालन नहीं किए जाने के कारण ₹ 2.73 करोड़ की धनराशि के स्टाम्प एवं अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क का कम आरोपण किया गया जैसा कि **ifjf'k"V&XXXII** में वर्णित है।

लेखापरीक्षा ने मामलें को शासन और विभाग को प्रतिवेदित किया (मार्च 2022 और अप्रैल 2022)। विभाग ने प्रस्तर 3.4.5.1 से 3.4.5.3 के सम्बन्ध में उत्तर दिया (जुलाई 2022) कि अधिसूचना संख्या का0नि0–5–2758/II–2008–500(159)/2006 दिनांक 10 जुलाई 2008 बन्धक विलेख (बिना कब्जा) से सम्बन्धित है इस सम्बन्ध में पूर्व में जारी अधिसूचनाओं में आंशिक संशोधन से इस अधिसूचना के अन्तर्गत स्टाम्प शुल्क ₹ 20 प्रति हजार से घटाकर ₹ 5 प्रति हजार किया गया। जहाँ तक अधिसूचना दिनांक 25 मई 2001 का सम्बन्ध है, बन्धक के विलेख पर देय स्टाम्प शुल्क, जो कि ₹ पांच लाख से अधिक है, की सीमा तक सीमित किया जाता है और इसे दिनांक 10 जुलाई 2008 की अधिसूचना द्वारा संशोधन के रूप में नहीं माना जा सकता, जैसा कि दिनांक 25 मई 2001 की अधिसूचना में स्टाम्प शुल्क की दर का उल्लेख नहीं है। अग्रेतर, दो प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क के सम्बन्ध में विभाग ने बताया कि उ0प्र0न0नि0वि0 अधिनियम, 1973 की धारा 39 में कहा गया है कि अचल सम्पत्ति के हस्तान्तरण का कोई भी विलेख प्रतिफल की राशि या मूल्य पर दो प्रतिशत तक की वृद्वि, जो स्टाम्प शुल्क की प्रकृति की होगी एवं दिनांक 25 मई 2001 की अधिसूचना में प्रावधनित किया गया है कि बन्धक विलेख पर स्टाम्प शुल्क की राशि ₹ पाँच लाख से अधिक की सीमा तक आरोपणीय होगी, सीमित किया जाता है। इसलिये, तत्कालिक मामलों में, स्टाम्प शुल्क ₹ पांच लाख से अधिक प्रभारित नहीं किया जा सकता था। यद्यपि, तत्कालिक मामलों में लेखापरीक्षा की समीक्षा को देखते हुये स्टाम्प वाद दर्ज करने की प्रक्रिया प्रगति पर थी।

विभाग का उत्तर मान्य नहीं है, क्योंकि अधिसूचना दिनांक 25 मई 2001 में यह प्रावधानित किया गया था कि अनुसूची 1 ब के अनुच्छेद 40 के खण्ड (ख) एवं (ग) के अन्तर्गत बन्धक विलेखों पर प्रभारणीय स्टाम्प शुल्क को ₹ पाँच लाख तक सीमित कर दिया जायेगा। तत्पश्चात अधिसूचना दिनांक 10 जुलाई 2008 द्वारा पूर्ववर्ती अधिसूचना में आंशिक संशोधित करते हुए यह प्रावधानित किया गया कि विलेख के माध्यम से सुरक्षित धनराशि पर प्रत्येक ₹ एक हजार अथवा उसके भाग के लिए ₹ पाँच का स्टाम्प शुल्क देय होगा। जबकि पूर्ववर्ती अधिसूचना 2001 में संशोधन करते हुए संशोधित अधिसूचना दिनांक 10 जुलाई 2008 में स्टाम्प शुल्क को ₹ पाँच लाख तक सीमित किए जाने का उल्लेख नहीं किया गया था। पूर्वगामी को देखते हुये विभाग का तर्क सही नहीं है। अग्रेतर, उ0प्र0न0नि0वि0 अधिनियम, 1973 के प्रावधानों के अन्तर्गत आरोपणीय अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क को भा0 स्टा0 अधिनियम, 1899 की धारा 9[9] के प्रावधानों के अन्तर्गत माफ/कम नहीं किया जा सकता।

lLrfr%

foHkkx dk vf/kfu;e@vf/kl pukvk d ikoa/kkuk d vu lkj cU/kd foy[kk ¼fcuk dCtk½ ij LVkEi ,o vfrfjDr LVkEi 'kYd dh olyh d fy; fucU/kudrk ikf/kdkfj;k dk mi;Dr Li"Vhdj.k tkjh djuk pkfg;A

9 भा0स्टा0 अधिनियम, 1899 की इस धारा में राज्य सरकार द्वारा स्टाम्प शुल्क को माफ करने या कम करने का उल्लेख है।

3-4-6 cU/kd foy[kk d LFkku ij LoRo i= d fu{ki foy[kk dk fu"iknu fd, tku l LVkEi 'kYd ,o vfrfjDr LVkEi 'kYd dk de vkjki.k

y[ki=k dk cU/kd foy[kk d LFkku ij LoRo i=k d fu{ki foy[kk d :Ik e ith—r fd;k x;k] ftld ifj.kkeLo:Ik LVkEi 'kYd ,o vfrfjDr LVkEi 'kYd d :Ik e ₹ 36-87 djkM dk de vkjki.k fd;k x;kA

सम्पत्ति का अंतरण अधिनियम (स0अं0) निर्धारित[10] करता है कि जहां कि कोई व्यक्ति निम्नलिखित नगरों अर्थात कलकत्ता, मद्रास एवं मुम्बई में एवं किसी भी अन्य नगर में, जिसे (संबंधित राज्य सरकार), शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा इस निमित्त विनिर्दिष्ट करे, जब एक व्यक्ति किसी ऋणदाता या उसके प्रतिनिधि को अचल सम्पत्ति से सम्बन्धित स्वत्व–पत्र उसकी जमानत देने के उद्देश्य से सौंप दे तो इस सौदे को स्वत्व–पत्र के निक्षेप द्वारा बन्धक कहा जाता है। सम्पत्ति का अन्तरण अधिनियम प्रावधानित करता है[11] कि स्वत्व–पत्र के निक्षेप द्वारा सृजित बन्धक को छोड़कर अन्य सब प्रकार के बन्धक विधिक मान्यता के लिए विधिवत रजिस्ट्रीकृत लेखपत्र द्वारा सृजित किए जा सकते है।

माननीय उच्चतम न्यायालय[12] ने स्वत्व विलेखों के लेनदेन को रिकार्ड करने वाले एक विलेख के अनिवार्य पंजीकरण के सम्बन्ध में कहा है कि–"*यह ध्यान रखना आवश्यक है कि स्वत्व पत्रों के निक्षेप विलेखों को वास्तविक रूप से सौंपना एक बन्धक का मूल तत्व है अचल सम्पत्ति के स्वामित्व के दस्तावेजों को ऋणदाता को एक उधारकर्ता इस इरादे से कि वे दस्तावेज एक सुरक्षा का गठन करेंगे जो लेनदार को अंततः उस धन की वसूली करने में सक्षम करेगा जो उसने ऋण के रूप में दिया है। किन्तु यदि निष्पादनकर्ता उस सौदे को लिखित स्वरूप देना चाहे तो वह विलेख ही उस सौदे का एकमात्र साक्ष्य होगा, ऐसी दशा में उस लेख को ही बन्धक सृजन करने वाला विलेख माना जायेगा। ऐसे मामले में जमा एवं अभिलेख दोनों ही लेनदेन के अभिन्न अंग एवं बन्धक के सृजन में आवश्यक तत्व होंगे। यह इस प्रकार कि ऐसा मामला जो कि सौदे की सुरक्षा के सन्दर्भ में सृजित दस्तावेज हो, उसे भारतीय रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1908 की धारा 17 के अन्तर्गत अचल सम्पत्ति में रूचि पैदा करने वाले गैर–वसीयतनामा साधन के रूप में जहां ऐसी सम्पत्ति का मूल्य एक सौ रूपये और ऊपर हो, निबन्धन की आवश्यकता होती है* "।

लेखापरीक्षा द्वारा चयनित 36 उपनिबन्धक कार्यालयों की लेखापरीक्षा के दौरान अभिलेखों की नमूना जांच (अगस्त 2021 एवं मार्च 2022 के मध्य) की गयी। 18 उप निबन्धक कार्यालयों में लेखापरीक्षा ने देखा कि 48 विलेखों में (स्वत्व–पत्र के निक्षेप के कुल 78 विलेखों की नमूना जाँच में), बन्धककर्ताओं ने ऋण के भुगतान को ब्याज और प्रभारों सहित सुरक्षित करने के प्रयोजन के लिये बन्धक रखने और उन्हे विभाग में पंजीकृत कराने के लिये अपनी अचल सम्पत्तियों से सम्बन्धित स्वामित्व विलेख बन्धक/बैंक के पास जमा किये एवं सम्पत्ति के पक्ष में प्रभार सृजित किया। इस प्रकार उपरोक्त सन्दर्भित मामलों में, माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार, इन दस्तावेजों, जो कि लेनदेन का एकमात्र प्रमाण है और विलेख का लिखित भा0 स्टा0 अधिनियम, 1899 की धारा 2 (17) की परिभाषा के अन्तर्गत आता है, को निबन्धन अधिनियम के अन्तर्गत निबिन्धित कराना आवश्यक था और क्रमशः 0.5 प्रतिशत और 2 प्रतिशत की दर से स्टाम्प शुल्क तथा अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क प्रभार्य किया जाना चाहिये था। बन्धक विलेख के स्थान पर स्वत्व विलेख के रूप में लेखपत्रों के निबन्धित करने

---

[10] सम्पत्ति अंतरण अधिनियम, 1882 की धारा 58 (एफ)।

[11] सम्पत्ति अंतरण अधिनियम, 1882 की धारा 59।

[12] यूनाईटेड बैंक आफ इण्डिया बनाम लेखराम सोनाराम, ए0आई0आर0 1965 एस0सी0 1591।

के परिणामस्वरूप ₹ 36.87 करोड़ के स्टाम्प एवं अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क का कम आरोपण हुआ, जैसा कि **ifjf'k"V& XXXIII** में वर्णित है।

पाँच उप निबन्धक कार्यालयों (इस अनुपालन लेखापरीक्षा के प्रयोजन के लिये 36 नमूना जाँच के अतिरिक्त) की अनुपालन लेखापरीक्षा (अगस्त 2021 और मार्च 2022 के मध्य) के दौरान भी इसी तरह की लेखापरीक्षा आपत्तियाँ पायी गयी थी। अक्टूबर 2018 से जनवरी 2022 की अवधि में निबन्धित स्वत्व–पत्र के निक्षेप के पाँच विलेखों (11,009 नमूना जाँच में से) को बन्धक विलेख के स्थान पर स्वत्व पत्रों के निक्षेप विलेख के रूप में पंजीकृत करने के परिणामस्वरूप ₹ 1.01 करोड़ की धनराशि के स्टाम्प एवं अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क का कम आरोपण किया गया जैसा कि **ifjf'k"V&XXXIV** में वर्णित है।

प्रकरण शासन और विभाग को प्रतिवेदित किया गया (मार्च 2022 और अप्रैल 2022) था। अपने उत्तर (जुलाई 2022) में विभाग ने लेखापरीक्षा आपत्ति को स्वीकार किया। अग्रेतर कहा कि स्वत्व–पत्र के निक्षेप विलेख के लिये अनिवार्य पंजीकरण आवश्यक नहीं है परन्तु, यदि वह पंजीकृत है, तो उसे बन्धक विलेख के रूप में माना जाना चाहिये था। इन प्रकरणों में, स्टाम्प–वाद दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है।

3-4-7 cU/kd foy[k d LFkku ij tekurh ckM d fu"iknu d dkj.k jktLo dk de vkjki.k

y[ki=k dk cU/kd foy[k d LFkku ij tekurh c/k i= d :Ik e ithdr fd;k x;k] ftld ifj.kkeLo:Ik LVkEi 'kYd] vfrjDr LVkEi 'kYd ,o fucU/ku Qh l jkf'k ₹ 1-44 djkM dk de vkjki.k gvkA

भा0 स्टा0 अधिनियम[13] के अनुसूची 1बी के अनुच्छेद 57 के अन्तर्गत, जमानती बंध पत्र एक कार्यालय के यथोचित कार्यपालन या उससे संबंधित प्राप्त धन या अन्य सम्पत्ति के उत्तरदायित्व के लिए जमानत के रूप में निष्पादित कोई विलेख या किसी इकरार के यथोचित पालन, या किसी दायित्व के यथोचित निर्वाह के लिए किसी जमानती द्वारा निष्पादित, जब सुरक्षित किया गया धन ₹ 100 से अधिक न हो, पर ₹ 10 का स्टाम्प शुल्क एवं अन्य किसी दशा में ₹ एक सौ का स्टाम्प शुल्क देय है। भा0स्टा0 अधिनियम, 1899 की धारा 2(17) के अन्तर्गत बन्धक पत्र में प्रत्येक वह विलेख शामिल है जिससे ऋण के रूप में दिये गये अग्रिम या दिये जाने वाले धन, या किसी वर्तमान या भविष्य की देनदारी की अदायगी, या किसी प्रतिज्ञा को पूरा करने की जमानत के लिए कोई व्यक्ति किसी निश्चित सम्पत्ति को या उससे सम्बन्धित अधिकार को, दूसरे किसी अन्य को अन्तरित करे, या उस पर, उसका अधिकार सृजित करे। बन्धक विलेखों (बिना कब्जा) पर ऐसे विलेखों द्वारा सुरक्षित धनराशि पर स्टाम्प शुल्क की प्रभार्यता की गणना 0.5 प्रतिशत एवं अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क के लिये, यदि सम्पत्ति विकास क्षेत्रों में स्थित हो, दो प्रतिशत की दर से किया जाना चाहिए।

पक्षकार द्वारा निष्पादित विलेखों की प्रकृति के सम्बन्ध में निबन्धनकर्ता प्राधिकारियों की व्याख्या की शुद्धता को सुनिश्चित करने के लिये, लेखापरीक्षा द्वारा 36 चयनित उप निबन्धक कार्यालयों के अभिलेखों की नमूना जाँच (अगस्त 2021 और मार्च 2022 के मध्य) की गयी। दो उप निबन्धक कार्यालयों में लेखापरीक्षा ने देखा कि जमानती बांड के 12 विलेखों में, (जाँच किये गये जमानती बांडों के कुल 49 पंजीकृत लेखपत्रों में से) उप निबन्धकों ने लेखपत्रों की गलत व्याख्या करते हुए बन्धक विलेखों के स्थान पर जमानती बाँड के रूप में पंजीकृत करते हुए निष्पादनकर्ताओं से ₹ 3,440 का स्टाम्प शुल्क और निबन्धन फीस को आरोपित एवं वसूल किया गया था। इन प्रकरणों में, निष्पादनकर्ताओं ने समूह आवासीय परियोजनाओं के विकास और निर्माण के लिये

[13] भा0 स्टा0 अधिनियम के अनुसूची–1(ख) के अनुच्छेद 57।

विकास प्राधिकरणों के समक्ष भवन योजना प्रस्तुत की थी, जिसे प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत किया गया था और देय विकास शुल्कों यथा आंतरिक, वाह्य और अन्य विकास शुल्कों की मांग की गयी थी। इसके पश्चात, विकासकर्ताओं द्वारा विकास प्राधिकरणों को उपरोक्त शुल्कों के भुगतान को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से देय शुल्कों के समतुल्य परियोजना भूमि के भाग एवं फ्लैटस पर प्रथम प्रभार सृजित करते हुए जमानती बॉंड का निष्पादन किया गया। इस प्रकार, वे भा0 स्टा0 अधिनियम की धारा 2 (17) में परिभाषित बन्धक की परिभाषा के अन्तर्गत आते है। निबन्धन प्राधिकारियों को उन्हें बन्धक विलेख (बिना कब्जा) के रूप में न कि जमानती बॉंड के रूप मे मानना चाहिये था। इसलिये, भा0 स्टा0 अधिनियम[14], 1899, उ0प्र0न0नि0वि0 अधिनियम[15], 1973 और पंजीकरण अधिनियम, 1908 और उसके अधीन जारी अधिसूचना[16] के प्रावधानों के अन्तर्गत, इन विलेखों पर स्टाम्प, अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क और निबन्धन फीस जमानती बॉंड की बजाय बन्धक विलेख (बिना कब्जा) की भाँति आरोपणीय था, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 1.44 करोड़ की धनराशि के राजस्व का कम आरोपण हुआ, जैसा कि **ifjf'k"V&XXXV** में दर्शाया गया है।

दो उप निबन्धक कार्यालयों (इस अनुपालन लेखापरीक्षा के प्रयोजन के लिये नमूना जाँच किये गये 36 उपनिबन्धक कार्यालयों को छोड़कर) की अनुपालन लेखापरीक्षा (अगस्त 2021 और मार्च 2022 के मध्य) के दौरान भी इसी तरह की लेखापरीक्षा आपत्ति पायी गयी थी, जहाँ अप्रैल 2021 से नवम्बर 2021 की अवधि के मध्य निबन्धित सात लेखपत्रों को बन्धक विलेख के स्थान पर जमानती बॉंड के रूप में पंजीकृत किया गया था। जिसके परिणामस्वरूप ₹ 1.02 करोड की धनराशि के स्टाम्प शुल्क, अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क और निबन्धन फीस का कम आरोपण हुआ, जैसा कि **ifjf'k"V -XXXVI** में वर्णित है।

यह उल्लेखनीय है कि 36 चयनित उप निबन्धक कार्यालयों में से दो उप निबन्धक कार्यालयों (तीन विलेखों में) में निबन्धन प्राधिकारियों ने समान विलेखों को बन्धक विलेख (बिना कब्जा) मानते हुए सम्पूर्ण सुरक्षित राशि पर 0.5, दो एवं एक प्रतिशत की दर से क्रमशः स्टाम्प शुल्क, अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क तथा निबन्धन फीस आरोपित व वसूल किया जैसा कि **ifjf'k"V&XXXVI-A** में दर्शाया गया है।

बिन्दु संख्या 3.4.5.1 की तरह यहाँ भी लेखापरीक्षा टिप्पणियों से यह स्पष्ट है कि निबन्धनकर्ता प्राधिकारियों उप निबन्धक कार्यालयों में निष्पादित विभिन्न प्रकार के विलेखों के सम्बन्ध में अधिनियमों और नियमों के अन्तर्गत प्रासंगिक प्रावधानों की व्याख्या विवेकाधीन आधार पर व्याख्या कर रहे है और जिसके कारण स्टाम्प एवं अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क का कम आरोपण हुआ जैसा कि लेखापरीक्षा टिप्पणियों में इंगित किया गया है।

लेखापरीक्षा ने प्रकरण को शासन एवं विभाग को प्रतिवेदित किया (मार्च 2022)। विभाग अपने उत्तर (जुलाई 2022) में लेखापरीक्षा टिप्पणी पर सहमत था। अग्रेतर बताया कि, यदि निष्पादनकर्ताओं ने समूह आवासीय परियोजनाओं के विकास और निर्माण के लिये विकास प्राधिकरणों के समक्ष भवन योजना प्रस्तुत की थी, जिसे प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत किया गया था और देय विकास शुल्कों यथा आंतरिक, वाह्य और अन्य विकास शुल्कों की मांग की गयी थी और विकासकर्ताओं द्वारा विकास प्राधिकरणों को उपरोक्त शुल्कों

---

[14] अनुसूची 1बी के अनुच्छेद 40 (ख) एवं (ग)।

[15] उ0प्र0न0नि0वि0 अधिनियम, 1973 की धारा 39 (1)।

[16] (i) सं0.का0नि0–5–3139/II-2001–500(121)/2000 टी0सी0 दिनांक 25 मई, 2001 (ii) सं0. का0नि0 –5–2758/XI-2008–500(159)–2006 लखनऊ दिनांक 10 जुलाई, 2008, एवं (iii) सं0. –30/2015/1430/94–एसटी.नि–2–2015–700(74)/2015 दिनांक 08 दिसम्बर, 2015 द्वारा, संशोधित अधिसूचना सं0.–02/2020/127/94–एसटी.नि–2–2000–700(74)/2015 दिनांक 13 फरवरी, 2020।

के भुगतान को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से देय शुल्कों के समतुल्य परियोजना भूमि के भाग और फ्लैटस पर प्रथम प्रभार सृजित करते हुए जमानती बाँड का निष्पादन किया गया था तो इन विलेखों को बन्धक विलेखों की भाँति मानना चाहिए था न कि जमानती बाँड के रूप में एवं बन्धक विलेखों की भाँति ही शुल्कों की प्रभार्यता होगी। इन तत्काल प्रकरणों में, स्टाम्प–वाद दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है।

y[kkijh{kk lLrqfr djrk g fd foHkkx dk ;g lqfuf'pr djuk pkfg;s fd LVkEi ,o vfrfjDr LVkEi 'kqYd dk fu'p; foys[kk d okLrfod yunu@ fy[kr d vk/kkj ij u fd ukedj.k vFkok Hkk"kk d vk/kkj ij fd;k tkuk pkfg;sA

3-4-8 vfrfjDr LVkEi 'kqYd d lxg.k] vkoVu rFkk y[kkdj.k e i.kkyhxr dfe;k

उ0प्र0न0नि0वि0 अधिनियम, 1973 के अन्तर्गत, भा0 स्टा0 अधिनियम, 1899 द्वारा अचल सम्पत्ति के अन्तरण के लेखपत्र पर आरोपित स्टाम्प शुल्क ऐसी सम्पत्ति के सम्बन्ध में जो किसी 'विकास क्षेत्र[17]' में स्थित हो, उस राशि या प्रतिफल के उस मूल्य पर उक्त अधिनियम के अन्तर्गत स्टाम्प शुल्क आगणित किया जाता है, दो प्रतिशत बढ़ा दिया जायेगा। उक्त वृद्धि से प्राप्त होने वाली प्राप्तियों को, आनुषंगिक व्यय, यदि कोई हो, कटौती के पश्चात, राज्य सरकार द्वारा स्वविवेकानुसार, या तो केवल विभाग में अथवा विकास प्राधिकरण को, उत्तर प्रदेश आवास एंव विकास परिषद् और नगर महापालिका या नगर परिषद् जैसी भी स्थिति हो, को ऐसे अनुपात में आवंटित एवं भुगतान निर्धारित किया जायेगा जिसे इस तरह से एवं ऐसे सिद्वान्तों के अनुसार जो समय–समय पर राज्य सरकार राजपत्र में अधिसूचना में निर्दिष्ट करेगा।

इस सन्दर्भ में दिनांक 13 सितम्बर 2013 के शासनादेश द्वारा वसूल किये गये अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क के उचित आवंटन हेतु नई प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी। नई प्रक्रिया के अनुसार, चार प्रतिशत आनुषंगिक व्यय, चार प्रतिशत संग्रहण व्यय और 25 प्रतिशत अर्बन डेडीकेटेड ट्रान्सपोर्ट फण्ड की कटौती के पश्चात, अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क का भुगतान आवासीय एवं शहरी नियोजन विभाग और शहरी विकास विभाग को आदेश में निर्धारित दर से किया जायेगा।

अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क के संग्रहण, लेखाकरण और आवंटन की वर्तमान प्रणाली के मूल्यांकन से प्रणालीगत और कार्यान्वयन दोनों स्तरों पर कई कमियां प्रकाश में आयीं। जिसको आगे के प्रस्तरों में प्रस्तुत किया गया है:

3-4-8-1 mi&'kh"kZ d xBu e foQyrk

वर्गीकरण की वर्तमान व्यवस्था के अनुसार, स्टाम्प और निबन्धन फीस (अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क को सम्मिलित करते हुए) को मुख्य शीर्ष 0030–स्टाम्प एवं निबन्धन फीस, 02–गैर न्यायिक स्टाम्प, 102–स्टाम्प की विक्रय के अन्तर्गत लेखाकरण किया जाता है।

उ0 नि0 कार्यालयों के अभिलेखों की जाँच के आधार पर, लेखापरीक्षा ने पाया कि, अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क के सम्बन्ध में संग्रहीत की गयी धनराशि को स्टाम्प शुल्क के उक्त मुख्य शीर्ष के अन्तर्गत ही दर्शाया गया है।

अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क के पृथक लेखांकन हेतु राज्य सरकार द्वारा कोई अलग से उप–शीर्ष नहीं खोला गया है। उ0प्र0न0नि0वि0 अधिनियम, 1973 यह अपेक्षा करता है कि ''विकास क्षेत्र'' में अचल सम्पत्ति के हस्तान्तरण पर अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क के आरोपण के सम्बन्ध में संग्रहीत की गयी गयी धनराशि को राज्य सरकार द्वारा यथा

---

[17] ''विकास क्षेत्र'' का अर्थ उ0प्र0न0नि0वि0 अधिनियम, 1973 की धारा 3 के अधीन घोषित विकास क्षेत्र। राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचना द्वारा ''विकास क्षेत्र'' की घोषणा की जाती है।

अधिसूचित संस्थाओं के लिए विशेष रूप से निर्धारित किया जाये। लघु शीर्ष/उप–शीर्ष के अभाव में विकास क्षेत्रों से वसूल किये गये अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क की राशि स्टाम्प शुल्क के उक्त मुख्य शीर्ष में स्टाम्प शुल्क के रूप में जमा की जा रही है और अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क के सम्बन्ध में पृथक लेखांकन प्रविष्टि नहीं की जा रही है।

इसलिये, उ0प्र0न0नि0वि0 अधिनियम, 1973 की अपेक्षा को पूरा करने के लिये इसका स्पष्ट तौर पर लेखांकन अनिवार्य है। एक स्पष्ट उप–शीर्ष की अनुपस्थिति में, विभाग विशेष रूप से यह सुनिश्चित कर पाने की स्थिति में नहीं है कि अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क के सम्बन्ध में कितनी धनराशि प्राप्त हुयी।

इस प्रकरण को उत्तर प्रदेश राज्य के लिये मार्च 2019 को समाप्त वर्ष के लिये राज्य वित्त लेखापरीक्षा प्रतिवेदन के प्रस्तर 3.8 में प्रकाश में लाया गया था।

लेखापरीक्षा ने प्रकरण को शासन एवं विभाग को प्रतिवेदित किया (मार्च 2022)। विभाग ने अपने उत्तर (जुलाई 2022) में बताया कि दो प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क नकद रूप में प्राप्त नहीं होता है। इस प्रकार, धनराशि को कोषागार में जमा करने और पृथक उप–शीर्ष खोलने का कोई औचित्य प्रतीत नहीं होता है। विभाग स्टाम्प शुल्क सहित अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क को मुद्रित तथा ई–स्टाम्प अथवा दोनों के रूप में वसूल करता है, जिसे विभागीय लेखाशीर्ष के अन्तर्गत राज्य की संचित निधि में जमा किया जाता है। तदनुसार, आनुषंगिक व्ययों की कटौती के पश्चात शासन द्वारा निर्धारित अनुपात में अन्य विभागों को धनराशि आवंटित की जाती है।

विभाग का उत्तर मान्य नहीं है क्योंकि इस प्रकार संग्रहीत की गयी अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क उ0प्र0न0नि0वि0 अधिनियम, 1973 के अन्तर्गत विशेष उद्देश्य यथा अधिसूचित क्षेत्रों के विकास के लिए अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क के रूप में संग्रहीत राशि से विधिवत वित्तपोषण की पूर्ति हेतु है। इसलिये, पृथक उप–शीर्ष के अभाव में विभाग विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने की स्थिति में नहीं है कि दो प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क के सम्बन्ध में सरकार के खाते में कितनी धनराशि प्राप्त हुयी।

3.4.8.2 अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क का त्रुटिपूर्ण लेखांकन

लेखापरीक्षा द्वारा चयनित 36 उप निबन्धक कार्यालयों के अभिलेखों की नमूना जाँच में पाया गया कि 26 उप निबन्धक कार्यालयों[18] में पंजीकृत 289 (6,665 विलेखों की नमूना जाँच में) विक्रय, विकासकर्ता अनुबन्ध, पट्टा और बन्धक विलेखों में, उप निबन्धकों द्वारा निर्धारित दरों पर ₹ 10.40 करोड़ की राशि का स्टाम्प शुल्क एवं ₹ 6.68 करोड़ की धनराशि का अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क आरोपित एवं वसूल किया गया था। सम्बन्धित उप निबन्धक कार्यालयों में *स्याहा*[19] (प्रेरणा[20] सॉफ्टवेयर द्वारा स्वतः उत्सर्जित) की समीक्षा में लेखापरीक्षा ने पाया कि ₹ 6.68 करोड़ की वास्तव में आरोपित धनराशि के विरूद्व केवल ₹ 0.03 करोड़ ही अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क के रूप में दर्ज किया गया था। दो अलग–अलग अधिनियमों[21] के प्रावधानों के अन्तर्गत इस प्रकार संग्रहीत शुल्क को *स्याहा* में एक ही कॉलम में स्टाम्प शुल्क के रूप में दर्शाया गया था, जबकि *स्याहा* में

[18] उ0नि0–द्वितीय एवं तृतीय आगरा, उ0नि0–द्वितीय बरेली, उ0नि0–प्रथम जी0बी0 नगर, नोएडा, उ0नि0–प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम, गाजियाबाद उ0नि0–प्रथम एवं द्वितीय गोरखपुर, उ0नि0–द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम, मोहनलालगंज एवं सरोजनी नगर लखनऊ, उ0नि0–प्रथम एवं द्वितीय मथुरा, उ0नि0–प्रथम, तृतीय एवं सरधना मेरठ, उ0नि0–प्रथम, द्वितीय, चतुर्थ एवं गंगापुर वाराणसी।

[19] स्टाम्प मैनुअल के अधीन नियम 211 के अनुसार *स्याहा* प्रपत्र सं0 13 में रखा जाता है। इसमें स्टाम्प शुल्क, अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क एवं निबन्धन फीस आदि वसूल की गयी धनराशि सम्मिलित होती है।

[20] प्रेरणा (सम्पत्ति मूल्यांकन एवं निबन्धन एप्लीकेशन) साफ्टवेयर निबंधन प्रक्रिया के कम्प्यूटरीकरण के पश्चात 01 अगस्त 2006 को विभाग द्वारा लागू किया गया।

[21] भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 एवं उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973।

दो प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क की उचित बुकिंग के लिये एक अलग कॉलम उपलब्ध था।
इसलिये, यह आवश्यक है कि उ0प्र0न0नि0वि0 अधिनियम, 1973 के अन्तर्गत संग्रहीत किये गये अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क को अनिवार्य और स्पष्ट रूप से लेखाकरण किया जाना चाहिए एवं सही लेखाकरण के लिये *स्याहा* में अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क के रूप दर्ज किया जाना चाहिए था।

प्रकरण शासन को प्रतिवेदित किया गया (मार्च 2022)। उनका उत्तर प्रतीक्षित है (जून 2022)।

LkLrfr;k %

1- vfrfjDr LVkEi 'kYd d ctV vkj y[kkdj.k e iHkkoh ikjnf'kZrk yku dh nf"V l ljdkjh y[k e mud vkjki.k ,oa lxg.k d y[kkdj.k gr ,d iFkd mi&'kh"k [kkyk tkuk pkfg;A

2- m0i0u0fu0fo0 vf/kfu;e] 1973 d vUrxZr lxghr vfrfjDr LVkEi 'kYd dk vfuok;Z vkj Li"V :Ik l mfpr y[kkdj.k d fy; *L;kgk* e vfrfjDr LVkEi 'kYd d :i e nt fd;k tkuk pkfg,A

3-4-9 fu"d"k

लेखापरीक्षा ने देखा कि बन्धक विलेखों (बिना कब्जा) पर आरोपणीय शुल्क की राशि के सम्बन्ध में स्पष्टता के अभाव के कारण, उप निबन्धकों ने पूर्ववर्ती अधिसूचना दिनांक 25.05.2001 के अनुसार स्टाम्प शुल्क और अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क दोनों की धनराशि को ₹ पाँच लाख तक सीमित कर दिया। संशोधित अधिसूचना दिनांक 10 जुलाई 2008 के परिप्रेक्ष्य में यह सही नहीं है। अग्रेतर, अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क उ0प्र0न0नि0वि0 अधिनियम, 1973 के प्राधिकार के अन्तर्गत आरोपित किया जाता है, इसे भा0 स्टा0 अधिनियम, 1899 के प्रावधानों के अन्तर्गत माफ/कम नहीं किया जा सकता है।

विलेखों पर स्टाम्प शुल्क की प्रभार्यता के उददेश्य के लिये अभिलेखो में निहित लिखत और न कि निष्पादकों द्वारा उन्हें सौंपे गये नामकरण निर्णायक होते हैं। जबकि, विभाग ने अभिलेखों पर दिए गये नामकरण पर शुल्क का आरोपण एवं वसूल किया था।

उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 के अन्तर्गत संग्रहीत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क के पृथक लेखाकरण हेतु राज्य सरकार द्वारा कोई पृथक उप–शीर्ष नहीं खोला गया था। इस प्रकार, विभाग विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने की स्थिति में नहीं था कि अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क के सम्बन्ध में कितनी धनराशि प्राप्त हुयी थी।

vU; vuqikyu y[kkijh{kk fVIif.k;k

3.5 Hkkjrh; LVkEi vf/kfu;e] 1899 dh /kkjk 27 d mYYk?ku d dkj.k LVkEi 'kYd ,oa fucU/ku Qhl dk de vkjki.k fd;k tkuk

fu"iknudrkvk }kjk fucU/ku gr iLrr y[ki=k e Hkfe d i.k@lgh fooj.k dh ?kk"k.kk ugh dh x;h ftld ifj.kkeLo:Ik ₹ 6-57 djkM dh jkf'k d LVkEi 'kYd ,oa fucU/ku Qhl dk de vkjki.k gvkA

भा0 स्टा0 अधिनियम, 1899 की धारा 27 विशेष रूप से यह प्रावधानित करती है कि "प्रतिफल (यदि हो) और अन्य सभी तथ्य एवं परिस्थितियाँ जो विलेख पर शुल्क की प्रभार्यता या उस प्रभार्य शुल्क की राशि को प्रभावित करते हों, उसमें सम्पूर्णता और सत्यता पूर्वक व्यक्त किये जायेगें जिसका अर्थ है कि सम्पत्ति के मूल्यांकन को प्रभावित

करने वाले सभी तथ्य जैसे कि भूमि की प्रकृति (कृषि/आवासीय/वाणिज्यिक), निर्माण, सड़क से दूरी, इत्यादि का निष्पादनकर्ताओं द्वारा लेखपत्र में सत्यता पूर्वक उल्लेख किया जाये। हस्तान्तरण विलेख पर अचल सम्पत्ति का बाजार मूल्य अथवा उस विलेख में उल्लिखित मूल्य, इसमें जो भी अधिक हो, पर स्टाम्प शुल्क प्रभारणीय है। महानिरीक्षक निबन्धन द्वारा निर्गत परिपत्र (27 नवम्बर 2018) के अनुसार सम्पत्ति के मूल्यांकन के अनुसार बाजार मूल्य निर्धारित करने एवं कम स्टाम्प शुल्क अरोपित करने का अधिकार कलेक्टर स्टाम्प के पास निहित है। बाजार मूल्य निर्धारित करते समय कलेक्टर स्टाम्प लेखपत्र निष्पादन की तिथि के सन्दर्भ में सम्पत्ति के बाजार मूल्य की जाँच करेंगे तथा लेखपत्र निष्पादन की तिथि को अन्तरित सम्पत्ति की क्षमता को ध्यान में रखते हुए बाजार मूल्य विनिश्चय करेंगे।

लेखापरीक्षा ने 60 उप निबन्धक कार्यालयों की नमूना जाँच (अगस्त 2021 और मार्च 2022 के मध्य) में अक्टूबर 2017 से फरवरी 2022 की अवधि के अभिलेखों की जाँच की। 29 उप निबन्धक कार्यालयों में यह देखा गया कि 54 विक्रय विलेखों (78,707 नमूना जांच में से) में विक्रीत भूमि को मुख्य सडक और आबादी से दूर, 200 मीटर की त्रिज्या में कृषिक गतिविधियों के होने एवं भूमि के क्रय करने का उददेश्य कृषि दर्शाया गया था। सम्बन्धित उप निबन्धक कार्यालयों में पंजीकृत अन्य विक्रय विलेखों की अग्रेतर जाँच में पाया गया कि प्रश्नगत विक्रय विलेखों में दर्शाये गये आराजी[22] नंबरों में, आवासीय भूखण्डों को प्रश्नगत विक्रय विलेखों के निबन्धन से पूर्व एवं पश्चात में विक्रय किया गया था। कुछ मामलों में, एक ही आराजी नंबर में मकान और विकसित कालोनियां थीं। इन तथ्यों से यह स्पष्ट है कि निष्पादकों ने जानबूझकर करापवंचन के उद्देश्य से तथ्यों को छुपाया गया, जो कि भा0स्टा0 अधिनियम, 1899 की धारा 27 का उल्लंघन है।

वर्तमान में लेखपत्रों का पंजीकरण *प्रेरणा* साफ्टवेयर के माध्यम से आनलाइन मोड में किया जा रहा है। यद्यपि, निबन्धनकर्ता प्राधिकारियों निबन्धन के लिए प्रस्तुत भूमि की महत्ता के निर्धारण में साफ्टवेयर की सुविधा का उपयोग करने में विफल रहे अर्थात उसी *आराजी* संख्या से विक्रय विलेखों का निष्पादन हो चुका था। जिसके परिणामस्वरूप स्टाम्प शुल्क व निबन्धन फीस के रूप में ₹ 6.57 करोड़ की धनराशि का कम आरोपण हुआ जैसा कि **ifjf'k"V&XXXVII** में दर्शाया गया है।

प्रकरण शासन को प्रतिवेदित किया गया (अप्रैल 2022)। उनका उत्तर प्रतीक्षित है (जून 2022)।

3.6 lEifRr d voeY;kdu d dkj.k LVkEi 'kYd ,o fucU/ku Qhl dk de vkjki.k fd;k tkuk

fucU/kudrk ikf/kdkfj;k }kjk Hkfe dh egRrk ,o lxeU@e[; lMd dh fLFkfr dk lKku e ugh fy;k x;k ftlds ifj.kkeLo:Ik ₹ 1-26 djkM dh /kujkf'k d LVkEi 'kYd ,o fucU/ku Qhl dk de vkjki.k fd;k x;kA

भा0 स्टा0 अधिनियम, 1899 प्रावधानित करता है कि हस्तान्तरण के एक विलेख पर सम्पत्ति का बाजार मूल्य अथवा उस विलेख में उल्लिखित मूल्य, इसमें जो भी अधिक हो, पर स्टाम्प शुल्क प्रभारणीय है। उत्तर प्रदेश स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) नियमावली, 1997 के नियम 4 के अनुसार किसी जिले में स्थित विभिन्न श्रेणियों की भूमि की बाजार दरों को निबन्धन प्राधिकारियों के मार्गदर्शन हेतु सम्बन्धित जिलाधिकारी (डीएम) द्वारा निर्धारित किया जाता है।

[22] आराजी/खसरा/गाटा किसी क्षेत्र में भूमि के स्वामित्व की संख्या को दर्शाता है।

आराजी की स्थिति को सम्बंधित उप निबन्धक कार्यालयों के डीएम सर्किल रेट को पाँच श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया था जैसे (i) मुख्य सड़क पर (ii) सम्पर्क सड़क मार्ग या जनपदीय मार्ग पर (iii) आबादी के समीप (iv) उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि सुधार अधिनियम, 1950 की धारा 143/उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 की धारा 80 के अन्तर्गत घोषित अकृषिक *आराजी* संख्या (v) आबादी के आराजी नम्बर जो अकृषिक घोषित न किये गये हो। *आराजी* के इस प्रकार के वर्गीकरण का मुख्य उददेश्य बिक्री योग्य सम्पत्ति का उचित मूल्यांकन है। दर सूची में विभिन्न निर्देश दिये गये है जिसका अनुपालन निबन्धनकर्ता प्राधिकारियों के लिये अनिवार्य है।

लेखापरीक्षा ने 60 उपनिबन्धक कार्यालयों की नमूना जाँच (अगस्त 2021 और मार्च 2022 के मध्य) में (अक्टूबर 2017 से फरवरी 2022) की अवधि के अभिलेखों की जाँच की और पाया कि आठ उपनिबन्धक कार्यालयों से सम्बन्धित 11 विक्रय विलेखपत्रों (15,108 नमूना जाँच में से) प्रश्नगत विलेखों में भूमि की स्थिति को मुख्य/सेगमेन्ट सड़क से दूर दर्शाते हुए सामान्य आवासीय/कृषि दरों पर भूमि का मूल्यांकन किया गया था। इन 11 विक्रय विलेखों में से छः में, वे *आराजी* संख्या जिसमें यह भूमि स्थित थी, पूर्व से ही गैर–कृषिक के रूप में घोषित की जा चुकी थी, यद्यपि, विक्रय विलेखो में भूमि को कृषि भूमि के रूप में दर्शाया गया था। अन्य पाँच मामलों में, यह पाया गया कि उसी *आराजी* की भूमि का छोटा भाग सेगमेन्ट दर पर विक्रय किया गया था जबकि जमीन का बड़ा भाग उसी विक्रेता द्वारा क्रेताओं को सामान्य आवासीय दर पर विक्रय किया गया था।

उपरोक्त तथ्यों से यह स्पष्ट है कि निबन्धनकर्ता प्राधिकारियों द्वारा भूमि की महत्ता एवं उसकी प्रास्थिति सेगमेन्ट/मुख्य सड़क को संज्ञान में नहीं लिया गया। वर्तमान में लेखपत्रों को *प्रेरणा* साफ्टवेयर के माध्यम से आनलाइन मोड में पंजीकृत किया जा रहा है किन्तु निबन्धनकर्ता प्राधिकारी भूमि की महत्ता और उसके मूल्यांकन के निर्धारण में साफ्टवेयर की सुविधा का लाभ उठाने में विफल रहे। जिसके परिणामस्वरूप ₹ 1.26 करोड़ के स्टाम्प शुल्क एवं निबन्धन फीस का कम आरोपण हुआ जैसा कि **ifjf'k"V&XXXVIII** में दर्शाया गया है।

प्रकरण शासन को प्रतिवेदित किया गया था (अप्रैल 2022)। उनका उत्तर प्रतीक्षित है (जून 2022)।

v/;k;-IV: [kuu ikfIr;k

4-1 dj iz'kklu

राज्य में खनन क्रिया–कलाप से प्राप्तियों का आरोपण एवं उद्ग्रहण खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) (खा0 एवं ख0वि0 और वि0) अधिनियम, 1957, खनिज परिहार नियमावली, 1960, और उत्तर प्रदेश उप खनिज परिहार (उ0प्र0उ0ख0प0) नियमावली, 1963 द्वारा शासित होता है। प्रमुख सचिव, भूतत्व एवं खनिकर्म, उत्तर प्रदेश, शासन स्तर पर प्रशासनिक प्रमुख होते हैं। भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग (विभाग) का समग्र नियंत्रण एवं निर्देशन निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म, उत्तर प्रदेश, लखनऊ में निहित है। मुख्यालय पर निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म की सहायता दो संयुक्त निदेशक द्वारा की जाती है जिसकी आगे सहायता मुख्य खान अधिकारी द्वारा की जाती है। जिला स्तर, पर जिला खान अधिकारी (जि0खा0अ0) देय एवं भुगतान योग्य रॉयल्टी, भाटक एवं अनुज्ञापत्र शुल्क, आदि के निर्धारण के लिए उत्तरदायी है। अपर जिला मजिस्ट्रेट (वित्त एवं राजस्व) जिला कलेक्टर के समग्र प्रशासनिक नियंत्रण के तहत खनन प्राप्तियों के संग्रह और लेखा के प्रभारी है।

4-2 ys[kkijh{kk dk ifj.kke

वर्ष 2021–22 के दौरान, 75 जिलों में से भूतत्व एवं खनिकर्म, उत्तर प्रदेश, के 13 जिला खान अधिकारी के अभिलेखों की नमूना जाँच में रॉयल्टी कम/नही वसूल किया जाना एवं अन्य अनियमितताओं में सन्निहित ₹ 439.99 करोड़ धनराशि के 3,588 मामले प्रकाश में आये, जैसा कि **lkj.kh&4-1** में वर्णित है।

lkj.kh&4-1

Ø0l0	Jf.k;k	ekeyks dh la[;k	/kujkf'k ¼₹ djksM+ esa½
1	रॉयल्टी न वसूल किया जाना	61	119.06
2	खनिज मूल्यों की वसूली न किया जाना	10	23.83
3	पट्टा विलेखों पर स्टाम्प शुल्क का कम आरोपण	40	6.20
4	शास्ति का अनारोपण	203	7.03
5	अन्य अनियमिततायें[1]	3,274	283.87
;ksx		**3,588**	**439.99**

4-3 iV~Vk fujLrhdj.k esa foyEc ds dkj.k jktLo dh gkfu

> **foHkkx us iV~Vk/kkjd }kjk jk;YVh ,oa vU; ns; jkf'k dk Hkqxrku u fd;s tkus ds dkj.k iV~Vs dk rRdky fujLr ugh fd;k rFkk iV~Vs dk iquLFkkiu ugh fd;k ftlls ₹ 14-18 djksM+ jktLo dh gkfu gqbZA**

उ0प्र0उ0ख0प0 नियमावली, 1963 के नियम 28(2)(1) एवं (4) प्रावधानित करते हैं कि निविदा/नीलामी की किश्तों की धनराशि चतुर्थ अनुसूची के अनुसार त्रैमासिक निर्धारित की जायेगी। उ0प्र0उ0ख0प0 नियमावली, 1963 का नियम 58(1) प्रावधानित करता है कि राज्य सरकार या उसके द्वारा निमित्त प्राधिकृत कोई अधिकारी, पट्टाधारक पर इस बात की सूचना तामील करने के पश्चात् कि वह सूचना प्राप्त होने के दिनांक से 30 दिन के भीतर राज्य सरकार को देय स्वामित्व (रॉयल्टी) सहित पट्टे के अधीन देय कोई धनराशि या अपरिहार्य भाटक का भुगतान करें, यदि उस भुगतान के लिये निश्चित दिनांक से पन्द्रह दिन के भीतर उसका भुगतान न किया गया हो, तो खनन पट्टा

[1] जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट (जि0ख0फा0ट्र0) में अंशदान लाइसेंसधारियों/पट्टेधारकों से वसूल न होना, पट्टेधारकों/ईंट भट्ठा मालिकों आदि द्वारा रॉयल्टी के विलम्बित भुगतान पर ब्याज नही वसूला जाना।

समाप्त कर सकता है। यह अधिकार पट्टाधारक से ऐसे देयों को भू राजस्व के बकाया के रूप में वसूली करने के राज्य सरकार के अधिकार के अतिरिक्त होगा।

इसके अलावा, उत्तर प्रदेश जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट, नियमावली, 2017 के नियम 10(2) के अनुसार उप खनिज के मामले में प्रत्येक खनिज परिहार/अनुज्ञा पत्र धारक को रॉयल्टी के अतिरिक्त जिला जिसमे खनन संक्रियायें जारी हो, के ट्रस्ट को ऐसी धनराशि का भुगतान करना होगा जो रॉयल्टी के 10 प्रतिशत के बराबर हो या ऐसी हो जैसा कि राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर विहित किया जाय।

इस प्रकार, खनन पट्टों की रॉयल्टी एवं जि0ख0फा0ट्र0 में अंशदान का भुगतान शासन को त्रैमासिक आधार पर किया जाना आवश्यक है और यदि ऐसा नहीं किया जाता, तब पट्टा निरस्त किया जा सकता है एवं रॉयल्टी की वसूली नियमों के अनुसार भू राजस्व के बकाया की तरह की जा सकती है।

लेखापरीक्षा ने डीएमओ फतेहपुर के अभिलेखों की नमूना जाँच (मार्च 2022) की और देखा कि राज्य सरकार एवं मैसर्स क्लासिक इन्फ्रावेंचर एलएलपी (पट्टाधारक) के मध्य 13 जनवरी 2019 को एक समझौता किया गया था, जहाँ राज्य सरकार ने खनन कार्य के लिए ग्राम अधवल, फतेहपुर गाटा संख्या ए 11 में पाँच वर्ष के लिए 40.48 हेक्टेयर भूमि आवंटित की थी। पट्टाधारक को पहले वर्ष के लिए ₹ 8,09,600 घनमीटर मौरम प्रति वर्ष खुदाई के लिए ₹ 306 प्रति घन मीटर की दर से रॉयल्टी का भुगतान करना आवश्यक था और बाद के वर्षों में पट्टा विलेख में प्रदान की गई अनुसूची के अनुसार पिछले वर्ष की दर पर 10 प्रतिशत की वृद्धि के साथ करना था। लेखापरीक्षा ने आगे देखा कि पट्टाधारक ने प्रतिभूति की राशि के रूप में ₹ 6.14 करोड़ जमा किये (5 मई 2018) तथा प्रत्येक की रॉयल्टी की पहली किश्त अनूसूची के अनुसार जमा की। हालाँकि, पट्टाधारक द्वारा 1 अप्रैल 2019 और 1 जुलाई 2019 को देय ₹ 6.19 करोड़ की दूसरी एवं तीसरी किश्त के भुगतान में चूक की गयी। केवल ₹ 55.00 लाख का आंशिक भुगतान किया गया था (सितम्बर 2019 एवं अक्टूबर 2019 के मध्य)। पट्टाधारक ने आगे 1 अक्टूबर 2019 को देय ₹ 6.19 करोड़ की चौथी किश्त के भुगतान में चूक की। इस प्रकार, बिना भुगतान के अवशेष राशि ₹ 18.03 करोड़ थी।

जिला खान अधिकारी (डीएमओ) एवं जिलाधिकारी (डीएम) फतेहपुर ने क्रमशः 24 अप्रैल 2019 एवं 28 मई 2019 को नोटिस जारी किया लेकिन पट्टाधारक ने दूसरी किश्त जमा नही की। जिला प्राधिकरण ने 16 अगस्त 2019 (दूसरी किश्त की बकाया राशि के लिए) और 14 जनवरी 2020 (बाद की किश्तों की बकाया राशि के लिए) पट्टाधारक के खिलाफ देरी से वसूली प्रमाण पत्र जारी किया। विभाग ने तीसरी किश्त के प्रति आंशिक भुगतान का समायोजन किया क्योंकि दूसरी किश्त की चूक के विरूद्ध वसूली प्रमाण पत्र पहले ही जारी किया जा चुका था। अंततः डीएम द्वारा 3 जनवरी 2020 को लीज रद्द कर दी गयी।

लेखापरीक्षा ने आगे देखा कि यद्यपि पट्टाधारक को ₹ 1.85 करोड़ के बकाया डीएमएफटी अंशदान और ₹ 49.55 लाख के स्रोत पर संग्रह (टीसीएस) राशि के भुगतान के लिए 10 सितम्बर 2020 को नोटिस जारी किया गया था, तथापि पट्टाधारक के विरूद्ध कोई वसूली प्रमाण पत्र जारी नही किया गया। इस प्रकार, पट्टाधारक द्वारा ₹ 11.83 करोड़ की रॉयल्टी, ₹ 1.85 करोड़ की डीएमएफटी अंशदान तथा ₹ 49.55 लाख की टीसीएस की राशि जमा नही की गई।

पट्टाधारक द्वारा 1 अप्रैल 2019 को देय दूसरी किश्त के भुगतान में चूक के बाद सम्बन्धित डीएमओ एवं डीएम पट्टा रद्द करने में विफल रहे और पट्टे का पुर्नस्थापन करने में विफल रहे। 14 जनवरी 2020 को जारी किए गए वसूली प्रमाण पत्र को 10 जून 2021 को इस टिप्पणी के साथ वापस कर दिये गए थे कि न तो पट्टाधारक के भागीदार वसूली प्रमाण पत्र में उल्लिखित पते पर पाए गए थे और न ही उनके नाम पर कोई सम्पत्ति पाई गई थी। जिसके परिणामस्वरूप ₹ 14.18 करोड़ के राजस्व की हानि हुई।

प्रकरण शासन को प्रतिवेदित किया गया (अप्रैल 2022)। उनका उत्तर प्रतीक्षित है (जून 2022)।

4.4 fu;ked <kp e fjDrrk

ek tnk fu;ked <kp d rgr] pfd uhyke d ek/;e l iVV ij fn, x,] [kuu {k=k d ekeyk e [kfut dh dher dk ifjHkkf"kr ugh fd;k x;k g] blfy, ;g ftyk vf/kdkfj;k d foo d ij NkM fn;k x;k g fd o ;k rk jk;YVh d v/;k; III dh njk dk viuk, ;k uhyke d ek/;e l [kkth xbl [kfut dh dher dh njk dk dke e yA ifj.kkeLo:i] iVVk/kkjd dHkh&dHkh vo/k [kuu d fy, o/k fudklh d fy, n; jkf'k d edkcy de n.M dk Hkxrku djrk g] bl idkj vo/k [kuu dk ikRlkfgr djrk gA

खा0 एवं ख0 (वि0 और वि0) अधिनियम, 1957 की धारा 21 (5) प्रावधानित करता है कि यदि कोई व्यक्ति बिना किसी विधिक प्राधिकार के किसी उपखनिज को, किसी भूमि से हटाता है, राज्य सरकार ऐसे व्यक्ति से, ऐसे हटाये गये उपखनिज या जहाँ ऐसे उपखनिज का निस्तारण कर लिया गया है, उसकी कीमत और उस अवधि के लिये जिसके दौरान ऐसे व्यक्ति द्वारा बिना विधिक प्राधिकार के भूमि कब्जे में रखी गयी, किराया, रॉयल्टी या कर, जैसा भी प्रकरण हो, वसूल कर सकती है।

सरकार ने 15 अक्टूबर 2015 के अपने आदेश में, स्पष्ट किया है कि 'खनिजों का मूल्य' सामान्यतः रॉयल्टी का पाँच गुना है। रॉयल्टी की दरें उ0प्र0उ0ख0प0 नियमावली, 1963 के अध्याय III में परिभाषित की गयी है।

उ0प्र0उ0ख0प0 नियमावली, 1963 का नियम 57, यह प्रावधानित करता है कि जो कोई भी नियम 3[2] के उपबन्धों का उल्लंघन करे वह दोष सिद्ध हो जाने पर किसी भी प्रकार के कारावास से दण्डनीय होगा, जो छः मास तक हो सकता है अथवा अर्थदण्ड से दण्डनीय होगा जो ₹ 25,000 तक हो सकता है अथवा दोनों से दण्डनीय होगा। दिनांक 18 मई 2017 के आदेश द्वारा सरकार ने उक्त नियम के अर्थदण्ड के प्रावधानों में संशोधन किया कि कारावास जो पाँच वर्ष तक हो सकता है अथवा अर्थदण्ड से, जो प्रति हेक्टेयर क्षेत्र के लिये न्यूनतम ₹ दो लाख एवं अधिकतम ₹ पाँच लाख तक हो सकता है अथवा दोनो से दण्डनीय होगा।

उ0प्र0उ0ख0प0 नियमावली, 1963 का नियम 23(1) यह प्रावधानित करता है कि राज्य सरकार सामान्य अथवा विशिष्ट आदेश द्वारा ऐसे क्षेत्रों को नीलामी द्वारा पट्टे पर दिये जाने की घोषणा कर सकती है। अग्रेतर, नियम 23 (3), यह प्रावधानित करता है कि ऐसी घोषणा पर, अध्याय III[3] के उपबन्ध उस क्षेत्र पर लागू नहीं होंगे जिसके सम्बन्ध में घोषणा जारी कर दी गयी है।

इस प्रकार, किसी भी अवैध खनन के लिये राज्य सरकार खनिज या उसके मूल्य और प्रासंगिक रॉयल्टी की वसूली कर सकती है। अवैध खनन के लिये अर्थदण्ड मई 2017 में बढ़ा दिया गया था। जिन क्षेत्रों को नीलामी द्वारा पट्टे पर देने के लिये अधिसूचित किया गया है, उनके लिये अध्याय III में रॉयल्टी दर लागू नहीं है।

लेखापरीक्षा ने नीलामी के द्वारा व्यवस्थिति अधिसूचित क्षेत्रों के सन्दर्भ में शास्ति प्रावधानों का दो परिदृश्यों के अन्तर्गत विश्लेषण कियाः (क) नीलाम किये गये क्षेत्रों में और (ख) नीलाम किये गये क्षेत्रों से सटे हुए क्षेत्रों में अवैध खनन। विश्लेषण के परिणाम नीचे दिये गये हैं:

[2] खनन कार्य इन नियमों के तहत दिए गए पट्टा या खनन परमिट के नियमों और शर्तों के अनुसार किया जायेगा।

[3] रॉयल्टी और अपरिहार्य भाटक के भुगतान से सम्बन्धित प्रावधान।

¼d½ uhyke fd;s x;s [kuu iV~Vk {ks=ksa ds ekeyksa esa ^[kfut eY;* ifjHkkf"kr u fd;k tkuk

उ0प्र0उ0ख0प0 नियमावली, 1963 का नियम 23 (3) यह प्रावधानित करता है कि नीलाम किये गये क्षेत्रों के लिये अध्याय III लागू नहीं होगा। अध्याय III निर्धारित करता है कि खनिजों की रॉयल्टी खनिज के खनिमुख मूल्य के 20 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी। इसके आधार पर खनिज मूल्य को साधारणतया रॉयल्टी का पाँच गुना माना जाता हैं। चूंकि नीलाम के माध्यम से पट्टे पर दिये गये खनन क्षेत्रों के मामलों में अध्याय III लागू नहीं है, ऐसे मामलों में अवैध खनन के मामले में खनिज मूल्य निर्धारित करने के बारे में अस्पष्टता है। यह जिलाधिकारियों के विवेक पर छोड़ दिया गया है कि वे या तो अध्याय III की दरों या नीलामी के माध्यम से खोजी गयी दरों को अपनाएं।

¼[k½ uhyke fd;s x;s {ks=ksa ;k uhyke fd;s x;s {ks=ksa ds vkl&ikl ds {ks=ksa esa vo/k [kuu ds fy;s vkjksfir jk;YVh] *[kfut eY;* ,oa vFkZn.M dh vi;kZIr ek=k

लेखापरीक्षा ने चार जि0खा0का0[4] के अभिलेखों[5] की नमूना जाँच (नवम्बर 2021 एवं मार्च 2022 के मध्य) की और देखा कि 13 मामलों में से सात में जहाँ नीलामी के माध्यम से पट्टे दिये गये थे, जिला अधिकारियों के जाँच दल ने सात पट्टाधारकों द्वारा स्वीकृत पट्टा क्षेत्रों के आस–पास के क्षेत्रों में 61,769 घ0मी0 उप खनिजों (बालू/मौरम/गिट्टी) के अवैध खनन की सूचना दी थी। विवरण **lkj.kh&4-2** में दिया गया है:

lkj.kh&4-2% vo/k mR[kuu dk fooj.k

Ø0 l0	iV~Vk/kkjd dk uke	iV~Vk {ks=	iV~Vk@ijfeV dh vof/k	ifro"kZ [kfut dh tkus okyh ek=k ¼?k0eh0 esa½	jk;YVh dh nj ifr ?k0eh0 esa ¼₹ esa½	fjiksVZ ds vuqlkj iV~Vk {ks= ds vkl ikl vo/k :Ik ls mR[kfur cky w dh ek=k ¼?k0eh0 esa½	vo/k [kuu ds fy, mBk;h xbZ vfrfjDr ekax ¼₹ esa½
1.	मे0 शुभ कंस्ट्रक्शन प्रो. शशि देवी, 168/19, नोनिया मोहल्ला, जिला बाँदा	ग्राम–सलेमपुर, तहसील मोठ, जिला–झाँसी, अराजी नंबर–321गा0, क्षेत्रफल 10.00 हेक्टेयर	16.01.2021 से 15.01.2026	50,000	952	2,885	25.97 लाख
2.	मे0 सागर ब्रिक फील्ड	ग्राम–रूसाई सैदपुर, तहसील–चायल, जिला–कौशाम्बी, खंड संख्या 8/3 से 8/4 क्षेत्रफल 24.28 हेक्टेयर	01.05.2020 से 30.04.2025	3,60,000	155	25,364	2.38 करोड़
3.	श्री केशरी नंदन सिंह	ग्राम–कतरी, तहसील–मंझनपुर, खंड संख्या 14/11 से 14/12 क्षेत्रफल 10.46 हेक्टेयर	20.12.2018 से 19.12.2023	4,85,000	315	10,746	1.12 करोड़
4.	मे0 रिषभ हर्बल प्रा0 लिमिटेड	ग्राम–दिया, तहसील–मंझनपुर, खंड संख्या 11/15 से 11/16 क्षेत्रफल 24.28 हेक्टेयर	11.04.2018 से 10.04.2023	3,60,000	181	19,600	1.81 करोड़
5	मे0 रत्ना जादोन ई–7, एम 708 अरेरा कोलोनी भोपाल (म0प्र0)	ग्राम–अधवल, तहसील–फतेहपुर, जिला–फतेहपुर, क्षेत्रफल 25.00 हेक्टेयर	06.11.2020 से 05.11.2025	2,50,000	400	50	0.45 लाख

[4] डीएमओ–फतेहपुर, झाँसी, कौशाम्बी एवं सोनभद्र।
[5] पट्टा पत्रावलियाँ।

Ø0 l0	iVVk/kkjd dk uke	iVVk {k=	iVVk@ijfeV dh vof/k	ifro"k [knkbl dh tkus okyh ek=k ¼?k0eh0 e½	jk;YVh dh nj ifr ?k0eh0 e ¼₹ e½	fjikVl ds vuqlkj iVVk {k= ds vklikl vo/k :Ik ls mR[kfur ckyw dh ek=k ¼?k0eh0 e½	vo/k [kuu ds fy, mBkbl xbl vfrfjDr ekx ¼₹ e½
6	मे0 सी0 एस0 इन्फ्रा कंस्ट्रक्शन लिमिटेड प्रबंध निदेशक श्रीमती पुष्पा सिंह	ग्राम–बिल्ली मारकुंडी, तहसील–रार्बट्सगंज, सोनभद्र, अराजी संख्या 7536 गा0 (मि) खंड–3, क्षेत्रफल 4.00 हेक्टेयर	06.11.2020 से 05.11.2030	40,000	3,000	608	5.84 लाख
7	मे0 साईं राम एन्टरप्राइजेज साझीदार श्री चन्द्र भूषण गुप्ता	ग्राम–बिल्ली मारकुंडी, तहसील–ओबरा, सोनभद्र, अराजी संख्या 7536 गा (मि), खंड–1, क्षेत्रफल 4.97 हेक्टेयर	05.10.2020 से 04.10.2030	49,700	3,010	2,502	24.27 लाख
;kx							₹ 5.88 djksM

जिला प्राधिकारियों ने अवैध खनन की मात्रा की गणना की और अवैध खनन के लिये कुल ₹ 0.93 करोड़ रॉयल्टी, ₹ 4.65 करोड़ 'खनिज मूल्य' एवं मात्र ₹ 30.25 लाख[6] शास्ति का मांग पत्र जारी किया (जून 2018 और जून 2021 के मध्य)।

लेखापरीक्षा ने जिलाधिकारी द्वारा वास्तविक आरोपित अर्थदण्ड की मात्रा एवं नीलामी द्वारा खोजी गयी दरों के आधार पर तुलना की। विवरण नीचे **lkj.kh&4-3** में दिया गया है।

lkj.kh&4-3% vkjksfir vFkZn.M dh /kujkf'k dk fo'ys"k.k

(₹ yk[k esa flok; LrEHk 4 vkSj 9 ds)

Ø0 l0	iVVk/kkjd dk uke	vo/k :i ls [kuu dh x;h ek=k ¼?k0eh0 e½	ftykf/kdkjh }kjk okLro esa vkjksfir					uhykeh }kjk ckyh x;h nj ds vk/kkj ij ¼y[kkijh{kk }kjk vkxf.kr½				
			jk;YVh dh nj ¼ifr ?k0eh0½	jk;YVh	[kfut eY;	vFkZn.M	;kx	jk;YVh dh ckyh x;h nj ¼ifr ?k0eh0½	jk;YVh	[kfut eY;	vFkZn.M	;kx
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)	(11)	(12)	(13)
1. (1 प्रकरण)	मे0 शुभ कंस्ट्रक्शन प्रो. शशि देवी, 168/19 नोनिया मोहल्ला जिला बाँदा	2,885	150	4.33	21.64	0.00	**25.97**	952	27.46	137.33	5.00	**169.79**
2. (2 प्रकरण)	मे0 सागर ब्रिक फील्ड	25,364	150	38.05	190.23	10.00	**238.28**	155	39.31	196.57	10.00	**245.88**
3. (3 प्रकरण)	श्री केशरी नंदन सिंह	10,746	150	16.12	80.60	15.00	**111.71**	315	33.85	169.25	15.00	**218.10**
4. (2 प्रकरण)	मे0 रिषभ हर्बल प्रा0 लिमिटेड	19,600	150	29.40	147.00	5.00	**181.40**	181	35.48	177.38	10.00	**222.86**
5. (1 प्रकरण)	मे0 रत्ना जादोन ई–7, एम 708 अरेरा कोलोनी भोपाल (म0प्र0)	50	150	0.075	0.38	0	**0.45**	400	0.20	1.00	5.00	**6.20**
6. (1 प्रकरण)	मे0 सी0 एस0 इन्फ्रा कंस्ट्रक्शन लिमिटेड प्रबंध निदेशक–श्रीमती पुष्पा सिंह	608	160	0.97	4.86	0	**5.84**	3,000	18.24	91.20	5.00	**114.44**

[6] उ0प्र0उ0ख0प0 नियमावली, 1963।

(₹ yk[k esa flok; LrEHk 4 vkSj 9 ds)												
Ø0 l0	iV~Vk/kkjd dk uke	vo/k :i ls [kuu dh x;h ek=k ¼?k0eh0 esa½	ftykf/kdkjh }kjk okLro esa vkjksfir					uhykeh }kjk cksyh x;h nj ds vk/kkj ij ¼ys[kkijh{kk }kjk vkxf.kr½				
			jk;YVh dh nj ¼izfr ?k0eh0½	jk;YVh	[kfut eY;	vFkZn.M	;ksx	jk;YVh dh cksyh x;h nj ¼izfr ?k0eh0½	jk;YVh	[kfut eY;	vFkZn.M	;ksx
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)	(11)	(12)	(13)
7. (1 प्रकरण)	मे0 साईं राम एन्टरप्राइजेज साझीदार श्री चन्द्र भूषण गुप्ता	2,502	160	4.00	20.02	0.25	**24.27**	3,010	75.31	376.55	5.00	**456.86**

उपरोक्त सारणी के आंकड़ों के विश्लेषण द्वारा निम्न निर्दिष्ट है:

(i) अवैध खनन के लिये दण्डात्मक मांग उ0प्र0उ0ख0प0 नियमावली, 1963 के अध्याय III में दी गयी रॉयल्टी की दरों पर आधारित थी जो नीलामी के माध्यम से बोली गयी दरों से काफी कम थी। इस प्रकार, जब अध्याय III में दी गयी मौरम की रॉयल्टी की दरें ₹ 150 और गिट्टी (डोलोस्टोन) की ₹ 160 तक थी, नीलामी के माध्यम से बोली गयी दरें मौरम ₹ 155 से ₹ 952 और गिट्टी (डोलोस्टोन) की ₹ 3,000 से ₹ 3,010 के बीच थी। अध्याय III की दरों के आधार पर, इन पट्टेधारकों से मौरम के लिये केवल ₹ 0.45 लाख से ₹ 2.38 करोड़ और गिट्टी (डोलोस्टोन) के लिए ₹ 5.84 लाख से ₹ 24.27 लाख के बीच की राशि की मांग की गयी। तथापि, यदि नीलामी की दरों पर विचार किया जाता तो इन सात पट्टेधारकों को ₹ 6.20 लाख से ₹ 4.57 करोड़ की दण्डात्मक राशि का भुगतान करना पड़ता। इसलिये यद्यपि नीलामी क्षेत्रों या पड़ोसी क्षेत्रों में विभिन्न पट्टेधारकों द्वारा अवैध खनन किया जा रहा था, विनियमों ने बहुत कम दरों पर रॉयल्टी एवं 'खनिज मूल्य' आरोपित करने की अनुमति दी गई।

(ii) पट्टेधारकों (सारणी 4.3 का क्रमांक 6 और 7 देखें) ने बिना रॉयल्टी दिए उन्हें नीलाम किए गए पट्टा क्षेत्र से खनिज निकाले। हालाँकि, अवैध खनन के लिए लगाया गया जुर्माना नीलाम किए गए पट्टा क्षेत्र से वैध खनन के लिए देय राशि से कम था, इस प्रकार अवैध खनन को प्रोत्साहित किया गया।

(iii) यद्यपि अर्थदण्ड आरोपित करना आवश्यक था और प्रत्येक मामले में अधिकतम ₹ पाँच लाख प्रति हेक्टेयर था, यह देखा गया कि केवल सात मामले में जिला अधिकारियों ने मात्र ₹ 30.25 लाख का अर्थदण्ड आरोपित किया जबकि छः मामलों में कोई अर्थदण्ड आरोपित नहीं किया गया था।

इससे पहले, उत्तर प्रदेश सरकार के मार्च 2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए राजस्व क्षेत्र पर सीएजी की लेखापरीक्षा प्रतिवेदन के प्रस्तर 5.4 में और उत्तर प्रदेश सरकार के मार्च 2020 को समाप्त हुए वर्ष के लिए राजस्व क्षेत्र पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन के प्रस्तर 5.3 में इसी तरह की लेखापरीक्षा टिप्पणियों की सूचना दी गई थी।

प्रकरण शासन को प्रतिवेदित किया गया (अप्रैल 2022)। उनका उत्तर प्रतीक्षित है (जून 2022)।

4-5 iVV/kkjdk }kjk [kfutk d vo/k ifjogu d ekeyk e [kfut dk eY; ugh yxk;k tkuk

iVV/kkjdk }kjk fcuk i|i= ,e0,e0 11 d [kfut d vo/k ifjogu d ikdj.kk e ₹ 11-92 djkM d [kfutk dk eY; vkjkfir ,o oly ugh fd;k x;kA

उ0प्र0उ0ख0प0 नियमावली, 1963 और उत्तर प्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन और भण्डारण का निवारण) नियमावली, 2002, प्रावधानित करती है कि कोई भी व्यक्ति बिना वैध परिवहन पास (प्रपत्र एम0एम0–11[7]/प्रपत्र सी[8]) के किसी खनिज का परिवहन नहीं करेगा। खा0 एवं ख0 (वि0 और वि0) अधिनियम[9], 1957, प्रावधानित करता है कि वैध प्राधिकार के बिना उपखनिजों के उठान पर रॉयल्टी के साथ खनिज मूल्य की वसूली की जा सकती है। उ0प्र0उ0ख0प0 नियमावली, 1963 के नियम 70(1) सपठित धारा 4(1–ए) और खा0 एवं ख0 (वी0 और वी0) अधिनियम की धारा 21 (1 से 5) उसके द्वारा पट्टा एवं परमिट धारक या अधिकृत कोई भी व्यक्ति किसी भी वाहन, मवेशी या परिवहन के किसी भी माध्यम से खनिज परिवहन के लिए प्रत्येक व्यक्ति को प्रपत्र एमएम–11 में ट्रांजिट पास जारी करता है। अग्रेतर, नियम 70(2) में प्रावधान है कि उपनियम (2) के तहत जारी एमएम–11 प्रपत्र के बिना कोई भी व्यक्ति राज्य में किसी भी खनिज का परिवहन नही करेगा। नियम 70(6) में प्रावधान है कि जो भी व्यक्ति इस नियम के प्रावधान का उल्लंघन करता है, यदि वह दोषी पाया जाता है, तो छः महीने की कैद या ₹ 25,000 का जुर्माना हो सकता है।

लेखापरीक्षा ने जिला खान अधिकारी, फतेहपुर के अभिलेखों की नमूना जाँच (मार्च 2022) की और पाया कि दो पट्टेधारकों को मौरम की खुदाई के लिए दो पट्टे आवंटित किये गये थे और अनुबंध राज्य सरकार और पट्टाधारक के बीच (मार्च 2018 और अप्रैल 2018 के बीच) निष्पादित किए गए थे।

लेखापरीक्षा ने देखा कि निदेशक, भूविज्ञान और खनन के आदेश के अनुपालन में, डीएम फतेहपुर ने मौरम के अवैध उत्खनन के लिए पिछली निरीक्षण रिपोर्ट (जून 2018 में किए गए निरीक्षण) के परिणामों को सत्यापित करने के लिए एक जाँच (सितम्बर 2018) की स्थापना की। जाँच दल ने बताया (अक्टूबर 2018) कि दोनो पट्टेधारकों ने 2,09,514 घनमीटर मौरम का उत्खनन किया जिसमे से ई–एमएम–11 प्रपत्र केवल 1,42,414 घनमीटर के लिए जनरेट किए गए थे। इस प्रकार, 67,100 घनमीटर मौरम को बिना ई–एमएम–11 प्रपत्र जनरेट किए अवैध परिवहन किया गया।

अग्रेतर, लेखापरीक्षा में देखा गया कि दोनों पट्टेधारकों ने मौरम के ओवरलोडिंग को स्वीकार (अक्टूबर 2018) किया लेकिन विभाग ने बिना ई–एमएम–11 प्रपत्रों के मौरम के अवैध परिवहन के लिए खनिज का मूल्य ₹ 11.92 करोड़ नही लगाया। तत्पश्चात्, दोनों पट्टेधारकों ने अक्टूबर 2018 में देय किश्त जमा नहीं की और विभाग ने जमानत राशि जब्त कर (जनवरी 2019 से फरवरी 2019 के बीच) पट्टों को रद्द कर दिया।

इस प्रकार, विभाग ने ₹ 11.92 करोड़ की राशि के खनिज मूल्य की वसूली न करके पट्टेधारकों को अनुचित लाभ पहुँचाया जैसा कि **ifjf'k"V& XXXIX** में दर्शाया गया है।

प्रकरण शासन को प्रतिवेदित किया गया (अप्रैल 2022)। उनका उत्तर प्रतीक्षित है (जून 2022)।

---

7 उप खनिजों के परिवहन के लिए खनन पट्टा धारक अथवा क्रेशर प्लान्ट धारक द्वारा जारी ट्रॉजिट पास (रवन्ना) इसमें पट्टाधारक का नाम और पता खनिजों की प्रकृति एवं मात्रा और वाहन का नम्बर जिसके द्वारा खनिज का पारगमन होता है शामिल है।

8 खनिज के भण्डार हेतु अनुज्ञप्तिधारी भण्डार से खनिजों के वैध परिवहन हेतु प्रपत्र–सी में ट्रांजिट पास जारी करेगा।

9 खा0 एवं ख0 (वि0 और वि0) अधिनियम की धारा 21(5)।

4-6 jk;YVh vkj ifrHkfr tek d Hkxrku e foyEc d fy, ckyh io c;kuk jkf'k tCr u fd;k tkuk

ftyk [kku vf/kdkjh u jk;YVh ,o ifrHkfr tek jkf'k d Hkxrku e foyEc d fy, ckyh io c;kuk jkf'k ₹ 3-51 djkM tCr ugh dhA

उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश[10] दिनांक 14 अगस्त 2017 में प्रावधान है कि गौण खनिजों के लिए पट्टे के प्रत्येक सफल बोलीदाता को आशय पत्र (एलओआई) प्राप्त होने के बाद पहले वर्ष की देय रॉयल्टी का 50 प्रतिशत (सुरक्षा जमा के रूप में 25 प्रतिशत और प्रथम किश्त 25 प्रतिशत), एलओआई जारी करने की तारीख से दो कार्य दिवसों के अंदर आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से, मेटल स्क्रेप ट्रेड कार्पोरेशन (एमएसटीसी)[11] के ई–भुगतान गेटवे पर जमा करना होगा। सफल बोलीदाता द्वारा जमा की गई बोली पूर्व बयाना राशि, इस राशि को जमा करने से पूर्व समायोजित की जाएगी। अग्रेतर, यदि सफल बोलीदाता उपरोक्त राशि को निर्धारित समय के भीतर जमा करने में विफल रहता है, तो उनके द्वारा जमा की गई बोली पूर्व बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी और इस सम्बन्ध में किसी भी शिकायत या आवेदन पर विचार नही किया जायेगा।

लेखापरीक्षा ने जिला खान अधिकारी (जि0खा0अ0) के दो कार्यालयों[12] के अभिलेखों[13] की जाँच की और पाया (जनवरी/मार्च 2022) कि सम्बन्धित जिलाधिकारियों (डीएम) ने चार सफल बोलीदाताओं के पक्ष में (जून 2020 और जनवरी 2021 के मध्य) ई–निविदा सह ई–नीलामी की बोली में बालू/मौरम के खनन पट्टे के लिए एलओआई जारी किया। बोलीदाताओं को एलओआई निर्गत होने के दो कार्य दिवस के अन्दर ₹ 6.50 करोड़ (पहले वर्ष की देय रॉयल्टी का 50 प्रतिशत) जमा करना आवश्यक था। बोलीदाताओं ने छः से 88 दिनों तक की देरी के साथ आवश्यक धनराशि जमा की किन्तु सम्बन्धित जिला खान अधिकारियों ने रॉयल्टी और सुरक्षा जमा के भुगतान में देरी के लिए बोली पूर्व बयाना राशि ₹ 3.51 करोड़ को जब्त करने के लिए कोई कार्यवाही शुरू नही की, जैसा कि **ifjf'k"V&XL** में वर्णित है।

प्रकरण शासन को प्रतिवेदित किया गया (अप्रैल 2022)। उनका उत्तर प्रतीक्षित है (जून 2022)।

4-7 [kuu iVVk foy[kk ij LVkEi 'kYd ,o fucU/ku Qh l dk de vkjki.k

ftyk [kfut Qkm.M'ku VLV ¼ft0[k0Qk0V0½ e n; v'knkuk dk 39 [kuu iVVk foy[kk e ifrQy e lfEefyr u fd; tku d ifj.kkeLo:i ₹ 4-85 djkM LVkEi 'kYd ,o ₹ 1-10 djkM fucU/ku Qh l dk de vkjki.k fd;k tkukA

नियमों के अनुसार स्टाम्प शुल्क एवं जि0ख0फा0ट्र0 में अंशदान खनन पट्टों पर लागू है।

भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (भा0स्टा0अ0) की अनुसूची I–ख का अनुच्छेद 35 (ख) (एक) प्रावधानित करता है कि जहां लीज 30 वर्ष से अधिक नही हो, किसी जुर्माना या प्रीमियम के लिये या अग्रिम दिये गये धन के लिये मंजूर किया गया है और जहां कि कोई भाटक आरक्षित नही है, वहां स्टाम्प शुल्क उसके बराबर प्रभार्य होना चाहिये जो

[10] आदेश का प्रस्तर 19 (2)।
[11] भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग का ई–नीलामी का सेवा प्रदाता।
[12] फतेहपुर एवं कौशाम्बी।
[13] पट्टा पत्रावलियाँ, लेटर आफ इन्टेन्ट इत्यादि।

ऐसा जुर्माना या प्रीमियम या अग्रिम धन की रकम या मूल्य के, जो लीज में उपवर्णित है, के बराबर प्रतिफल वाले हस्तान्तरण पत्र पर देय है। अधिसूचना दिनांक 10 जुलाई 2008 के अनुसार इन पट्टा विलेखों पर 2 प्रतिशत प्रतिफल का स्टाम्प शुल्क प्रभार्य था।

इसके अतिरिक्त, अनुच्छेद 35 का स्पष्टीकरण (I) कहता है कि जब पट्टाधारक ऐसे आवर्तक प्रभार, जैसे सरकारी लगान, भूस्वामी के भाग का सेस या मकान मालिक के भाग के म्यूनिसिपल रेट्स या टैक्स, जो विधि अनुसार पट्टादाता से वसूल होते है, अदा करना स्वीकार करे तो वे राशियाँ जिनको अदा करने की सहमति पट्टाधारक द्वारा की गयी हो, किराये का भाग समझी जायेगी।

अग्रेतर, उक्त अधिनियम की धारा 33(1) प्रावधानित करती है कि सार्वजनिक कार्यालय का प्रभारी पुलिस अधिकारी के सिवाय, प्रत्येक व्यक्ति, जिसके समक्ष उसके कर्तव्यों के सम्पादन में कोई ऐसा विलेख प्रस्तुत किया जाये, या आ जाये, जो उसकी राय में स्टाम्प शुल्क से प्रभार्य है और उसे प्रतीत होता है कि विलेख यथा विधि स्टाम्पयुक्त नही है, उसे जब्त करेगा।

उत्तर प्रदेश जि0ख0फा0ट्र0 नियमावली, 2017, के नियम 10(2) के अन्तर्गत पट्टेधारकों को रॉयल्टी का 10 प्रतिशत जि0ख0फा0ट्र0 में भी भुगतान करना अनिवार्य है। सरकार ने दिनांक 13 फरवरी 2020 की अधिसूचना[14] के द्वारा भी पूर्व अधिसूचना[15] 8 दिसम्बर 2015 में संशोधन किया और निबंधन फीस को इस तरह के प्रतिफल या मूल्य पर एक प्रतिशत की दर या अभिलेखों पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क की गणना में जो भी अधिक हो को न्यूनतम ₹ 100 के अधीन, से संशोधित किया।

लेखापरीक्षा ने पाया (नवम्बर 2021 और मार्च 2022 के मध्य) कि छः[16] जि0खा0का0 में फरवरी 2018 और जनवरी 2022 के बीच पाँच से दस वर्षों की अवधि के लिये निष्पादित किये गये 39 खनन पट्टा विलेखों में स्टाम्प शुल्क के प्रभार्यता के लिये केवल रॉयल्टी की धनराशि को प्रतिफल में सम्मिलित किया गया था एवं जि0ख0फा0ट्र0 में जमा होने वाले अंशदान को शामिल नही किया गया था। इन पट्टा विलेखों में ₹ 2,176.66 करोड़ के प्रतिफल पर ₹ 62.11 करोड़ प्रभार्य स्टाम्प शुल्क एवं निबन्धन फीस के विरूद्ध ₹ 1,978.78 करोड़ के प्रतिफल पर ₹ 56.16 करोड़ का स्टाम्प शुल्क प्रभारित किया गया था। इस प्रकार, शासन ₹ 4.85 करोड़ के स्टाम्प शुल्क एवं ₹ 1.10 करोड़ के निबन्धन फीस के कम आरोपण के कारण राजस्व से वंचित रहा।

प्रकरण शासन को प्रतिवेदित किया गया (अप्रैल 2022)। उनका उत्तर प्रतीक्षित है (जून 2022)।

4-8 iVVk/kkjdks d }kjk jk;YVh tek ugh fd;k tkuk

ukS iVVk/kkjdks d }kjk nks ftyk [kuu dk;kZy;ks e ₹ 1-73 djkM dh jk;YVh tek ugh dh xbA

उ0प्र0उ0ख0प0 नियमावली 1963 के नियम 28 (2) (1) एवं (4) प्रावधानित करते है कि निविदा/नीलामी की किश्तों की धनराशि चतुर्थ अनुसूची के अनुसार त्रैमासिक निर्धारित की जायेगी। उ0प्र0उ0ख0प0 नियमावली, 1963 का नियम 58 (1) निर्दिष्ट करता है कि राज्य सरकार अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत कोई अधिकारी राज्य सरकार को देय रॉल्यटी सहित पट्टे के अर्न्तगत कोई देय राशि अथवा अपरिहार्य भाटक नोटिस प्राप्ति के 30 दिनों के अन्दर पट्टाधारक को नोटिस देने के बाद खनन पट्टा निर्धारित कर सकता है, यदि ऐसे भुगतान के लिये नियत तिथि के बाद इसे 15 दिनों के अन्दर जमा

[14] संख्या 02/2020/127/94-स्टाम्प निबन्धन -2-2020-700(74)/15।

[15] संख्या 30/2015/1430/94-स्टाम्प निबन्धन -2-2015-700(74)/15।

[16] फतेहपुर, झाँसी, कौशाम्बी, ललितपुर, शाहजहाँपुर और सोनभद्र।

नहीं किया गया हो। यह अधिकार पट्टाधारक से ऐसे देयों को भूमि राजस्व के बकाया के रूप में वसूल करने के लिये राज्य सरकार को अतिरिक्त रूप से प्राप्त होगा।

इस प्रकार, खनन पट्टों की रॉयल्टी का भुगतान शासन को त्रैमासिक/मासिक आधार पर किया जाना आवश्यक है और यदि ऐसा नही किया जाता तब पट्टा निरस्त किया जा सकता है एवं रॉयल्टी की वसूली नियमों के अनुसार भू राजस्व के बकाया की तरह की जा सकती है।

लेखापरीक्षा ने जिला खान कार्यालयों गोंडा एवं ललितपुर में 35 पट्टा विलेखों की लीज फाइलों की नमूना जाँच की और पाया (नवम्बर 2021 एवं मार्च 2022) कि नौ पट्टेधारकों ने अप्रैल 2019 और जनवरी 2022 के बीच देय **₹** 2.68 करोड़ की देय रॉयल्टी की राशि का भुगतान पट्टा विलेख की अनूसूची के अनुसार जमा नहीं की थी। पट्टाधारक मैसर्स अराध्या इंटरप्राइजेज गोंडा, के केवल एक मामले में सरकार ने दिसम्बर 2021 में **₹** 1.79 करोड़ की देय रॉयल्टी के विरूद्ध **₹** 95.14 लाख की प्रतिभूति राशि को समायोजित किया। इस प्रकार, पट्टेधारकों के द्वारा **₹** 1.73 करोड़ की रॉयल्टी जमा नही की गई थी। सम्बन्धित जिला खान अधिकारियों द्वारा भी इन देय राशियों की वसूली के लिए कोई कार्यवाही प्रारम्भ नहीं की गयी। जिसके परिणामस्वरूप **₹** 1.73 करोड़ राजस्व की वसूली नहीं हो सकी।

प्रकरण शासन को प्रतिवेदित किया गया (अप्रैल 2021)। उनका उत्तर प्रतीक्षित है (जून 2022)।

v/;k;-V: vU; dj ikfIr;k

¼v½ okguksa] eky ,oa ;kf=;ksa ij dj

5.1 dj Á'kklu

राज्य में मोटर यान पर कर एवं शुल्क का आरोपण एवं संग्रहण मोटर यान (मो0या0) अधिनियम, 1988, केन्द्रीय मोटर यान (के0मो0या0) नियमावली, 1989, उत्तर प्रदेश मोटर यान कराधान (उ0प्र0मो0या0क0) अधिनियम, 1997, उत्तर प्रदेश मोटर यान कराधान (उ0प्र0मो0या0क0) नियमावली, 1998, कैरिज बाई रोड (कै0बा0रो0) अधिनियम, 2007, कैरिज बाई रोड (कै0बा0रो0) नियमावली, 2011, तथा समय–समय पर शासन एवं विभाग द्वारा जारी विभिन्न अधिसूचनाओं, परिपत्रों एवं शासकीय आदेशों (शा0आ0) के अधीन नियंत्रित होता है।

शासन स्तर पर प्रमुख सचिव, परिवहन, उत्तर प्रदेश प्रशासनिक प्रमुख होते हैं। करों एवं फीस के निर्धारण एवं संग्रहण की सम्पूर्ण प्रक्रिया परिवहन आयुक्त (प0आ0), उत्तर प्रदेश, द्वारा शासित एवं पर्यवेक्षित की जाती है, जिनकी सहायता मुख्यालय पर पाँच अपर परिवहन आयुक्तों द्वारा की जाती है।

क्षेत्र में छः[1] उप परिवहन आयुक्त (उ0प0आ0), 19 सम्भागीय परिवहन अधिकारी[2] (स0प0अ0) तथा 75 सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (स0स0प0अ0) (प्रशासन) हैं। स0प0अ0 परिवहन यानों से सम्बन्धित परमिटों के निर्गम एवं नियंत्रण के सम्पूर्ण कार्य का निर्वहन करते हैं। स0स0प0अ0 परिवहन यानों एवं गैर परिवहन यानों, दोनों से सम्बन्धित करों तथा फीस के निर्धारण एवं आरोपण के कार्य का निर्वहन करते हैं। उप सम्भागीय परिवहन कार्यालयों का सम्पूर्ण प्रशासनिक दायित्व सम्बन्धित स0प0अ0 के पास होता है।

राज्य में 114 प्रर्वतन दल हैं, प्रत्येक दल में एक स0स0प0अ0 (प्रवर्तन), एक पर्यवेक्षक एवं तीन प्रवर्तन सिपाही होते हैं। ये मुख्यालय से सम्बद्ध और जनपद स्तर पर तैनात किये गये हैं।

